


ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते




वैशाख शुक्ल पक्ष 07, संवत 2081 | रांची, बुधवार, 15 मई 2024, वर्ष-25, अंक-102, पृष्ठ-12 | मूल्य ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 73,104.61 ▲ +328.48
डॉलर 83.498 ▼ -0.008

**रांची सर्राफा**

सोना (10 ग्राम) 68,750
चांदी (1 किलो) 90,000

## आज के मैच

RAJASTHAN ROYALS VS PUNJAB KINGS

समय : 15 मई, 7:30 बजे से
स्थान : गुवाहाटी

## एक नजर

### गढ़वा : वोटिंग के दौरान लापरवाही बरतने में एक अधिकारी गिरफ्तार



**धुरकी (गढ़वा)।** लोकसभा चुनाव 2024 के मतदान के दौरान लापरवाही बरतने के आरोप में पुलिस ने मंगलवार को एक मतदान अधिकारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सेक्टर मजिस्ट्रेट के आवेदन पर तृतीय मतदान अधिकारी को गिरफ्तार किया गया है। धुरकी थाना क्षेत्र अंतर्गत सगमा प्रखंड के बूथ संख्या 367 उत्क्रमित मध्य विद्यालय सोनडीहा दक्षिण में पदस्थापित पी-3 जयनाथ चौधरी पिता बुधन चौधरी ग्राम डंडा (जिला गढ़वा) पर चुनाव कार्य के दौरान लापरवाही बरतने का आरोप है। मंगलवार को उक्त चुनाव अधिकारी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया की सेक्टर मजिस्ट्रेट सरोज कुमार से लिखित शिकायत मिली थी। वहीं सेक्टर मजिस्ट्रेट के आवेदन के आलोक में धुरकी पुलिस ने तुरंत कारवाई करते हुए मतदान पदाधिकारी को गिरफ्तार किया गया। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण का मतदान पलामू लोकसभा में सोमवार को प्रत्येक बूथ पर मतदान किया जा रहा था। वहीं मतदान पदाधिकारी द्वारा अपने कार्यों में लापरवाही बरती जा रही थी।

# वाराणसी लोस सीट से मोदी ने तीसरी बार किया नामांकन

काशी के कोतवाल बाबा काल भैरव से अनुमति-आशीर्वाद ले किया नामांकन | नामांकन में 8 सीएम सहित राजग के सभी प्रमुख नेता हुए शामिल | सहयोगियों की उपस्थिति से मैं बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं : मोदी | एनडीए राष्ट्रीय और क्षेत्रीय आकांक्षाओं को पूरा करने की प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करता है

**एजेंसी। वाराणसी**

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी लोकसभा क्षेत्र से लगातार तीसरी बार पार्टी के उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया। वाराणसी सीट पर सातवें एवं अंतिम चरण में 01 जून को मतदान होगा। मंगलवार को सातवें चरण के नामांकन का अंतिम दिन था। प्रधानमंत्री मोदी ने पुष्य नक्षत्र में कलेक्ट्रेट परिसर में जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। गंगा सप्तमी पर मां गंगा को नमन करने के बाद प्रधानमंत्री काशी के कोतवाल बाबा काल भैरव के दर पर पहुंचे, वहां उनसे अनुमति-आशीर्वाद लेकर नामांकन किया। मोदी ने सोमवार को काशी विश्वनाथ की विधिवत पूजा-अर्चना की थी। काल-भैरव मंदिर में पूजन और कलेक्ट्रेट परिसर में नामांकन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने सुबह सबसे पहले दशाश्वमेध घाट पर गंगा पूजन किया। काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के सदस्य के वेंकट रमन घनपाठी ने गंगा पूजन कराया। गंगा पूजन कराने ▶▶ शेष पृष्ठ 11 पर



### पीएम ने सोशल मीडिया पर साझा की भावनाएं

नामांकन के बाद पीएम मोदी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इससे जुड़ी तस्वीरों को साझा कर अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। पीएम मोदी ने लिखा, "काशी के मेरे परिजनों का हृदय से आभार! वाराणसी से लगातार तीसरी बार नामांकन कर बेहद उत्साहित हूं। बीते 10 वर्षों में आप सबसे जो अद्भुत स्नेह और आशीर्वाद मिला है, उसने मुझे निरंतर सेवाभाव और पूरे संकल्प के साथ काम करने के लिए प्रेरित किया है। पीएम ने नामांकन में आए सहयोगी दलों के नेताओं का आभार जताया। उन्होंने लिखा कि आज काशी में हमारे मूल्यवान एनडीए सहयोगियों की उपस्थिति से मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं। हमारा गठबंधन राष्ट्रीय प्रगति और क्षेत्रीय आकांक्षाओं को पूरा करने की प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करता है। हम आने वाले वर्षों में भारत की प्रगति के लिए मिलकर काम करेंगे।

### मौजूद रहे कई दिग्गज

प्रधानमंत्री मोदी के नामांकन के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, असम के मुख्यमंत्री हेमंता विश्व सरमा, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, छत्तीसगढ़ के विष्णु देव साय, मध्य प्रदेश के डॉ. मोहन यादव, राजस्थान के भजनलाल शर्मा, हरियाणा के नायब सिंह सैनी समेत कई प्रमुख नेता मौजूद रहे। इस दौरान राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के घटक दलों के कई प्रमुख नेता भी मौजूद रहे। इसमें शिवसेना के प्रमुख एवं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, आरपीआई(ए) के प्रमुख एवं केंद्रीय राज्यमंत्री रामदास आठवले, अपना दल (एस) की प्रमुख एवं केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल, तेलुगु देशम पार्टी के प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू, लोक जनशक्ति पार्टी के प्रमुख चिराग पासवान, जन सेना पार्टी के प्रमुख पवन कल्याण, हम के प्रमुख जीतन राम मांझी, पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री उपेंद्र कुशवाहा, राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी, निषाद पार्टी के संजय निषाद, सुभासपा के ओमप्रकाश राजभर आदि की मौजूदगी रहे।

# मंत्री आलमगीर से ईडी ने साढ़े 9 घंटे की पूछताछ

### आज फिर बुलाया मंत्री को रीजनल कार्यालय

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जमीन घोटले के बाद अब टेंडर कमीशन घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रही ईडी ने मंगलवार को ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम करीब साढ़े नौ घंटे पूछताछ की। मालूम हो कि ईडी के समन पर मंत्री मंगलवार सुबह 11 बजे ईडी के रांची स्थित जोनल कार्यालय में पहुंचे थे। वहीं, पूछताछ के बाद मंत्री आलमगीर आलम ईडी कार्यालय से निकले, उन्हें बुधवार को फिर पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

पूछताछ से पहले ईडी कार्यालय के बाहर मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि वे कानून को मानने वाले हैं, इसलिए ईडी के बुलावे पर पहुंचे हैं। उनसे जो भी सवाल पूछा जाएगा, उसका पूरी ईमानदारी से वे जवाब देंगे। उनका कहना है कि वे गलत नहीं हैं, इसलिए उन्हें कोई भय नहीं है। देर रात तक मंत्री आलमगीर ▶▶ शेष पृष्ठ 11 पर



### संजीव लाल की पत्नी से भी ईडी ने की पूछताछ

मंगलवार को संजीव लाल की पत्नी रीता लाल को भी ईडी कार्यालय में बुलाया गया था, जिनसे ईडी ने पूछताछ की है। मंत्री आलमगीर आलम व उनके निजी सचिव संजीव लाल को आमने-सामने बैठाकर भी ईडी ने पूछताछ की है। इस पूछताछ में ईडी को कई महत्वपूर्ण तथ्य मिले हैं, जिसका सत्यापन चल रहा है। ग्रामीण कार्य विभाग के पूर्व मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम की गिरफ्तारी ▶▶ शेष पृष्ठ 11 पर

# 'चोरों की नींद भी उड़ा दूंगा खजाने भी खाली कर दूंगा'

### तीसरे कार्यकाल में आतंकवाद और नक्सलवाद पर बड़ा प्रहार का लिया संकल्प

### शाही परिवार के इशारे पर सूबे के नेता और अधिकारी उगा रहे हैं नोटों के पहाड़




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने मिशन 14-0 को फलीभूत करने के लिए मंगलवार को तीसरी बार झारखंड पहुंचे। मोदी एक बार फिर भ्रष्टाचार पर प्रहार करते दिखे। उन्होंने कहा कि झारखंड के नेता नोटों के पहाड़ उगा रहे हैं। अफसर और नौकरों के यहां से पैसे निकल रहे हैं। ये जो भी करते हैं शाही परिवार के इशारे पर। ये पैसा मंत्रियों के यहां पहुंच रहा है। ये तो अभी शुरूआत है। मैं आगे और खजाने खोजने वाला हूं। चोरों को चैन से सोने नहीं दूंगा। नींद भी उड़ा दूंगा और खजाने खाली कर दूंगा। उन्होंने कहा कि मैं देश हित में काम कर रहा हूं तो झामुमो-कांग्रेस वाले डरे हुए हैं। इंडी गठबंधन के नेता ने मुझे गोली मारने की बात कही थी। ये जो गोली मारने के सपने देख रहे हैं, जरा यहां आइए ये नजारा देखिए। गोली मारने वालों ये भीड़ मेरी सुरक्षा कवच है। प्रधानमंत्री बगोदर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पेशम पंचायत के ▶▶ शेष पृष्ठ 11 पर

### अन्नपूर्णा और चंद्रप्रकाश को दिल्ली भेजिएगा

मोदी ने कहा कि काशी के लिए मैं प्रधानमंत्री नहीं, सांसद हूं। कोडरमा और गिरिडीह वालों को भी यही समझकर वोट डालना है। मोदी ही आपका सांसद है। मोदी ही आपका प्रधानमंत्री है। कोडरमा से अन्नपूर्णा देवी और गिरिडीह से चंद्रप्रकाश चौधरी दोनों को आप भारी बहुमत से जिताकर दिल्ली भेजियेगा। आपका एक-एक वोट देश में तीसरी बार मोदी की मजबूत सरकार बनायेगा। दिलीप कुमार वर्मा को भी गांडेय विधानसभा क्षेत्र से जिताना है।

# राजनीतिक बैर के कारण हेमंत को जेल में डाला : कल्पना

### गांडेय की तरह तिसरी में भी डिग्री कॉलेज की स्थापना होगी

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

कल्पना सोरेन ने मंगलवार को तिसरी प्रखंड मुख्यालय स्थित गांधी मैदान में इंडी गठबंधन की ओर से आयोजित जनसभा में फिर एक बार मोदी सरकार पर हमला बोला। कहा, झारखंड के विकास के लिए पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्र सरकार से 1 लाख 36 हजार करोड रुपए मांगने की हिम्मत की। झारखंडियों का विकास करने वाले, झारखंड के लोगों के बारे में सोचने वाले नेता को आज जेल में डाल दिया गया है। आप को वोट से इसका हिसाब चुकता करना है। उन्होंने विनोद सिंह की सराहना करते हुए कहा कि वे कोडरमा लोकसभा से कर्मठ, जुझारू और जनसेवा में आतुर उम्मीदवार हैं। जब वे विधानसभा में गरजते हैं तो अच्छे - अच्छों की छुट्टी हो जाती है। साथ ही उन्होंने कहा कि गांडेय विधानसभा क्षेत्र में महिला कॉलेज के साथ-साथ तिसरी में भी डिग्री कॉलेज की भी स्थापना होगी। राज्य सभा सांसद डॉ. सरफराज अहमद ने कहा कि कोडरमा क्षेत्र के उम्मीदवार विनोद सिंह जो कहते हैं वह करते हैं और वह कभी झूठ नहीं बोलते।

2014 में जब मोदी सरकार बनी तो वादा किया गया कि सभी के खाते में 15 लाख रुपए आएंगे और साल में 2 करोड़ नौकरीयां दी जाएगी लेकिन आज तक कोई वादा पूरा नहीं हुआ इससे आप समझ सकते हैं केंद्र की सरकार झूठा वादा करती है लिहाजा उनके झांसे में न आएं। विनोद सिंह ने कहा कि गिरिडीह जिले का सबसे सुनहरा प्रखंड तिसरी की चमक आज खो सी गई है। यहां के सांसद और विधायक ने जो वादा किया था वह अब तक पूरा नहीं किया।वहीं पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि इंडी गठबंधन की जीत सुनिश्चित है।



## आजकल




# राज्य में स्कूलों का समय बदला सुबह सात बजे से होगी पढ़ाई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने राज्य में संचालित सभी सरकारी, गैर सरकारी सहायता प्राप्त, गैर सहायता प्राप्त एवं निजी विद्यालयों में केजी से ऊपर की कक्षाएं पूर्व निर्धारित समय से संचालित किए जाने के आदेश में संशोधन किया है। अब सभी विद्यालयों में केजी से कक्षा आठ तक की कक्षाएं सुबह सात बजे से पूर्वाह्न 11:30 बजे तक तथा कक्षा नौ से ऊपर की कक्षाएं सुबह सात बजे से मध्याह्न 12:00 बजे तक संचालित की जायेंगी। यह आदेश मंगलवार को तत्काल प्रभाव से लागू होगा। इस पर विभागीय सचिव का अनुमोदन प्राप्त है। इस संबंध में राज्य सरकार के संयुक्त सचिव नन्दकिशोर लाल के आदेश से सूचना जारी की गई है। ग्रीष्मावकाश के उपरांत सभी कक्षाएं अपने पूर्व निर्धारित समय पर संचालित होंगी।



# घाटकोपर हादसा : 14 मौत, 88 घायल, 74 बचे

■ होर्डिंग के मालिक के विरुद्ध मामला दर्ज, कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने जताया दुख

### सीएम ने प्रत्येक मृतक के आश्रितों को पांच लाख व घायलों का सरकारी खर्च पर इलाज की घोषणा की

**एजेसी। मुंबई**

मुंबई के घाटकोपर इलाके में होर्डिंग हादसे में अब तक 14 हो गई है और 88 लोग घायल हैं। घटनास्थल पर मंगलवार सुबह तक फायर ब्रिगेड के जवानों ने करीब 74 लोगों को होर्डिंग के मलबे से सुरक्षित निकाला है। घायलों में 43 लोगों का राजावाड़ी अस्पताल में इलाज चल रहा है। अन्य घायलों को डिस्चार्ज किया जा चुका है। मौके पर बचाव कार्य अभी भी जारी है। मलबे में अभी भी लोगों के दबे होने की आशंका जताई जा रही है। घाटकोपर के पंतनगर पुलिस स्टेशन में इस अवैध होर्डिंग के मालिक भावेश भिड़े और इगो मीडिया कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। ▶▶ शेष पृष्ठ 11 पर



### खरगे ने की शीघ्र स्वस्थ होने की कामना

होर्डिंग गिरने की घटना से हुई मौतों पर कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने दुख जताया है। मंगलवार को एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया साझा करते हुए कहा, उस दुखद घटना से उन्हें बहुत दुख हुआ, जिसमें कई लोगों की जान चली गई। उन पीड़ितों के परिवारों के प्रति हमारी गहरी संवेदना है। हम इस घटना में घायलों के पूर्ण और शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं।

## इंडिया

# भारत के बदलते गांवों में लगातार बढ़ रही है उत्पादों की मांग



सुनील बादल

**भारत** में आज लगभग 60 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है और अपने जीवन यापन के लिए मुख्य रूप से कृषि क्षेत्र पर ही निर्भर है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार किये जा रहे विकास कार्यों के चलते इन क्षेत्रों में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत व्यय की जाने वाली राशि में अतुलनीय वृद्धि दर्ज हुई है। इससे, ग्रामीण क्षेत्रों में भी रोजगार के नए अवसर निर्मित होने लगे हैं एवं ग्रामीण क्षेत्र से शहरी क्षेत्रों की ओर पलायन कुछ कम हुआ है। विशेष रूप से कोरोना महामारी के खंडकाल में शहरों से ग्रामीण इलाकों की ओर शिफ्ट हुए नागरिकों में से अधिकतर नागरिक अब ग्रामीण क्षेत्रों में ही बस गए हैं एवं अपने विशेष कौशल का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों को प्रदान कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोग की एक नई कहानी लिखी जा रही है क्योंकि अब विभिन्न उत्पादों की मांग ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से बढ़ती दिखाई दे रही है। उपभोक्ता वस्तुओं एवं ऑटो निमार्ता कम्पनियों द्वारा प्रदान की गई जानकारी के अनुसार, भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में हाल ही के समय में उपभोग की जाने वाली विभिन्न वस्तुओं एवं दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों (ट्रैक्टर सहित) की मांग में तेजी दिखाई दे रही है, जो कि वर्ष 2023 में लगातार कम बनी रही थी। यह संभवतः रबी फसल के सफल होने के चलते भी संभव हो रहा है।उक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक ने भी हाल ही में संपन्न अपनी द्विमासिक मोनेटरी पॉलिसी की बैठक में रेपो दर में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं की है, ताकि बाजार, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के बाजार में, उत्पादों की मांग विपरीत रूप से प्रभावित नहीं हो, ताकि इससे अंततः वित्तीय वर्ष 2024-25 में देश के आर्थिक विकास की दर भी अच्छी बनी रहे। भारत में पिछले कुछ समय से ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न उत्पादों की मांग, शहरी क्षेत्रों में उपलब्ध मांग की तुलना में कम ही बनी रही है। परंतु, वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही के बाद से इसमें कुछ परिवर्तन दिखाई दिया है एवं अब ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पादों की मांग में तेजी दिखाई देने लगी है। यह तथ्य विकास के कुछ अन्य सूचकांकों से भी उभरकर सामने आ रहा है। जनवरी-फरवरी 2024 माह में दोपहिया वाहनों की बिक्री में, पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान की बिक्री की तुलना में, 30.3 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की गई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान दोपहिया वाहनों की बिक्री में 9.3 प्रतिशत की वृद्धि दर रही है, जो हाल ही के कुछ वर्षों में अधिकतम वृद्धि दर मानी जा रही है। दोपहिया वाहनों की बिक्री ग्रामीण इलाकों (लगभग 10 प्रतिशत) में शहरी इलाकों (लगभग 7 प्रतिशत) की तुलना में अधिक रही है। महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत प्रदान किए जाने वाले रोजगार के अवसरों की मांग में भी फरवरी-मार्च 2024 माह के दौरान 9.8 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है क्योंकि ग्रामीण इलाकों में निवासरत नागरिकों को रोजगार के अवसर अन्य क्षेत्रों में उपलब्ध हो रहे हैं। इसी प्रकार, ट्रैक्टर की बिक्री में भी जनवरी-फरवरी 2024 माह के दौरान 16.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारत में कुल 892,313 ट्रैक्टर की बिक्री हुई है जो पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23 की तुलना में 7.5 प्रतिशत अधिक है। भारत के मौसम विभाग द्वारा जारी की गई भविष्यवाणी के अनुसार, वर्ष 2024 के मानसून मौसम के दौरान भारत में मानसून की बारिश के सामान्य से अधिक रहने की प्रबल सम्भावना है। इससे भारत के किसानों में हर्ष व्याप्त है क्योंकि मानसून के अच्छे होने से खरीफ की फसल के भी बहुत अच्छे रहने की सम्भावना बढ़ गई है। मौसम विभाग के सोचना है कि इस वर्ष अल नीनो के स्थान पर ला नीना का प्रभाव दिखाई देगा। अल नीनों के प्रभाव में देश में बारिश कम होती है एवं ला नीना के प्रभाव में देश में बारिश अधिक होती है। साथ ही, भारतीय किसान अब तिलहन, दलहन एवं बागवानी की फसलों की ओर भी आकर्षित होने लगे हैं। दालों, वनस्पति, फलों एवं सब्जियों के अधिक उत्पादन से किसानों की आय में वृद्धि दृष्टिगोचर है। केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न खाद्य उत्पादों की बिक्री के लिए ई-पोर्टल के बनाए जाने के बाद से तो भारतीय किसान अपनी फसलों को वैश्विक स्तर पर सीधे ही बेच रहे हैं और अपने मुनाफे में वृद्धि दर्ज कर रहे हैं। भारतीय खाद्य पदार्थों की मांग अब वैश्विक स्तर पर भी होने लगी है एवं खाद्य पदार्थों के निर्यात में भी नित नए रिकार्ड बनाए जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पादों की मांग सामान्यतः अच्छे मानसून के पश्चात अच्छी फसल एवं विभिन्न सरकारों, केंद्र एवं राज्य सरकारों, द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों पर किए जा रहे खर्चों में बढ़ौतरी के चलते ही सम्भव होती है। केंद्र सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में लागू की गई विकास की विभिन्न योजनाओं पर व्यय में लगातार वर्ष दर वर्ष वृद्धि की जा रही है एवं इसके लिए केंद्रीय बजट में भी बढ़े हुए व्यय का प्रावधान प्रति वर्ष किया जा रहा है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर निर्मित हो रहे हैं एवं इन इलाकों में विभिन्न उत्पादों की मांग भी बढ़ती हुई दिखाई दे रही है।



# 13 जिला और सत्र न्यायाधीशों का हुआ स्थानांतरण-पदस्थापन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट की अनुशंसा पर 13 जिला एवं सत्र न्यायाधीशों का स्थानांतरण-पदस्थापन किया गया। मंगलवार को कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

### कौन कहां गए

- जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सह विशेष न्यायाधीश एमपी-एमएलए, दुमका के लक्ष्मण प्रसाद को अगले आदेश तक जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सह विशेष न्यायाधीश एंटी करप्शन ब्यूरो, चाईबासा के पद पर नियुक्त किया गया।
- जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, बोकारो योगेश कुमार सिंह को अपर न्याय आयुक्त सह विशेष न्यायाधीश एंटी करप्शन ब्यूरो, रांची के पद पर नियुक्त किया गया।
- अपीलीय न्यायाधिकरण आरआरडीए, रांची रमेश कुमार को पीठासीन पदाधिकारी श्रम न्यायालय, जमशेदपुर के पद पर नियुक्त किया गया।
- राकेश कुमार को पाकुड़ से स्थानांतरित करते हुए जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश का विशेष न्यायाधीश सीबीआई, धनबाद के पद पर नियुक्त किया गया।
- पॉस्को एक्ट डाल्टनगंज के विशेष न्यायाधीश प्रेम नाथ पांडे को अगले आदेश तक प्रधान न्यायाधीश अतिरिक्त कुटुंब न्यायालय, बोकारो बेरमो तेनुघाट के पद पर पदस्थापित किया गया।
- जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, गढ़वा संजीव कुमार सिंह को प्रधान न्यायाधीश अतिरिक्त कुटुंब न्यायालय, साहिबगंज के पद पर नियुक्त किया गया।
- पॉस्को एक्ट लातेहार के विशेष न्यायाधीश अमित कुमार को अपर प्रधान न्यायाधीश के अतिरिक्त कुटुंब न्यायालय, गिरिडीह के पद पर नियुक्त किया गया।
- रंजीत कुमार को विशेष सचिव मंत्रिमंडल निगरानी विभाग, रांची के पद पर नियुक्त किया गया।
- वीरेंद्र कुमार तिवारी को विधि सलाहकार के रूप में ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के लिए सेवा ऊर्जा विभाग को दी गयी।
- राजीव रंजन को विशेष न्यायाधीश, देवघर के पद पर नियुक्त किया गया।
- प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय, पाकुड़ को जिला एवं सत्र न्यायाधीश, पाकुड़ एवं सरायकेला-खरसावां के पद की शक्ति दी गयी।

## एक नजर

### साहिबगंज में जांच के दौरान बाइक सवार के पास से दो लाख नकदी बरामद

**साहिबगंज।** जिले के पडेरबथान चेकनाका पर मंगलवार को पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान बाइक सवार के पास से दो लाख से अधिक की नकदी बरामद की है। साक्ष्य नहीं दिखा पाने पर धनराशि को जब्त कर लिया गया। बताया जाता है कि बरहेट थाना क्षेत्र स्थित पडेरबथान चेक नाका पोस्ट पर वाहन जांच की जा रही थी। इसी दौरान एक बाईक को रोककर पूछताछ की तो युवक पास से 2,02,100 नकदी मिले। मौजूद टीम ने युवक से रुपये के बारे में पूछताछ की लेकिन वह साक्ष्य नहीं दिखा पाया। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से साइकिल सवार की मौत

**दुमका।** हंसडीहा थाना क्षेत्र में एनएच-133 पर गंगवारा गांव के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक अधेड़ की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान पोड़ैयाहाट थाना क्षेत्र के कस्तूरी गांव निवासी तारणी यादव के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार तारणी यादव हर रोज की तरह मंगलवार को भी साईकिल से दूध बेचने हंसडीहा जा रहे थे। इसी बीच जैसे ही वे गंगवारा गांव के समीप पहुंचे की किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें बेरहमी से कुचल दिया, जिससे घटना स्थल पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। साथ ही साईकिल के परखच्चे उड़ गए। वहीं घटना की सूचना पर हंसडीहा थाना के एसआई कामेश्वर सिंह, अमर कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच शव को पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया। इधर घटना की सूचना जैसे ही मृतक के गांव पहुंची गांव के सभी लोग इकट्ठा होकर गंगवारा पहुँच मुआवजे की मांग को लेकर एनएच-133 को जाम कर दिया। पुलिस प्रसाशन द्वारा काफी समझाने के बाद भी लोग नहीं माने।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने हेसालौंग में डोर टू डोर किया जनसंपर्क

**गिद्दी।** भाजपा और आजसू कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को हेसालौंग पंचायत के हेसालौंग गांव और दोतल्ला कॉलोनी डोर टू डोर जनसंपर्क किया। भाजपा और आजसू कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क के दौरान घर घर जाकर मतदाताओं से मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यो के बारे में बताया। साथ ही हजारीबाग लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल को कमल फूल छाप में वोट देकर भारी मतो से जीत दिलाने और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील किया। जनसंपर्क करने में पुरुषोत्तम पांडेय, राजदीप प्रसाद, नंदकिशोर साहू, खेमलाल यादव, विनय प्रसाद, शिवनंदन गोप, हीरालाल साहू, सुदामा प्रसाद, तापेश्वर साहू, वीरमोहन साहू, नेहा कुमारी, नम्रता कुमारी, आनंद मंगल, रितिक कुमार, प्रकाश महतो, छोटेलाल बेदिया, प्रकाश नायक, संतोष भुइयां, अमर कालिंदी, अनिल साव, सुमन कुमारी, सुजल मिश्रा, यागेंद्र मुंडा, सागर कुमार आदि शामिल थे।

**रांची लोकसभा क्षेत्र में चुनाव की तैयारियों पर प्रेक्षकों ने जताई संतुष्टि**

# आयोग से मिले दिशा-निर्देश का पालन अवश्य करें पदाधिकारी : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची लोकसभा क्षेत्र के लिए 25 मई को मतदान होना है। मतदान से संबंधित तैयारियों को लेकर सामान्य प्रेक्षक डीएस रमेश, पुलिस प्रेक्षक डॉ. जालिंदर डी सुपेकर एवं व्यय प्रेक्षक विरेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय में समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में निर्वाची पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने पीपीटी के माध्यम से मतदान को लेकर की जा रही तैयारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। कार्मिक, वाहन, एमसीसी सी-विजिल, एमसीएमसी, सामग्री एवं अन्य कोषांगों के जरिये संपादित कराए जा रहे कार्यो के बारे में प्रेक्षकों को अवगत कराया। पोस्टल बैलट के जरिये मतदान से संबंधित तैयारी और व्यवस्था के बारे में भी प्रेक्षकों ने जानकारी ली। पोलिंग पार्टियों के डिस्पैच के संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मोरहाबादी मैदान में कोषांग क्रियाशील है, जहां सेक्टर मजिस्ट्रेट, पोलिंग पार्टियों के लिए रूट टैगिंग के साथ वाहनों की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। बैठक के दौरान रांची संसदीय क्षेत्र तहत सभी बूथों पर सुरक्षा मानकों के संबंध में भी चर्चा की गयी। सभी प्रेक्षकों ने संसदीय क्षेत्र में मतदान की तैयारियों की जानकारी लेने के बाद संतुष्टि जाहिर की। साथ ही कई दिशा-निर्देश भी दिए। निर्वाची पदाधिकारी ने उम्मीद जतायी कि प्रेक्षकों के जरिये जो भी चुनाव आयोग द्वारा दिशा-निर्देश दिए गए हैं, उनका पालन सुनिश्चित करते हुए जिला के सभी अधिकारियों द्वारा रांची संसदीय क्षेत्र में स्वच्छ एवं शांतिपूर्वक मतदान संपन्न कराया जाएगा। बैठक में एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा, पुलिस अधीक्षक नगर राजकुमार मेहता, ग्रामीण एसपी सहित सभी संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सहायक निवार्ची पदाधिकारी और लोकसभा चुनाव के सफल संपादन के लिए जिला स्तर पर गठित विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारी एवं प्रभारी पदाधिकारी उपस्थित थे।

# संत जगत ज्ञान महर्षि मेंहि पब्लिक स्कूल का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
बेडो.प्रखंड के पुरियो स्थित संत जगत ज्ञान महर्षि मेंहि पब्लिक स्कूल के स्कूली छात्र-छात्राओं ने केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (उइरए) के 10वीं तथा 12वीं बोर्ड की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। इस वर्ष संत जगत ज्ञान महर्षि मेंहि पब्लिक स्कूल, पूरियो, बेड़ो, रांची का परिणाम शत प्रतिशत रहा। 12 वीं में विद्यालय के छात्र गुलाम दस्तगीर ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए तथा विद्यालय के टापर बने। उन्होंने फिजिक्स में 95 अंक, बायोलॉजी में 95 अंक, केमिस्ट्री में 97 अंक, पीएचई में 92 अंक तथा इंग्लिश में 92 अंक प्राप्त किया। अन्य विद्यार्थियों में अभिनव आर्या 89%, ममता रानी 84%, आकर्ष कुमार 84%, आकांक्षा कुमारी 83%, गौरी जालान 82%, कुमार सत्यम 81%, तन्वी रानी 80%, अदिति कुमारी 80%, अंक प्राप्त किए ।वहीं 10 वीं में स्वर्णदीप उरांव 92.8% अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया। निशांत कुमार वाग 92%, एंजल उरांव 91.2%, मनीष उरांव 89%, रमन गुप्ता 88.4%, यशकांत कुमार 85.2%, हसीबा अंजुम 84.8%, स्वेता कुमारी 84.6% अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। परीक्षा के शत प्रतिशत परिणाम को देखते हुए विद्यालय के प्राचार्य श्री संदीप राज जी ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। विद्यालय के निर्देशक डॉ पंकज राज जी ने कहा कि हमारा विद्यालय ग्रामीण क्षेत्र में होने के बावजूद शिक्षा के क्षेत्र में नीत प्रतिदिन विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने अभिभावकों को विद्यालय पर विश्वास जताने के लिए उनका धन्यवाद ज्ञापन भी किया और कहा कि आप हम पर इसी प्रकार विश्वास बनाए रखें और हम आप सभी के बच्चों के मन में इसी प्रकार शिक्षा का ज्योत जलाते हुए सर्वोच्च परिणाम देते रहेंगे। उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों का भी आभार जताया जिनके अथक परिश्रम से विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा।

### झामुमो ने जेपी पटेल के पक्ष में मांगा वोट

**भुरकुंडा।** इंडिया गठबंधन के साझा उम्मीदवार जयप्रकाश भाई पटेल के पक्ष में मंगलवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भदानीनगर के चिकोर गांव में अभियान चलाया। इसका नेतृत्व झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया कर रहे थे। समुंदर टोला में ग्रामीणों के साथ आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए संजीव बेदिया ने कहा जेपी पटेल भूमिपुत्र हैं। वो मजदूर, किसान और नौजवानों का दर्द समझते हैं। यही वजह है पूरे पतरातू प्रखंड में जेपी पटेल की लहर है। हर वर्ग के लोगों का समर्थन उन्हे मिल रहा है। इसलिए वे रिकॉर्ड मतों से चुनाव जीत कर नया इतिहास बनाएंगे। यहां बैठक की अध्यक्षा मलवीर बेदिया और संचालन उदय अग्रवाल ने किया। इसमें हरिलाल बेदिया, प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र बेदिया, संजय वर्मा, द्वारिका बेदिया, रामलखन मुंडा, मुनेश्वर बेदिया, सुरेश रजवार, करम देव मुंडा, इम्तियाज अंसारी, सिद्दिकी अंसारी, संतोष बेदिया, बिरेंद्र, तपेश, मुकेश राउत, अशोक, सुरेश गंझू, सोहराय, जागो, दशरथ, चंद्रदेव आदि शामिल हुए।

**एनटीपीसी को पत्र देगा झारखंड प्रदूषण नियंत्रण पर्षद**

# फ्लाई ऐश का करें सुरक्षित परिवहन



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
खलारी से होकर सड़क मार्ग से हो रहे फ्लाई ऐश परिवहन को लेकर झारखंड प्रदूषण नियंत्रण पर्षद एनटीपीसी टंडवा को पत्र देगा। पिछले दिनों छपी खबर के बाद झारखंड प्रदूषण नियंत्रण पर्षद की टीम सच्चाई का पता लगाने खलारी पहुंची। जेपीसीबी के अधिकारी खलारी के मुख्य बाजार केडी रोड के कई दुकानदारों से फ्लाई ऐश परिवहन से हो रहे प्रदषण के बारे में जानकारी लिए। मालूम हो कि गैर सरकारी संस्था खलारी डेवलपमेंट फोरम के सचिव राहुल राठौर ने छपी खबरों की प्रति लगाते हुए केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, नई दिल्ली को ई मेल के जरिए पत्र भेजकर फ्लाई ऐश परिवहन से हो रहे प्रदषण को संज्ञान में लाया था। इसके बाद सीपीसीबी ने झारखंड प्रदूषण नियंत्रण पर्षद को निर्देशित किया। इसी के आलोक में जेपीसीबी की टीम खलारी पहुंची थी। केडी बाजार के व्यवसायी सशील अग्रवाल, शत्रुंजय सिंह, शंकर सिंह, राकेश सिंह छोटू आदि ने जेपीसीबी के अधिकारियों को हालात से अवगत कराया। जेपीसीबी की टीम केडी-डकरा मार्ग का निरीक्षण भी की। इस दौरान उन्हें जगह जगह सड़क किनारे फ्लाई ऐश गिरा मिला। हालांकि बारिश के बारण सड़क धुल गया था। जेपीसीबी के अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि एनटीपीसी टंडवा प्रबंधन को पत्र देकर फ्लाई ऐश का सुरक्षित परिवहन सुनिश्चित करने कहा जाएगा। स्थानीय लोगों ने टीम को खलारी के अन्य प्रदूषण से भी अवगत कराया। जेपीसीबी की टीम में अमित कुमार, अनिल सक्सेना, गीता एक्का ने प्रदूषण का निरीक्षण किया।

### भाजपा और आजसू की ओर से चलाया गया जनसंपर्क अभियान

**पतरातू।** पीटीपीएस कॉलोनी क्षेत्र में मंगलवार को भाजपा और आजसू की ओर से एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान कार्यकताओं ने अबकी बार 400 पार, फिर से मोदी सरकार के नारे लगाए। साथ ही कहा कि मजबूत राष्ट्र एवं विकसित भारत के लिए संकल्प को सफलतापूर्वक सार्थक प्रयास करने वाले भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुनः 2024 में फिर से भारत के प्रधानमंत्री के सम्मानित पद पर आसीन करना है। हजारीबाग से एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल को विजयी बनाना है। इसके लिए भाजपा और आजसू के कार्यकताओं ने कमर कस लिया है। इसी कर्म में शाह कॉलोनी पंचायत में जन जागरण अभियान के तहत मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें मुख्य रूप से आजसू पार्टी के केंद्रीय सद्स्य सह पूर्व मुखिया राजू कुमार, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष रंजन भगत, वर्तमान मुखिया सह पंचायत सचिव अजीत कुमार, पंचायत अध्यक्ष संजय कुमार सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

# डबल मर्डर केस में राजा चौधरी को अदालत ने दोषी करार दिया

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
भुरकुंडा डबल मर्डर केस से अदालत में पर्दा उठा दिया है। भुरकुंडा ओपी के सेंट्रल सौंदा बी टाइप क्वार्टर में 3 वर्ष पहले सहारा एक के एजेंट कमलेश नारायण शर्मा और उनकी पत्नी चंचला देवी की हत्या मामले में राजा चौधरी नामक अपराधी को अदालत ने दोषी कर दिया है। धारा 302 के तहत उसे सजा सुनाई जाएगी। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक दुबे की अदालत ने यह पतरातु (भुरकुंडा) थाना कांड 184/21 में यह फैसला सुनाया है। मंगलवार को लोक अभियोजक परमानंद यादव ने बताया कि 16 अक्टूबर 2021 को भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के सेंट्रल सौंदा बी टाइप क्वार्टर में सहारा के एजेंट और कांग्रेसी नेता कमलेश नारायण शर्मा और उनकी पत्नी चंचला देवी पर अपराधियों ने घर में घुसकर जानलेवा हमला किया था। इस वारदात में कमलेश नारायण शर्मा की घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी। उनकी पत्नी चंचला देवी ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ा था। इस मामले में कमलेश नारायण शर्मा के छोटे भाई जयेन्द्र कुमार शर्मा के बयान पर प्राथमिक के दर्ज की गई थी। जांच के दौरान पुलिस ने चार अपराधियों को इस मामले में अभियुक्त बनाया। जिसमें सायल निवासी राजा चौधरी, विजय चौधरी, राहुल चौधरी और राम अचल शामिल थे। ट्रायल के दौरान राहुल चौधरी की मौत हो गई। साक्ष्य के अभाव में विजय चौधरी और राम अचल को अदालत ने बरी कर दिया। आठ गवाहों और पुलिस की जांच के आधार पर राजा चौधरी को दोषी करार दिया गया है। 24 मई को सजा के बिंदु पर सुनवाई होगी और सजा सुनाई जाएगी।

**वोटर अवेयरनेस के लिए व्यवसायी ने बंटवाया पंपलेट, पूर्व विधायक ने जताई आपत्ति**

# डीसी ने कहा, अवेयरनेस के लिए किया गया काम एमसीसी का उल्लंघन नहीं



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रामगढ़ शहर में मतदाता जागरूकता के लिए एक व्यवसाई ने अपने संस्थान के प्रचार के साथ एक निमंत्रण कार्ड पूरे जिले में बंटवा दिया। उसकी इस महल पर पूर्व विधायक शंकर चौधरी ने आपत्ति जताई। उन्होंने मंगलवार को बकायदा प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाया और कहा कि निमंत्रण कार्ड को छपवा कर जिले के तमाम अखबारों की सहायता से बंटवाया गया है, उसपर निवेदक जिला निर्वाचन पदाधिकारी और दर्शनाभिलाषी में जिला पीठासित पदाधिकारी अंकित किया गया है। साथ ही बागड़िया सबसे बढ़िया लिखकर व्यवसाई ने अपने संस्थान का प्रचार भी कर दिया है। उन्होंने कहा है कि उस पंपलेट को किस व्यक्ति ने प्रकाशित करवाया, कितनी मात्रा में प्रकाशित करवाया, और किसके आदेश पर प्रकाशित करवाया यह उसमें कहीं भी अंकित नहीं है। उन्होंने इस मामले में डीसी को एक पत्र भी लिखा है और इस मामले में कार्रवाई करने की मांग की है। पूर्व विधायक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस किया तो डीसी चंदन कुमार ने भी बड़ी शालीनता से इस पूरे मामले को हैंडल किया। उन्होंने कहा कि मतदाता जागरूकता के लिए चलाया जाने वाला अभियान कहीं से भी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन नहीं है। हर व्यक्ति और संस्थान की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि वह मतदाताओं को जागरूक करें और मतदान प्रतिशत बढ़ाने में अपना योगदान दें।

**रांची विवि के कुलपति की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता कैंडल मार्च आयोजित**

# आपका वोट, आपकी आवाज है : डॉ सिन्हा




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान (2.0) के अंतर्गत मंगलवार को आरयू के शहीद चौक स्थित विश्वविद्यालय मुख्यालय परिसर से कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलपति डॉ सिन्हा ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में सबका वोट सभी की आवाज है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में 'चुनाव का पर्व, देश का गर्व' मुहिम जमीनी स्तर पर चलाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य है कि सभी लोग अपने मताधिकार का निश्चित प्रयोग करें और मतदान प्रतिशत बढ़ाने में अपना संपूर्ण सहयोग करें। उन्होंने कहा कि पांच वर्षों में ऐसा अवसर प्राप्त होता है। सभी लोग इसकी ताकत समझकर अपने वोट से नई सरकार का चुनाव करें एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूती प्रदान करें। विश्वविद्यालय मुख्यालय से मतदाता जागरूकता कैंडल मार्च को कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा, संकायाध्यक्ष, छात्र कल्याण डॉ सुदेश कुमार साहू, कुलसचिव डॉ बिनोद नारायण, परीक्षा नियंत्रक डॉ आशीष कुमार झा, उप कुलसचिव डॉ प्रीतम कुमार, पीआईओ डॉ धीरेंद्र त्रिपाठी, एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार ने संयुक्त रूप से रवाना किया। विश्वविद्यालय मुख्यालय से कैंडल मार्च प्रारंभ होकर स्टेट लाइब्रेरी, एल्बर्ट एक्का चौक, सर्जना चौक, शहीद चौक होते हुए पुनः विश्वविद्यालय मुख्यालय में समाप्त हो गया। कार्यक्रम में एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ पूनम सहाय, डॉ किशोर सुरीन, डॉ तारकेश्वर सिंह मुंडा, निदेशक आईएलएस डॉ एसएन मिश्रा, लीगल इंचार्ज डॉ बीआर झा, राष्ट्रपति अवार्डी फलक फातिमा विशेष रूप से उपस्थित रहे। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में एनएसएस के टीम लीडर्स दिवाकर, सुरभि, अंकित, रीकेश, नवीन, पुरुषोत्तम, क्षणिका, लवली, प्रियांशी, तनिष्क, अंगिता, ऋषि, संकल्प आदि का उल्लेखनीय योगदान रहा।

### सुशील मोदी के निधन पर मारवाड़ी प्रतिभा सम्मान मंच ने शोक प्रकट किया

**रामगढ़।** मारवाड़ी प्रतिभा सम्मान मंच के सदस्यों ने बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी के आकस्मिक निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की है। साथ ही श्रद्धांजलि अर्पित की है। मारवाड़ी प्रतिभा सम्मान मंच के संस्थापक अध्यक्ष सुरेश पी अग्रवाल ने बताया कि सुशील कुमार मोदी 1996 में तत्कालीन भाजपा विधायक शंकर चौधरी के निमंत्रण पर कस्तूरबा इंटर महिला महाविद्यालय के एक कार्यक्रम में शामिल होने रामगढ़ आए थे। उस समय उनसे मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। वे एक संवेदनशील, मिलनसार, अद्भुत तथा गजब की राजनीतिक सामाजिक तथा आर्थिक समझ रखने वाले व्यक्ति थे। उनके निधन से अपूरणीय क्षति हुई है। शोक संवेदना प्रकट करने वालों में अध्यक्ष डॉ एके बेरलिया, उपाध्यक्ष गोविंद लाल अग्रवाल, मानद सचिव प्रभात कुमार अग्रवाल, संयुक्त सचिव उमेश राजगढ़िया, कोषाध्यक्ष अनिल मित्तल, कार्यकारिणी सदस्य श्याम सुंदर परसरामपुरिया, माणिक चंद जैन, आनन्द चौधरी, सुरेश बगडिया, सुरेश बौंदिया, रवि कुमार चौधरी आदि शामिल हैं।

# लोस चुनाव झामुमो के भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाने का चुनाव : कौशिक



**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**
छत्तीसगढ़ के भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने झारखंड में चुनावी कमान संभाल ली है। इसी क्रम में मंगलवार को जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र चुनाव कार्यालय में परिचयात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में छत्तीसगढ़ के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष तथा बिल्हा से वरिष्ठ भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक की उपस्थिति में चुनाव प्रचार की कार्ययोजना तैयार की गई। इस दौरान कौशिक ने भाजपा पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं से जमशेदपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो को विजयी बनाने के लिए अथक परिश्रम व जनसंपर्क का आह्वान किया। साथ ही कहा कि यह विधानसभा और लोकसभा चुनाव झामुमो के भ्रष्टाचार और परिवारवाद से मुक्ति दिलाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या होगा कि एक राज्य का मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार के मामले में जेल में बंद है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, जमशेदपुर लोकसभा संयोजक नंदजी प्रसाद, सह संयोजक लक्षण टूडू, सह संयोजक राजकुमार श्रीवास्तव, जमशेदपुर महानगर जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## न्यूज | बॉक्स

### बरही विधानसभा क्षेत्र के दो और नए बूथ का हुआ स्थान परिवर्तन



**बरही।** मतदाताओं के असुविधाओं को देखते हुए चुनाव आयोग ने बरही विधानसभा के दो और बूथ का स्थान परिवर्तन किया है. इस संबंध में अनुमंडल निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडलाधिकारी जोहन टुडू ने पत्र जारी कर संबंधित अधिकारियों और कर्मियों को विशेष प्रचार प्रसार का निर्देश दिया है. जारी पत्र के अनुसार बरही-21 विधान सभा के चौपारण प्रखंड अंतर्गत 06 मवि ढोंढिया और 67 प्राथमिक विद्यालय पत्थलगढ्ढा को रियलोकेट किया गया है. इसके तहत अब उक्त बूथ संख्या के मतदाता नए रिलोकेटेड बूथ पर है मतदान करेंगे. निदेर्शानुसार 06 मवि ढोंढिया का बूथ मध्य विद्यालय सोहरा और 67 प्राथमिक विद्यालय पत्थलगढ्ढा के बूथ को उत्क्रमित मध्य विद्यालय सियारकोनी स्थानांतरित किया गया है. इस आदेश से बूथ संख्या 67 के 549 और 06 के 314 मतदाताओ को सहुलित होगी.

### महेश्वर साहू के अंतिम संस्कार में शामिल हुए डॉ परमेश्वर भगत



**लापुंग।** प्रखंड अंतर्गत महुगांव निवासी महेश्वर साहू का आकस्मिक निधन की खबर सुनते ही पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत उनके अन्तिम संस्कार में शामिल होने उनके पैतृक गांव महुगांव पहुंचे और अंतिम क्रियाकरम में शामिल हुए। डॉ परमेश्वर भगत ने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया और हर सुख दुःख में साथ देने का भरोसा दिलाया। मौके पर वीरेन्द्र साहू, शंकर साहू एवं अनेको लोग उपस्थित थे।

### बेरोजगारी और महंगाई जैसे मुद्दे प्रधानमंत्री के शब्दकोश से गायब : राजेश ठाकुर



**रांची।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने प्रधानमंत्री के झारखंड दौरे पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का झारखंड में यह चौथा चुनावी सभा मंगलवार को गिरिडीह में हुआ। गिरिडीह की जनता ने पूरी तरह से प्रधानमंत्री की सभा को नकारने का काम किया। प्रधानमंत्री ने कई बातें अपनी चुनावी सभा में कही लेकिन मुद्दे की बात हर बार की तरह इस बार भी प्रधानमंत्री के शब्दकोश से गायब रहे। बेरोजगारी और महंगाई से पूरे देश की जनता परेशान हैं। लोग अपना घर नहीं चला पा रहे है। लाखो पद खाली हैं। करोड़ो युवा रोजगार की आश में घुम रहे हैं। ठाकुर ने पूछा कि 2014 में हुई विधानसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री ने अपने प्रचार अभियान में राज्य में आईआईटी संस्थान और इंजीनियरिंग कॉलेज खोलने का वादा किया था लेकिन प्रधानमंत्री ये वादा भूल गए।

### धरमजयगढ़ के पुरुंगा सिथरा मार्ग में निकला 14 हाथियों का दल



**रांची/ रायगढ़।** धरमजयगढ़ वनमण्डल क्षेत्र कुल मिलाकर हाथी प्रभावित व हाथी रहवास क्षेत्र में तब्दील हो गया है ।इस बात से अब नकारा नही जा सकता है ,यह बात हाथियों की लगातार यहाँ मौजूदगी से स्पष्ठ हो गया है। इसी बात का प्रभावित क्षेत्रवासियों में चिंता है। जानकारी के आनुसार मंगलवार शाम करीब 6:30 बजे छाल रेंज के पुरुंगा से सिथरा मार्ग में 14 हाथियों की चहलकदमी की खबर ग्रामीण समेत विभाग को हुई। उसके बाद विभाग चौकन्ना हो गया और संबंधित मुख्य सड़क में तंबू डंडा लेकर तैनात हो गए ताकि हाथी से किसी भी तरह की अप्रिय घटना सामने न आए ।जब हाथियों का दल वहाँ से आगे निकल गया उसके बाद लोगों को वहां से आने जाने की इजाजत दी गई । बहरहाल क्षेत्र में हाथियों की आमदरफ्त थमने का नाम नहीं ले रहा है ऐसे में विभाग हर एक एंगल पर हाथी व इंसानी सुरक्षा को लेकर हर सम्भव प्लान कर रही है ।हाथी से आमजन की सुरक्षा विभाग की पहली प्राथमिकता है, साथ ही वन्य प्राणी की सुरक्षा भी बेहद महत्पूर्ण है ऐसे में दोनों को बराबर का महत्व देते हुए विभाग द्वारा सुगम उपाय करने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

### सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी आज रांची और जमशेदपुर के कार्यक्रमों में लेंगे हिस्सा



**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सदस्य लक्ष्मीकांत वाजपेयी बुधवार को रांची और जमशेदपुर के कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। वे दोपहर 12:00 बजे सरायकेला खरसावां जिले के ईचागढ़ विधानसभा के नीमडीह, रघुनाथपुर के ब्लॉक ऑफिस के सामने महिला लाभार्थी सम्मेलन में भाग लेंगे। वाजपेयी 2:30 बजे से ईचागढ़ विधानसभा की बैठक में शामिल होंगे। बैठक पूर्व विधायक स्वर्गीय साधु चरण महतो के आवास स्थित विधानसभा चुनाव कार्यालय में होगी। इस दौरान लोकसभा क्षेत्र प्रभारी बालमुकुंद सहाय, प्रत्याशी संजय सेठ, सरायकेला-खरसावां जिला अध्यक्ष उदय सिंह, विधानसभा क्षेत्र प्रभारी दिनेश कुमार भी मौजूद रहेंगे। वाजपेयी जमशेदपुर पूर्वी, जमशेदपुर पश्चिमी, पोटका एवं जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र की संयुक्त बैठक में शाम पांच बजे से शामिल होंगे। बैठक का आयोजन जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित चैंबर भवन में किया गया है। इस दौरान लोकसभा क्षेत्र प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा, महानगर जिला अध्यक्ष सुधांशु ओझा, जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र प्रभारी कमल किशोर, पोटका विधानसभा क्षेत्र प्रभारी बारी मुर्मू मौजूद रहेंगे।

# दो वर्षों से बिछी है पाइपलाइन, पर पानी की सप्लाई आज तक नहीं

**अमित कुमार । रांची**

लोकसभा चुनाव की गरमी के बीच मौसम भी गर्म है। हल्की बारिश हुई, लेकिन वैशाख में धरती की तपिश कम नहीं हो पाई है। भारी गर्मी में रांची के कई वार्ड के लोग पानी की समस्या से भी जूझ रहे हैं। राजधानी के कई क्षेत्र ऐसे हैं, जहां करीब दो वर्ष पहले ही पाइपलाइन बिछी थी, लेकिन आज भी वहां पानी की सप्लाई शुरू नहीं हो पाई है। कई जगहों पर कुछ घरों को पानी तो मिलता है, पर अन्य कई घरों में पानी नहीं पहुंचता है।

**खोरहाटोली में दो साल में नहीं पहुंचा है पानी :** कोकर स्थित खोरहाटोली से आगे बढ़ने पर आनंद नगर तथा महावीर नगर, आदर्श नगर सहित कई इलाकों में रांची नगर निगम तथा जुडको ने पाइपलाइन बिछाने का काम पूरा कर दिया है। लेकिन, वहां के सभी घरों में पिछले दो सालों से पानी नहीं पहुंचा है। खोरहाटाली में पानी की सप्लाई हो रही है, लेकिन नदी पार करते ही चढ़ान शुरू हो जाता है और ऐसे में पानी का प्रवाह ऊपर की ओर होने से किसी भी घर में पानी नहीं मिल पा रहा है। वहां के सभी घरों में पानी का कनेक्शन दिया गया था, लेकिन उपयोग में नहीं आने से वे सब टूट गए हैं।

### रातू रोड क्षेत्र में दो दिनों से कर रहे पानी का इंतजार




माउंट मोटर गली स्थित बढ़ई मोहल्ला, आर्यपुरी, इंद्रपुरी, अल्कापुरी सहित कई क्षेत्रों में पाइपलाइन से पानी आता है। लेकिन, पिछले दो दिनों से यहां सप्लाई का पानी नहीं आने से लोग परेशान हैं। सभी घरों में पानी की टंकी खाली पड़ी हुई है। कई घरों में पानी ठीक आता है, लेकिन उसके बाद वाले घरों में पानी की मात्रा कम हो जाती है। और, अंतिम हिस्से में रहने वालों को कुछ भी पानी नसीब नहीं होता है।

पानी का सारा कार्यभार जुडको को सौंपने की तैयारी हो गई है। रुक्का का पानी अधिकांश क्षेत्रों में भेजा जा रहा है। वहां पावट कट होने से पानी की सप्लाई बाधित हो जाती है। मोटर लगा कर पानी खींचना गैर कानूनी है। पकड़े जाने पर सजा हो सकती है।

आशुतोष कुमार, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, रांची।

### कहते हैं आम लोग



कोकर में नल जल योजना के तहत पाइप को सभी घरों से जोड़ दिया गया है। दो साल होने को है, लेकिन पानी आज तक नहीं पहुंचा है। वोट मांगने आने पर बताएंगे नेता सब को।

- राम लाल विश्वकर्मा, कोकर, रांची।




झारखंड के बने हुए 24 साल हो गए हैं और खोरहाटोली के 80 प्रतिशत घरों में पानी की सप्लाई नहीं है। ऐसे में किस नेता पर विश्वास करें, कि वह काम करेगा।

- सुरेंद्र प्रसाद, खोरहाटोली, रांची।



आर्यपुरी में पानी की समस्या गंभीर है। पिछले दो दिनों से पानी नहीं आया है। टंकी खाली पड़ी हुई है। पानी के लिए काफी दूर टंकी से पानी भर कर लाना पड़ रहा है।

- साधना देवी, आर्यपुरी, रांची।



रातू रोड में सलाई पानी का फोर्स काफी कम होने से घर तक पानी नहीं पहुंच रहा है। ऐसे में किसी तरह सूख चुके कुएं में जब पानी जमा होता है, उसका उपयोग करते हैं।

- भेलानाथ गुप्ता, रातू रोड, रांची।

## एक नजर

### भाजपा नेता सुशील मोदी के निधन पर झारखंड में भी शोक

**रांची।** बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता सुशील मोदी के निधन पर प्रदेश भाजपा ने मंगलवार को शोक जताया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि दुखद सूचना से मन अत्यंत व्यथित है। देश एवं समाज सेवा में जीवनपर्यंत समर्पित रहने वाले सुशील मोदी का निधन पार्टी एवं राजनीतिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिजनों को इस अपार दुख को सहने की शक्ति दें। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री व पूर्व राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी के निधन की दुखद सूचना मिली। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। प्रभु श्री राम दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान और परिजनों को यह अथाह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी के निधन की दुखद खबर मिली। यह पार्टी के लिए अपूर्णीय क्षति है। भगवान उन्हें अपने श्रीचरणों में जगह दें। पार्टी के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री के निधन की खबर से मन व्यथित है।

### जेपी विचार मंच ने सुशील मोदी के निधन पर जताया शोक

**रांची।** जेपी विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष सतेन्द्र कुमार मल्लिक की अध्यक्षता में मंगलवार को बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी के निधन पर शोक सभा आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। सुशील मोदी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रचलित कर उपस्थित सभी लोगों ने उन्हें पुष्पांजलि देकर श्रद्धा सुमन अर्पित की।शोक सभा में मुख्य रूप में आईएसएम पुंदाग के निर्देशक आरके वर्मा , भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता प्रेम मित्तल,जेपी विचार मंच के प्रदेश प्रवक्ता शैलेश कुमार सिन्हा,किशलय किशोर, विजय लाल दास, अंजु सिंह, जुली चौधरी, प्रिया देवी पूनम मल्लिक प्रतिमा सिन्हा सोनम मल्लिक संघ मित्रा सहाय, सतीश साहू , यतेंद्र लाल दास, शशांक शेखर सहाय, राकेश महतो , रीतेश महतो सहित अन्य मौजूद थे।

### आईएमए और झासा की बैठक में लंबित मांगों पर हुई चर्चा

# डॉक्टरों का 5 करोड़ का बीमा हो : आईएमए

*लंबित मांगें पूरी नहीं हुईं, तो चुनाव बाद संगठन ठोस निर्णय लेने के लिए मजबूर होगा*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के झारखंड चैप्टर और झारखंड राज्य स्वास्थ्य सेवा संघ (झासा) की राज्य इकाई की महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को करमटोली स्थित आईएमए भवन में हुई। बैठक में चिकित्सकों ने 15 लंबित मांगों पर गहन चर्चा की। बैठक में चिकित्सकों ने सर्वसम्मति से डॉक्टरों के लिए पांच करोड़ रुपये बीमा की मांग की। उन्होंने कहा कि स्थायी विकलांगता या मृत्यु की स्थिति में न्यूनतम पांच करोड़ का स्वास्थ्य बीमा हो। बैठक में आईएमए झारखंड चैप्टर के अध्यक्ष डॉक्टर एके सिंह ने कहा कि देश के 23 राज्यों में मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लागू है। झारखंड राज्य में मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट 23 मार्च, 2023 को ही कैबिनेट से पारित हुआ। विधानसभा के पटल पर रखा गया। विधानसभा में बहस के बाद इसे प्रवर समिति को सौंप दिया गया। इस आशय के साथ कि एक महीने के अंदर समिति की रिपोर्ट सौंप दी जाए। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी इस पर अभी तक कुछ भी नहीं किया गया। एके सिंह ने कहा कि लंबित मांगों को विभाग और सरकार की ओर से पूरा नहीं किया गया, तो लोकसभा चुनाव के बाद संगठन ठोस निर्णय लेने के लिए मजबूर होगा। इसकी सारी जिम्मेवारी विभाग और सरकार की होगी। उन्होंने कहा कि लंबित मांगों को लेकर डॉक्टरों में काफी रोष है। साथ ही कहा कि हमारी मांगों में डॉक्टरों को पांच करोड़ रुपये बीमा देने, चिकित्सा पेशा को कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट से मुक्त करने, मिक्सोपैथी के प्रयास को तत्काल प्रभाव से रोकने सहित अन्य मांग शामिल हैं। आईएमए के महासचिव डॉ प्रदीप सिंह ने कहा कि 50 बेड तक के छोटे और मध्यम स्तर के अस्पताल और क्लीनिक को क्लिनिकल एस्टैब्लिशमेंट (रजिस्ट्रेशन एवं रेगुलेशन) एक्ट 2010 से मुक्त किया जाए। निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएं की अध्यक्षता और आईएमए की सहभागिता में एक टीम बनाई गई थी। इसने क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट का फाइनल प्रारूप तैयार किया और विभाग को सौंपा। फाइल विगत एक साल से विभाग में यथावत पड़ी हुई है। बैठक में आईएमए के आर दास, डॉ बीपी कश्यप, झासा के डॉ विमलेश सिंह, डॉ टीपी साहा, डॉ ठाकुर मृत्युंजय सहित कई डॉक्टर मौजूद थे।



### नॉन एमबीबीएस शिक्षकों को हटाया जाए

बैठक में कहा गया कि मेडिकल कॉलेज में चिकित्सक ही शिक्षक होंगे, यह तय करना होगा। शिक्षक की न्यूनतम योग्यता एमबीबीएस होगी। नॉन एमबीबीएस शिक्षकों की पहचान कर उन्हें तत्काल प्रभाव से हटाया जाए और रिक्त पदों पर योग्य डॉक्टर की शिक्षक के रूप में बहाली की जाए। इंडियन मेडिकल कॉलेज से पास आउट इंडियन मेडिकल स्टूडेंट्स को प्रैक्टिस करने या पीजी एग्जाम देने के लिए लाइसेंसिंग परीक्षा (एनईएक्सटी) अन्याय है। इसे तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए। साथ ही, राज्य में जनसंख्या के अनुरूप चिकित्सा पदाधिकारी के पद की संख्या बढ़ाई जाए।

### पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट में सुधार की जरूरत

बैठक में कहा गया कि प्री कन्सेप्शन एंड प्री नैटल डायग्नोस्टिक टेक्निक्स (पीसी एंड पीएनडीटी) एक्ट 1994 में सुधार की जरूरत है। इसका नियंत्री अधिकारी पूर्व की तरह जिले के सिविल सर्जन को बनाया जाए, ताकि अल्ट्रासाउंड की खरीद-बिक्री, उसका निबंधन एवं निरीक्षण सही समय पर किया जा सके। वर्तमान प्रावधानों के अनुसार झारखंड राज्य में कोई भी रेडियोलॉजिस्ट सिर्फ दो केंद्रो में अल्ट्रासाउंड कर सकता है। इसलिए राज्य के अधिसंख्य अल्ट्रासाउंड केंद्र रेडियोलॉजिस्ट की अभाव में टेक्नीशियन द्वारा संचालित हो रहे हैं। पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट (लिंग चयन प्रतिषेध अधिनियम, 1994) के उद्देश्य से यह गलत प्रतीत होता है। बैठक में मांग की गई कि रेडियोलॉजिस्ट का दो केंद्र में ही कार्य करने का प्रतिबंध हटाया जाए।

# न्यूनतम मजदूरी की दर में संशोधन की आवश्यकता : किशोर मंत्री

*न्यूनतम मजदूरी दर निर्धारण/संशोधन को श्रम विभाग द्वारा गठित समिति की हुई बैठक*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



न्यूनतम मजदूरी की दरों में की गई बढ़ोतरी को संशोधित करने के फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) के आग्रह पर श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा श्रमायुक्त, झारखंड की अध्यक्षता में गठित उप समिति की बैठक मंगलवार को विभागीय कार्यालय में हुई। अध्यक्ष किशोर मंत्री के नेतृत्व में एफजेसीसीआई का प्रतिनिधिमंडल बैठक में शामिल हुआ। प्रतिनिधिमंडल ने अपना पक्ष रखते हुए देश के विभिन्न राज्यों में प्रभावी न्यूनतम मजदूरी दर की तालिका दिखाते हुए यह स्पष्ट किया कि अन्य राज्यों की तुलना में हमारे राज्य में न्यूनतम मजदूरी की दर काफी अधिक है। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि विकसित राज्यों के समकक्ष हमारे राज्य में दर का निर्धारण किया गया है, जो उचित नहीं है। इसमें संशोधन की आवश्यकता है। कहा कि झारखंड में किसी भी स्थिति में न्यूनतम मजदूरी की दर में 5 फीसदी से अधिक बढ़ोतरी नहीं की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि विभाग की चिंता वर्तमान में बढ़ती बेरोजगारी की समस्या के समाधान की होनी चाहिए, ताकि लोगों का विकास संभव हो। राज्य में किस प्रकार रोजगार के नए अवसर बढ़ें, इसपर भी चिंतन होना चाहिए। प्रतिनिधिमंडल ने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि विगत 11 अक्टूबर 2023 को झारखंड न्यूनतम मजदूरी परामर्शदातृ पर्षद की संपन्न बैठक की कार्यवाही रिपोर्ट में इसका स्पष्ट उल्लेख है कि एफजेसीसीआई द्वारा न्यूनतम मजदूरी की दरों में अधिकतम 5 फीसदी तक की ही वृद्धि का प्रस्ताव दिया गया है। चिंतनीय है कि उक्त तिथि के उपरांत न्यूनतम मजदूरी परामर्शदातृ पर्षद की बैठक का आयोजन किए बिना ही विभाग द्वारा दर में बढ़ोतरी का एकतरफा निर्णय लिया गया है। प्रतिनिधिमंडल द्वारा यह भी कहा गया कि न्यूनतम मजदूरी दर, बॉस्केट ऑफ कमोडिटीज के प्राइस इवैल्यूएशन से निर्धारित होता है। झारखंड का बॉस्केट ऑफ कमोडिटीज क्या है? अलग-अलग राज्यों में यह भिन्न-भिन्न हो सकता है और दूसरे राज्यों का न्यूनमत मजदूरी दर संदर्भ बिंदु हो सकता है, बेंचमार्क नहीं। पूछा गया कि क्या झारखंड सरकार ने न्यूनतम मजदूरी तय करने की पद्धति पर चर्चा की है।

### जीपीबी सरस्वती विद्या स्कूल में स्थायी अमृतधारा की स्थापना

**रांची ।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा (सत्र 2024-25) ने मंगलवार को अमृतधारा महोत्सव के अंतर्गत चौथे स्थायी अमृतधारा की स्थापना की। ज्ञात हो कि विगत 10 मई को '7 दिन, 7 स्थान, 7 स्थायी अमृतधारा' लगाने का संकल्प लिया गया था। जीपीबी सरस्वती विद्या स्कूल, अंतू चौक, मोरहाबादी में यह स्थायी अमृतधारा लगाई गई। इसमें अमृतधारा प्रभारी निकिता जालान के सौजन्य से कमल मोर, नैना मोर का सहयोग प्राप्त हुआ। इसके लिए शाखा अध्यक्ष विनीता सिंघानिया ने उन्हें और उनके पूरे परिवार को तहे दिल से धन्यवाद दिया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन के दो ट्रस्टी विष्णु जालान एवं प्रदीप राजगढ़िया मौजूद थे। उन्हें शाखा ने पौधा और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। शाखा ने स्कूल के प्रधानाचार्य को भी अंगवस्त्र और पौधा दे कर सम्मानित किया।

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल में समर कैंप एक्स्ट्रावेगेंजा 2024 का हुआ आयोजन

# समर कैंप में बच्चों को मिलता है नए कौशल सीखने का अवसर : प्राचार्या

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सरला बिरला पब्लिक स्कूल में समर कैंप एक्स्ट्रावेगेंजा 2024 का आयोजन किया गया। पूरा विद्यालय परिसर बच्चों की किलकारियों, उत्साह और उल्लास से गूंज उठा। इस कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय की प्राचार्या परमजीत कौर ने किया। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को ऐसा अवसर प्रदान करना था, जिनमें वे विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर अपने कौशल को उभार सकें।

स्कूल ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (एनसीएफ) 2023 के अनुरूप छात्रों के लिए विभिन्न रचनात्मक और ऊर्जावान कला और खेल एकीकृत गतिविधियों का आयोजन किया।

कविता द्विवेदी ने ओडिसी नृत्य पर एक विशेष कार्यशाला आयोजित की, जो स्पिक मैके से संबंधित थी। उन्होंने छात्रों को इस नृत्य शैली के महत्व और प्रासंगिकता से अवगत कराते हुए बहुत ही शालीनता और सुंदरता के साथ प्रशिक्षित किया। कविता इस क्षेत्र में एक अनुभवी प्रशिक्षक रही हैं। ब्रश एंड बियॉन्ड के अंतर्गत पारंपरिक कला रूपों को ध्यान में रखते हुए छात्रों को सोहराई और मधुबनी पेंटिंग सिखाई गई। इसके अलावा, छात्रों ने बुकमार्क बनाना, क्ले मॉडलिंग, छाता पेंटिंग, रचनात्मक फाइल कवर बनाना, टी-शर्ट पेंटिंग आदि भी सीखा। हेरिटेज एंड हार्मनी के छात्र विभिन्न लोकनृत्य पर थिरकते नजर आएं। अतिथि शिक्षक ने मैथ मैजिक के तहत गणित के कठिन से कठिनतम सवालों को चुटकियों में सुलझाने के ट्रिक बताए, जिससे बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ा। रोबोटिक्स बच्चों का पसंदीदा विषय रहा, जिसमें उन्हें रोबोट के बेसिक पार्ट्स के बारे में बताया गया। मशीन तथा रोबोट के अंतर को बताते हुए रोबोट कैसे हमारे द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करते हैं, इसे कोडिंग द्वारा समझाया गया। रोबोट को कैसे प्रोग्राम कर सकते हैं, इसे बच्चों ने स्वयं करके दिखाया। एनईपी 2020 के कौशल आधारित शिक्षा के मुख्य उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए इस समर कैंप में शिक्षकों द्वारा प्रत्येक बच्चे की क्षमता और कुशलता को निखारने तथा मांजने का कार्य किया गया। प्राचार्या परमजीत कौर ने समर कैंप में भाग लेने वाले बच्चों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम में भाग लेने से बच्चे समय का सदुपयोग करना सीखेंगे। बच्चों को अपनी क्षमताओं को जानने और नए कौशल को सीखने का अवसर मिलेगा और इसका लाभ उन्हें जीवन पर्यंत मिलेगा।




### मारवाड़ी कॉलेज की छात्रा अंतिमा और मोनिका का कैंपस प्लेसमेंट



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मारवाड़ी कॉलेज एमसीए की छात्रा अंतिमा तिवारी और मोनिका कुमारी का चयन टीसीएस इग्नाइट और एक्सेंचर में हुआ है। अंतिमा का जॉब रोल ग्रेजुएट ट्रेनी के रूप में होगा और ट्रेनिंग के लिए इनका ज्वाइनिंग लोकेशन चेन्नई है। ट्रेनिंग के उपरांत इनकी सैलरी बीटेक विद्यार्थियों के बराबर 4 से 5 लाख प्रति वर्ष होगा। वहीं, मोनिका का जॉब रोल एप डेवलपर के रूप में होगा और इनकी ज्वाइनिंग बेंगलुरु में 5 जून को होगी। इनकी बेसिक सैलरी 3.5 लाख (ट्रेनिंग के दौरान) है। साथ में एकोमोडेशन और कैब फैसिलिटी मिलेगी। प्राचार्य डॉ मनोज कुमार, प्लेसमेंट सेल संयोजक डॉ आरआर शर्मा, एग्जामिनेशन कंट्रोलर डॉ उमेश कुमार, एमसीए के कोऑर्डिनेटर डॉ घनश्याम प्रसाद ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं। अन्य विद्यार्थियों को इनसे प्रेरणा लेते हुए हरेक सिलेक्शन प्रॉसेस में भाग लेने को कहा है। उन्होंने प्लेसमेंट टीम का आभार व्यक्त किया है।

## न्यूज बॉक्स

### जन अधिकार के लिए लड़ने वाले पंकज यादव को अंतरराष्ट्रीय सम्मान

**रांची।** झारखंड के सोशल एक्टिविस्ट पंकज कुमार यादव को अंतरराष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया है। मंगलवार को मिली जानकारी के अनुसार उन्हें यह सम्मान सोमवार को मेडागास्कर की राजधानी एंटाननरीवो में दी गई है। उन्हें यह सम्मान ओरफिलिनत होप नामक अंतरराष्ट्रीय संस्था ने दी है। पंकज यादव को झारखंड में जनाधिकार के प्रति लोगों को जागरूक करने, पब्लिक राइट के हक की लड़ाई लड़ने सहित अन्य जनहित में किए गए कार्यों के लिए सम्मानित किया गया है। मेडागास्कर सरकार के सहयोग से संचालित इस अंतरराष्ट्रीय संस्था ने पंकज के सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया था। संस्था के बच्चों के बीच पंकज यादव ने झारखंड में किए गए जनहित कार्यों का उल्लेख किया। भारत में जनता के लिए बनाए गए शिक्षा के अधिकार, भोजन के अधिकार, सेवा के अधिकार, स्वास्थ के अधिकार सहित अन्य अधिकार और कर्तव्यों की जानकारी दी। मेडागास्कर के बच्चों ने उत्सुकता से भारत के लोगों और बच्चों को दिए गए अधिकारों को सुना तथा अपने अनुभव शेयर किए। संस्था के आमंत्रण पर मेडागास्कर पहुंचे पंकज यादव ने भारत और मेडागास्कर के पुराने संबधों को भी जाना।

### सामान्य खबर, पेड न्यूज व विज्ञापन में अंतर पर कार्यशाला आयोजित



**रांची ।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के निर्देश पर मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी कोषांग (एमसीएमसी) में मंगलवार को एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें मीडिया कोषांग में प्रतिनियुक्त कर्मियों को सामान्य खबर, पेड न्यूज और विज्ञापन के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। मीडिया एवं संचार अधिकारी राजेश सिन्हा और क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी सह कार्यालय प्रमुख गौरव पुष्कर, पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) रांची ने बताया कि कैसे उन्हें पेड न्यूज और विज्ञापन में अंतर करना है। कैसे कोई न्यूज विज्ञापन भी हो सकता है और पेड न्यूज भी, इसे समझने के लिए बहुत बारिकियों से इसे देखना पड़ता है। विज्ञापन और पेड न्यूज में एक महीन रेखा है, जिसे सही पकड़ और समझ से पहचाना जा सकता है। कार्यशाला में आए पदाधिकारियों ने प्रतिनियुक्त कर्मियों को सामान्य खबर, पेड न्यूज एवं विज्ञापन विषय में बारीकी से बताया गया।

### धर्मेंद्र महतो झारखंड प्रदेश कुशवाहा महासभा के उपाध्यक्ष मनोनीत



**रांची।** अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष राजू महतो ने मंगलवार को कहा कि झारखंड में कुशवाहा समाज की आबादी लगभग 14 प्रतिशत है। झारखंड के कई लोकसभा क्षेत्र में लगभग चार-चार लाख वोट हैं और कहीं-कहीं एक से डेढ़ लाख वोट हैं। इतनी बड़ी संख्या को होने के बाद भी राजनीतिक दलों द्वारा कुशवाहा समाज की घोर उपेक्षा की जा रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कुशवाहा समाज समग्र विकास के लिए संगठन का विस्तार पंचायत स्तर से लेकर पार्लियामेंट स्तर तक कर रहे हैं, ताकि सभी क्षेत्रों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। मौके पर समाजसेवी धर्मेंद्र महतो को झारखंड प्रदेश कुशवाहा महासभा का उपाध्यक्ष और समाजसेवी संजीत कुशवाहा को कोषाध्यक्ष मनोनीत करने की घोषणा की गई। कार्यक्रम में छात्र अध्यक्ष अमरजीत कुशवाहा, युवा अध्यक्ष रंजन शंकर महतो, भोला महतो आदि शामिल हुए।

### पक्षियों को दाना-पानी देकर उनकी रक्षा करें : दुबे



**रांची।** भीषण गर्मी को देखते हुए बेजुबान पक्षियों की रक्षा के लिए शंकरा हेल्पिंग एंड केयरिंग हैंड की ओर से डांस वांस नृत्य संस्थान के बच्चो के बीच 'पक्षी बचाओ अभियान' चलाया गया। इसमें इस भीषण गर्मी में पक्षियों सहित अन्य बेजुबान प्राणियों को दाना-पानी देने की भी लोगों से अपील की गई। मुख्य अतिथि शंकरा हेल्पिंग एंड केयरिंग हैंड के संस्थापक सह समाजसेवी शंकर दुबे ने डांस वांस नृत्य संस्थान के बच्चों और उनके अभिभावकों के बीच पक्षियों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए सैकड़ों सिकोरे बांटे। साथ ही, यह संकल्प भी दिलाया कि सभी लोग अपने-अपने घरों पर सिकोरे रख कर पक्षियों को दाना-पानी देकर उनकी रक्षा करने में अपना योगदान अवश्य देंगे। मौके पर समाजसेवी आशुतोष द्विवेदी, डांस वांस नृत्य संस्थान के निदेशक शिवम मनोहरण, राकेश उपाध्याय, सुकंठ ठाकुर, लक्ष्मी मिश्रा, सुन्नी कुमार के अलावे डांस वांस नृत्य संस्थान के सैकड़ों बच्चे एवं उनके अभिभावक उपस्थित थे।

### जेसीईआरटी में 'प्रोजेक्ट इंपैक्ट' के दस दिवसीय कार्यशाला का दूसरा चरण शुरू

**रांची ।** झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (जेसीईआरटी) में मंगलवार से 'प्रोजेक्ट इंपैक्ट' (प्रयास सह परियोजना प्रभाव) से संबंधित दस दिवसीय कार्यशाला के दूसरे फेज की शुरुआत हुई। इसमें जेसीईआरटी के निदेशक आदित्य रंजन ने 'प्रोजेक्ट इंपैक्ट' के उद्देश्य, इसके लाभ और क्रियान्वयन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। प्रशिक्षण में राज्य के 12 जिलों के मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों (गैर आवासीय) के प्राचार्य और एक शिक्षक शामिल हुए। प्रशिक्षण कार्यशाला के दूसरे चरण में सरायकेला खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, खूंटी, रामगढ़, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, पलामू, गढ़वा, सिमडेगा, चतरा के प्राचार्यों और शिक्षकों ने भाग लिया।

**क्या है प्रोजेक्ट इंपैक्ट**

प्रोजेक्ट इंपैक्ट की ट्रेनिंग के लिए यह दूसरा बैच है। इस दौरान ट्रेनिंग में शामिल प्रतिभागियों को फिल्म दिखाई जाती है। स्टूडेंट्स की तरह असेंबली कराई जाती है। योग, मेडिटेशन, जुंबा, एयरोबिक्स, गिल्ली डंडा, कंचा, रस्साकशी, पिट्टो जैसे पारंपरिक खेलों की जानकारी दी जाती है। उन्नत खेती, साफ सफाई, वॉल पेंटिंग वगैरह भी टीचर से कराया जाता है, जो अपने स्कूलों में बी स्टूडेंट्स को बता सकें।






# फैसला पलट, रामलला को वापस टेंट में लाने की साजिश रच रहे थे शहजादे

**नवीन मेल संवाददाता**
**गिरिडीह (झारखंड)।** बगोदर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पेशम पंचायत के अड़वारा मैदान में जनसभा में प्रधानमंत्री ने कहा कि राम मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश को पलटने और रामलला को वापस टेंट में लाने की साजिश कांग्रेस के शहजादे और इसके सहयोगी कर रहे थे। पांच सौ सालों बाद रामलला मंदिर में विराजे। सबको खुशी हुई लेकिन कांग्रेस को नहीं। ये मंदिर को लेकर शर्मनाक बयान देते हैं। राम को फिर से टेंट में लाने की बात करते हैं। मंदिर में ताला लगाने की बात करते हैं। झारखंड में भी हमारे आराध्य की मूर्तियां तोड़ी जा रही हैं। जेहादी मानसिकता वाले हमले कर रहे लेकिन सरकार आंखें मूंदकर समर्थन दे रही है। ये तुष्टीकरण की राजनीति है। इन्हें एक भी वोट नहीं मिलना चाहिए।



पांच सौ सालों बाद रामलला मंदिर में विराजे, सबको खुशी हुई लेकिन कांग्रेस को नहीं

**मोदी ने बच्चे की बनाई तस्वीर ली**

**सभा में उपस्थित लोग तरह-तरह की पेंटिंग्स बनाकर लाये थे, जिसे प्रधानमंत्री को दिखाने के लिए वे हाथों में लिये खड़े थे। इसी बीच प्रधानमंत्री मोदी की नजर एक बच्चे पर गयी, जो हाथ में तस्वीर लिए खड़ा था। उसने खुद से वह तस्वीर बनायी थी। प्रधानमंत्री ने मंच से तुरंत उस बच्चे को कहा कि बेटा आप बैठ जाओ, थक जाओगे। आपने जो तस्वीर बनाकर लायी है, उसपर मेरी नजर चली गयी है। मैं वह तस्वीर ले लूंगा। उन्होंने तुरंत एसपीजी की टीम को आदेश दिया कि आप बच्चे से उसकी बनायी पेटिंग को ले लीजिये। इसके बाद प्रधानमंत्री ने बच्चे से कहा कि आप अपना नाम और पता उस तस्वीर के पीछे जरूर लिखना।**

### श्रीनगर में चुनाव का शानदार नजारा

मोदी ने कहा कि श्रीनगर में सोमवार को उत्साह के साथ हुए मतदान का शानदार दृश्य रहा है। धारा 370 हटने के बाद हुए चुनाव में इतना भारी मतदान रोचक है। यह भारतीय लोकतंत्र की बड़ी घटना है। यह दिखाता है कि मोदी के काम की दिशा और प्रयास सही हैं।

## सुशील मोदी का निधन अपूरणीय क्षति : राज्यपाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी का निधन अत्यंत दुखद और पीड़ादायक है। उनका निधन राजनीतिक एवं सामाजिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। राज्यपाल ने एक्स के जरिये मंगलवार को ट्वीट कर कहा कि अपने सेवाभाव से बिहार के विकास में मोदी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके परिवारजनों एवं प्रशंसकों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। वहीं दूसरी ओर रांची लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ ने कहा कि बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता रहे सुशील मोदी के निधन से मन व्यथित है। भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष और लंबे समय तक पार्टी की सेवा करने वाले सुशील के साथ के संस्मरणों से अत्यंत भावुक हूं। ईश्वर पुण्यात्मा को शांति प्रदान करें।



## चुनावकर्मियों की तारीफ कर आयोग ने बढ़ाया हौसला

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मंगलवार को भारत निर्वाचन आयोग के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से गुमला के एक मतदान कर्मी जितेंद्र नारायण शाही की तारीफ में ट्वीट किया गया। ट्वीट में ऐसे कर्मचारियों को आयोग ने ₹अनसंग हीरोज₹ के विशेषण से नवाजा है। निश्चित रूप से आयोग का यह ट्वीट बाकी मतदान कर्मियों के लिए भी हौसला अफजाई करने वाला है। जितेंद्र शाही के बारे में आयोग ने जिक्र किया है। वे पिछले 14 चुनावों में मतदान ड्यूटी कर चुके हैं। दरअसल जिस वीडियो को आयोग ने ट्वीट किया है, उस वीडियो में स्वयं जितेंद्र शाही भी ऐसा ही बताते हुए कह रहे हैं कि उनकी एक किडनी 2007 में ही ऑपरेशन से हटा दी गई थी। इसके बावजूद तब से अब तक उन्होंने कभी भी स्वास्थ्य का हवाला देते हुए चुनाव ड्यूटी से मुक्ति के लिए आवेदन नहीं किया है।

## न्यूज | बॉक्स

### रांची के फातिमा नगर में खुला कांग्रेस का चुनाव कार्यालय

**रांची।** रांची के डंगरा टोली के पास फातिमा नगर में मंगलवार को कांग्रेस पार्टी का चुनाव कार्यालय खोला गया। झारखंड अलग राज्य के आंदोलनकारी आदिवासी नेता तथा झारखंड प्रदेश आदिवासी कांग्रेस के उपाध्यक्ष प्रभाकर तिर्की ने फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। तिर्की ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि रांची लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय की जीत सुनिश्चित करने के लिए जोर-शोर से चुनाव प्रचार के कार्य में लग जाएं। बूथ स्तर पर जनसंपर्क अभियान चलाकर मतदाताओं को कांग्रेस के घोषणा पत्र में जनता से किए गए वादों की जानकारी दें। इस बार रांची लोकसभा क्षेत्र से हमारी जीत पक्की है। इस मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

### नक्सलियों की मांद में लोकतंत्र का जश्न-ए-बहारा

**रांची ।** झारखंड की चार लोकसभा सीटों पर जंगल-पहाड़ों से घिरे दुरूह इलाकों में 13 मई को हुई वोटिंग का एक इशारा बिल्कुल साफ है। वह यह कि जिन इलाकों की पहचान नक्सलियों की मांद के रूप में होती थी, अब वहां लोकतंत्र का जश्न-ए-बहारा है। पलामू-गढ़वा के बूढ़ा पहाड़ से लेकर सिंहभूम के सारंडा तक जहां एक पत्ता भी माओवादियों की बंदूकों के इशारे के बगैर नहीं खड़कता था, वहां लोग इस बार उत्सवी माहौल में वोट डालने निकले। कई इलाके तो ऐसे रहे, जहां 20 से 35 साल के बाद पहली बार मतदान हुआ।



### झारखंड हाई कोर्ट में शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी की जमानत पर फैसला सुरक्षित

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने शराब घोटाले के जरिये मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोपित शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी की जमानत याचिका पर मंगलवार को सुनवाई पूरी कर ली। ईडी और योगेंद्र तिवारी का पक्ष सुनने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। इससे पहले रांची प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की स्पेशल कोर्ट ने योगेंद्र को बेल देने से इनकार कर दिया था। ईडी ने शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी को पिछले साल 19 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। उस पर शराब घोटाले के जरिये अवैध कमाई करने और मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है। इस मामले में ईडी ने 23 अगस्त, 2023 को 34 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी। इनमें योगेंद्र तिवारी के देवघर स्थित स्थित गोदाम, बोंपासस टाउन स्थित आवास, हरमू हाउसिंग कॉलोनी के डी-2 स्थित मेसर्स संथाल परगना बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड और जामताड़ा के दो ठिकाने शामिल थे।




### यशस्विनी के पक्ष में प्रोफेशनल्स कांग्रेस ने चलाया डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान

**रांची ।** झारखण्ड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस की पूर्व सचिव मीनाक्षी सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को इंदिरा नगर कॉलोनी,कांके रोड,रांची में डोर टू डोर जाकर आम लोगों के बीच चुनावी पम्पलेट बांटा गया एवं चुनाव प्रचार किया गया। मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकान्त सहाय,कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय,झारखण्ड प्रोफेशनल्स कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल,पूर्व राँची लोकसभा अध्यक्ष भुवनेश ठाकुर,अंकित सहाय मौजूद थे। मौके पर झारखण्ड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल ने रांची लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के पक्ष में जनसंपर्क कर कांग्रेस पार्टी को भारी से भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। मौके पर कैंपेन में मीनाक्षी सिंह ने महिलाओं को विशेषकर 5 न्याय 25 गारंटी मैनिफेस्टो के बारे में पूरी जानकारी देते हुए महिलाओं को इससे होने वाले लाभ के बारे में समझाया। पदयात्रा में शामिल लोगों में अंकुर अनिल,प्रोफेशनल्स कांग्रेस के पूर्व रांची महानगर अध्यक्ष कृष्णा सहाय,पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष संजीव महतो,अनिल सिंह,गोपाल पांडेय, निरंजन पासवान, सोनी नायक,वंदना पाठक, हेमंत सहाय, नीलम सहाय,रवि चौधरी, रश्मि चौधरी, ललिता झुनझुनवाला, सुभाष झुनझुनवाला, सुधा झुनझुनवाला, सुनीता गोपाल सराफ, प्रदीप सराफ, नवीन सराफ, उमेशचन्द्र शर्मा, विमला शर्मा, महेंद्र यादव, आलोक कुमार, प्रीति यादव, दीपक चौधरी, मृदुल चौधरी, श्रीकान्त चौधरी, श्रेया जयसवाल, रसिक बिहारी लाल, पप्पू सिंह आदि लोग मौजूद थे।



### भाजपा के खिलाफ कांग्रेस ने चुनाव आयोग से की शिकायत

**रांची।** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी एवं झाममो का एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के0 रवि कुमार से मिलकर भाजपा द्वारा आचार संहिता का उल्लंघन किये जाने का आरोप लगाया। उक्त आशय की जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को बताया कि सिंहभूम के मंझारी प्रखण्ड, बालाजोरी, ब्लॉक सोनुवा, डुमरगाड़ी एवं सुरून्द, खूंटी में भाजपा का पोलिंग एजेंट चुनाव चिन्ह और मोदी फोटो वाला पर्ची लेकर लोगों को बांटा गया।

## सुशासन और विकास के लिए भाजपा ही एकमात्र विकल्प : संजय श्रीवास्तव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव समेत कई नेताओं एवं भाजपा कार्यकताओं ने झारखंड लोकसभा चुनाव में प्रचार का मोर्चा संभाल लिया है। संजय श्रीवास्तव ने मंगलवार को प्रदेश चुनाव प्रभारी डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेई से मुलाकात की। उन्होंने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें झारखंड में ठगबंधन की सरकार का पदार्फाश करना है। झारखंड में सुशासन, आदिवासियों के विकास एवं अंतिम पायदान तक खड़े व्यक्ति का उत्थान करने वाली भाजपा की सरकार बनानी है। प्रदेश महामंत्री श्रीवास्तव ने कहा कि झारखंड में ठगबंधन एवं भ्रष्टाचार के पितामह सोरेन सरकार के शासन को झारखंड के इतिहास में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार का काल के रूप में याद किया जाएगा।



## कौशल रानी व मुश्ताक अहमद को मिली जमानत

**नेशनल शूटर तारा शाहदेव मामला**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड हाई कोर्ट में मंगलवार को नेशनल राइफल शूटर तारा शाहदेव मामले में सजायाफ्ता रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल एवं उसकी मां कौशल रानी और मुश्ताक अहमद की सजा के खिलाफ अपील की सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने कौशल रानी और मुश्ताक अहमद को जमानत दे दी। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने आठ अक्टूबर, 2023 को रंजीत कोहली को उम्रकैद, उसकी मां कौशल रानी को 10 साल की सजा और मुश्ताक अहमद को 15 साल की सजा सुनाई थी। कोहली, उसकी मां कौशल रानी और मुश्ताक अहमद की अपील में कहा गया है कि उन्हें आईपीसी की धारा 120बी सह पठित धारा 376 (2एन) में सजा दी गई है। जब उनपर धारा 376 (2एन) का मुख्य मामला ही नहीं बनता है तो 120बी यानी षड्यंत्र का मामला भी नहीं बन सकता है। इन तीनों ने अपील दायर कर खुद को सजा मुक्त करने का आग्रह हाई कोर्ट से किया है। इस हाई प्रोफाइल मामले में सीबीआई कोर्ट ने मुख्य आरोपित रंजीत सिंह, उसकी मां कौशल रानी एवं मुश्ताक अहमद को दोषी ठहराते हुए पांच अक्टूबर, 2023 को सजा सुनाई थी। मामले में सीबीआई की ओर से 26 गवाह जबकि बचाव पक्ष की ओर से चार गवाह प्रस्तुत किए गए थे। मामले में मुख्य आरोपित रंजीत सिंह के अलावा हाई कोर्ट का पूर्व रजिस्ट्रार (विजिलेंस) बर्खास्त मुश्ताक अहमद एवं कोहली की मां कौशल रानी ट्रायल फेस कर रहे हैं। कोर्ट ने आरोपितों के खिलाफ दो जुलाई, 2018 को आरोप गठित किया था। सीबीआई ने इस केस को वर्ष 2015 में टेक ओवर किया था।

## स्ट्रांग रूम में सभी ईवीएम रखने के बाद किया गया सील : रवि कुमार

*नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में चुनाव रहा शांतिपूर्ण- एवी होमकर*

*सातवें फेज के चुनाव लिए 68 लोगों ने किया नामांकन*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि चौथे चरण के मतदान के बाद सभी ईवीएम स्ट्रांग रूम पहुंच चुके हैं। उन्हें विधिवत सील किया जा चुका है। मतदान से लेकर ईवीएम के स्ट्रांग रूम तक पहुंचने तक किसी भी प्रकार की घटना-दुर्घटना नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि चौथे चरण के मतदान प्रतिशत की फाइनल रिपोर्ट डिजिटल स्वरूप में अपडेट हो रही है। वह मंगलवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर के साथ संयुक्त रूप से पत्रकार वार्ता कर रहे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि सातवे चरण के चुनाव के लिए अब तक 68 लोगों ने नामांकन किया है। राजमहल ( अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 17 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। दुमका ( अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 22 नामांकन किया गया है। जबकि, गोड्डा से सर्वाधिक 29 उम्मीदवारों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया है। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक 1 अरब, 16 करोड़, 47 लाख की अवैध सामग्री और नकदी की जब्ती की गई है। राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर ने बताया कि व्यापक तैयारी से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी इस बार चौथे चरण का चुनाव शांतिपूर्ण रहा। इस चरण का चुनाव पुलिस और प्रशासन के लिए चुनौतीपूर्ण था। उन्होंने बताया कि चौथे चरण के चुनाव से जुड़े 9 जिले घोर उग्रवाद प्रभावित थे। इनमें से 1376 मतदान केंद्र नक्सल गतिविधियों से जुड़े थे। यह एक चुनौती थी। इससे निबटने के लिए चुनाव पूर्व से ही व्यापक तैयारी की गयी थी।




**वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से नगर निकाय के पदाधिकारियों को निर्देश**

## राज्य में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए तेज करें प्रयास : रवि कुमार

*पिछले चुनाव में कम वोटिंग प्रतिशत वाले मतदान केन्द्रों पर करें विशेष फोकस*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने चुनाव कार्य में लगे अधिकारियों, कर्मचारियों को कहा है कि लोकसभा चुनाव के आगामी चरण की बेहतर तैयारी करें। हरेक मतदाता तक वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का वितरण कराते हुए शहरी निकाय के मतदान केन्द्रों पर अच्छे मतदान के लिए नगर निकाय के पदाधिकारियों को मतदान केन्द्रों के साथ टैग करें और मतदाताओं के परिवारजनों को क्लब करें। साथ ही बीएलओ तथा सुपरवाइजर भी घर-घर जाएं और मतदाताओं के बीच वितरण किए जा रहे वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप की मॉनिटरिंग करें। वहीं मतदान केन्द्र जागरूकता समूह के साथ छोटी-छोटी मीटिंग कर उन्हें सक्रिय करें। शारीरिक रुप से अक्षम मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक पहुंचाने की पहल संबधी कार्य में गति लाएं। बेहतर मतदान प्रतिशत के लिए पूरी मेहनत करें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार मंगलवार को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से नगर निकाय के पदाधिकारियों के साथ झारखंड में लोकसभा चुनाव के पांचवें, छठे एवं सातवें चरण में होने वाले मतदान की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जिलावार तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि दिव्यांग एवं शारीरिक रुप से अक्षम मतदाताओं को मतदान केंद्र पर लाने की पूरी योजना तैयार करें और उसे मूर्त रूप दें। मतदान के दिन एवं उसके पूर्व चुनाव जागरूकता हेतु जारी जिंगल्स एवं गानों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का कार्य करें। साथ ही माइकिंग के माध्यम से भी जाकरूकता सुनिश्चित करें। माइकिंग के लिए विस्तारित कार्ययोजना तैयार करें, ताकि मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी हो। उन्होंने कहा कि वन-टू-वन वोटर कनेक्ट के माध्यम से मतदाता तक पहुंचने से वोटिंग प्रतिशत में इजाफा होगा। उन्होंने माइक्रो लेबल पर कार्य करने पर बल दिया। मतदान केन्द्रों पर आने में असमर्थ मतदाताओं के लिए परिवहन की पूरी सुविधा देने, मतदान के दिन रीयल टाइम मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया।



# कालीचरण मुंडा के सिर बंधेगा जीत का सेहरा या अर्जुन बचा ले जाएंगे अपना किला

*एनोस एक्का और बबिता कच्छप का नहीं दिखा असर*

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
आदिवासी बहुल खूंटी लोकसभा सीट पर एक बार केंद्रीय मंत्री और भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा कांग्रेस के चक्रव्यूह में फंसते दिख रहे हैं। 13 मई को संपन्न मतदान के बाद ग्राउंड जीरो से जो खबरें मिल रही है, वह भाजपा के सुखद नहीं है। राजनीतिक जानकार भी बता रहे हैं कि 2019 की तरह ही 2024 में भी भाजपा और कांग्रेस के बीच कांटे का मुकाबला हुआ है। जीत का सेहरा किससे सिर बंधेगा, यह तो 4 जून को ही परिणाम आने के बाद पता चलेगा। अर्जुन मुंडा अपनी किला बचा पाते हैं या हैट्रिक हार के बाद कालीचरण पहली बार जीत का स्वाद चखेंगे।

**दर्जनों बूथों पर गायब रहे एजेंट**

13 मई को मतदान के दिन भाजपा का बूथ मैनेजमेंट बेहद खराब रहा। दर्जनों ऐसे मतदान केंद्र ऐसे थे, जहां भाजपा का कोई एजेंट तक नहीं था। बूथ मैनेजमेंट को लेकर जमीनी स्तर पर जुड़े कार्यकताओं में भी नाराजगी दिखी। कुछ कार्यकताओं ने कहा कि भाजपा में निचले स्तर के कार्यकताओं की कोई पूछ नहीं है। अब इस पार्टी में कार्यकर्ता कम और नेता अधिक हो गये हैं।

**एनोस एक्का और बबीता कच्छप का नहीं हुआ असर**

चुनाव प्रचार के दौरान राजनीतिक गलियारों में ऐसी संभावना जतायी रहा थी कि खूंटी लोकसभा में झारखंड पार्टी के प्रत्याशी एनोस एक्का और पत्थलगड़ी को लेकर सूर्खियों में आई आदिवासी विकास पार्टी की बबिता कच्छप दोनों दमदार मौजूदगी दिखाएगें।लेकिन मतदान के दिन एनोस और बबिता रेस से पूरी तरह बाहर दिखें। कमोवेश यही स्थिति झामुमो के पूर्व विधायक और निर्दलीय बसंत कुमार लोंगा, पास्टर संजय तिर्की, बहुजन समाज पार्टी की सावित्री देवी का भी कहीं प्रभाव नहीं दिखा। इन सभी के शिथिल पड़ जाने से अर्जुन मुंडा की राह आसान नहीं दिख रहा।

### कांग्रेसी दुष्प्रचार में उलझते दिख रहे अर्जुन

आदिवासी मतदातों के बीच कांग्रेस ने इस बात का भय दिखाया कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने, तो सीएनटी एक्ट को खत्म कर आदिवासियों को जमीन लूट लेगी। मोदी की सरकार बनी तो संविधान बदल देगी, सीएनटी एक्ट और आरक्षण खत्म कर देगी। कांग्रेस ने आदिवासी मतदाताओं को बरगलाया कि कांग्रेस सत्ता में आई तो सरना कोड को लागू करेगी और संविधान और आरक्षण को सुरक्षित रखेगी। लेकिन भाजपा के नेता और कायकर्ता इस दुष्प्रचार को रोकने में नाकामयाब रहे। यही कारण है कि सरना समुदाय का भी अच्छा खासा वोट कांग्रेस को मिलने की संभावना जतायी जा रही है।



### कई क्षेत्रों में आगे दिख रही कांग्रेस

राजनीति जानकारों के अनुसार इस बार भी तोरपा, खूंटी और कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के कालीचरण मुंडा को बढ़त मिल सकती है, वहीं सिमडेगा और खरसावां विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के अर्जुन मुंडा कांग्रेस पर बढ़त बनाते दिख रहे हैं। तमाड़ क्षेत्र में दोनों उम्मीदवारों के बीच नेक टू नेक फाइट की उम्मीद राजनीति के जानकार जताते हैं। तमाड़ क्षेत्र के लोगों का कहना है कि इस बार कुर्मी समुदाय का वोट भी कांग्रेस को मिल सकता है, जबकि इस समुदाय को भाजपा और आजसू का समर्थक माना जाता है। तोरपा और अन्य इलाकों में भी कांग्रेस को अच्छा खासा वोट मिलने की उम्मीद है।



## 10 वर्षों के कुशासन से त्रस्त जन संघर्ष को बूथ से जीत का रूप दें : गुलाम मीर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
चतरा लोकसभा ओर हजारीबाग लोकसभा के कार्यकताओं की चुनावी समीक्षा बैठक जिला मुख्यालयों में हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए गुलाम अहमद मीर ने कहा कि आप सभी पूरे वर्ष संगठन में काम करते हैं और पिछले 5 वर्षों से केंद्र की भाजपा सरकार के कार्यों से त्रस्त जनता के बीच रहकर संघर्ष कर रहे हैं, अब समय है कि उन संघर्षों का परिणाम बूथ से जीत के रूप में निकले। 5 वर्षों तक संगठन का निर्माण प्रखंड और बूथ स्तर पर किया गया है और आज जरूरत है कि संगठन द्वारा बूथ स्तर कार्यकताओं के बीच आपसी समन्वय को बेहतर तरीके से बनाया जाए, ताकि चुनाव के दौरान प्रत्याशी एवं बूथ एजेंट के बीच सीधा संवाद अभी से लेकर मतदान के दिन तक लगातार होता रहे। मतदान के दिन तक जरूरी है कि बूथ स्तर के कार्यकर्ता अपने बूथ के मतदाताओं से निरंतर संपर्क करते रहें ताकि भाजपा द्वारा चुनाव की धारा को मोड़ने का यदि कोई भी गैरवैधानिक कार्य किया जाए या अफवाह फैलाया जाता है तो उससे आम लोगों को सावधान किया जा सके और उनकी सच्चाई बताई जा सके। उन्होंने कहा कि पार्टी किसी एक को उम्मीदवार बनाती है लेकिन चुनाव संगठन का हर कार्यकर्ता अपने-अपने मोहल्ले, वार्ड, प्रखंड में लड़ता है ताकि पार्टी की जीत हो सके। 10 वर्षों के कुशासन से निकलने का यह सुनहरा अवसर है और हमें इसे किसी भी हाल में जाया नहीं होने देना है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि इस चुनाव में हमें राहुल गांधी के विश्वास पर खरा उतरना है। उन्होंने जनता की समस्याओं के तह तक पहुंचने के लिए पूरे भारत का पैदल भ्रमण किया है और समस्याओं को खत्म करने हेतु आवश्यक कार्ययोजना को कांग्रेस के घोषणा पत्र में शामिल किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी रोज नए शिगूफे छोड़ रहे हैं ताकि लोग भटक जाएं।



## एक नजर

### बीओआई में वित्तीय लेन देन नहीं होने से ग्राहक रहे परेशान

**बरही।** बैंक ऑफ इंडिया बरही शाखा में बुधवार को वित्तीय लेन देन लगभग ठप्प रहा. दिन भर ग्राहक पैसे के जमा निकासी को लेकर परेशान रहे. शाखा प्रबंधक आकाश कुमार सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर बैंक कर्मी और अधिकारी प्रशिक्षण पर गए हुए हैं. जिसके कारण बैंक कर्मियों की कमी है. प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी अचानक मिला है. उन्हे भीं प्रशिक्षण में जाना है. ऐसे में स्टाफ की कमी के कारण वित्तीय लेन देन संभव नहीं है. किसी प्रकार खाता अपडेट, पासबुक प्रिंटिंग्स इत्यादि कार्य किए जा रहे है. बुधवार को सभी अधिकारी व कर्मी होंगे और बैंक नियमित रूप से संचालित होगा. उन्होंने सभी ग्राहकों से असुविधा के लिए खेद प्रकट करते हुए बैंक को सहयोग करने का अपील किया है. वही ग्राहकों का आरोप था कि पैसे की आवश्यकता होती है.

### एमपी के मुख्यमंत्री की चुनावी सभा आज

**बरही ।** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण को लेकर प्रचार प्रसार चरम पर पहुंचता जा रहा है. सभी पार्टियों का चुनाव प्रचार जोरो पर है. सभी अपने स्टार प्रचारक की चुनावी जनसभा करवाने के लिए परेशान है. इसी क्रम में भाजपा उम्मीदवार मनीष जायसवाल के पक्ष में आज पंचमाधावा स्थित आश्रम फुटबॉल मैदान में विशाल जनसभा का आयोजन किया गया है. जिसमे बतौर मुख्य वक्ता मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव पधार रहे है. जो भाजपा सरकार के कार्यकाल के कार्यों, पार्टी के उद्देश्यों और विपक्षियों के मनगढ़ंत व लोलूप बातो को जनता के बीच रखने का कार्य करेंगे. साथ ही हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के कर्मठ उम्मीदवार मनीष जायसवाल के पक्ष में जनता से वोट मांगने का कार्य करेंगे. उक्त बाते प्रेस वार्ता कर भाजपा के बरही विस संयोजक सह पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कही.

### भीम आर्मी के सदस्यों ने माले प्रत्याशी विनोद सिंह से मुलाकात कर दिया समर्थन

**बरकट्ठा।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन प्रखंड इकाई बरकट्ठा के पदाधिकारियों व सदस्यों ने कोडरमा लोक सभा के इंडिया गठबंधन प्रत्याशी विनोद सिंह से उनके आवास पर मुलाकात की और इंडिया महागठबंधन के पक्ष में मतदान करने व चुनाव में तन मन से मतदाताओं को जागरूक करने का संकल्प लिया। मौके पर भीम आर्मी प्रखंड इकाई बरकट्ठा के अध्यक्ष प्रमोद दास ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहा कि कोडरमा लोकसभा का सर्वांगीण विकास के लिए कॉ. विनोद सिंह ही मात्र विकल्प है। कहा कि यदि कोडरमा लोकसभा का सर्वांगीण विकास चाहते हैं तो विनोद सिंह के पक्ष में मतदान कर उन्हें दिल्ली संसद भवन तक पहुंचाने का काम करें। ताकि गरीबों ,वंचितों ,शोषितों व पीड़ितों का आवाज दिल्ली संसद भवन तक पहुंच सके ।वहीं लोगों को संबोधित करते हुए कॉ बिनोद सिंह ने आश्वासन देते हुए कहा कि जिस तरह से आपलोगों का मदद, सहयोग और समर्थन मिल रहा है।

### इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में चलाया गया जनसंपर्क अभियान

# तानाशाह ताकतों को हटाने के लिए भाजपा को हराना होगा : जानकी

◆मोदी के शासनकाल में गरीबों का रुपया हड़पा जा रहा है। अमीरों की तिजोरी भरा जा रहा है



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** कोडरमा लोकसभा के इंडिया गठबंधन प्रत्याशी विनोद सिंह के पक्ष में जनसंपर्क अभियान के तहत ग्राम बरवां अडवार मैदान में पंचायत स्तरीय बैठक पूर्व विधायक सह झामुमो नेता जानकी प्रसाद यादव की उपस्थिति में की गई। बैठक की अध्यक्षता सलैया पंचायत के पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद और संचालन भाकपा माले के प्रखंड सचिव शेर मोहम्मद ने किया। पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि मोदी के शासनकाल में गरीबों का रुपया हड़पा जा रहा है। अमीरों की तिजोरी भरा जा रहा है। गांव में जलनल योजना में भारी लुट खसौट चल रही है, ग्रामीणों को पिने का पानी नसीब नहीं हो रही है,आज संविधान खतरे में है, संविधान को बचाने के लिए और देश में नौजवानों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए देश से तानाशाही हटाने के लिए एकजुट होकर विनोद सिंह का चुनाव चिन्ह झंडे में तीन तारा पर अगामी 20 मई को बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनावें। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष कुदुस अंसारी, ज्ञानी प्रसाद, केदार मंडल, महेंद्र महतो, त्रिभुवन प्रसाद, बालेश्वर यादव, ईश्वर महतो, दारा प्रसाद, जिबलाल दास, पंकज दास, हेमलाल महतो, शमीम अंसारी, मोहनी देवी, तेजनी देवी, जुमन मिंया, दशरथ प्रसाद, दिलीप रजक, जगदीश राणा ,कैलास राणा,चांदो यादव,गोपाल महतो,मुंशी महतो, समेत आदि लोग उपस्थित थे।

### मनोज सिन्हा की चर्चित कहानी 'मौत की छलांग' पर गोष्ठी

# कहानी मर्म को छूने के साथ परस्पर सहयोग की सीख देती है : मोना बग्गा



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** साहित्यिक संस्था 'परिवेश' के तत्वावधान में स्थानीय रामनगर रोड स्थित 'केसरी भवन' में कथाकार सह रंगकर्मी मनोज सिन्हा की चर्चित कहानी 'मौत की छलांग' पर एक गोष्ठी का आयोजन संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में प्रख्यात कथाकार रतन वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर सहदेव प्रसाद लोहानी सम्मिलित हुए। अध्यक्षता कवयित्री मोना बग्गा तथा संचालन एवं विषय प्रवेश 'परिवेश' के संयोजक विषय केसरी ने किया। कथाकार मनोज सिन्हा की यह कहानी मौत की छलांग जैसे खतरनाक करतब दिखाने वाले एक गरीब परिवार की तीन पीढ़ियों के संघर्ष से जुड़ी हुई है ।अध्यक्षता करते हुए कवयित्री मोना बग्गा ने कहा कि मौत की छलांग कहानी मर्म को छूती है और समाज को परस्पर सहयोग की सीख देती है। यह कहानी समाज के उस सच को भी सामने लाती है कि गरीबी और बेरोजगारी किस तरह व्याप्त है। मुख्य अतिथि कथाकार रतन वर्मा ने कहा कि अब परिस्थितियां बदली हैं । कलाकारों को अब एक नए रूप और तरीके से अपनी कला को प्रस्तुत करने की जरुरत है ।

### चंद्रवंशी समाज से मनोज तिवारी जल्द मांगे माफी : दीपक चंद्रवंशी



**बरकट्ठा।** बीते 7 मई दिन मंगलवार को दिल्ली में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष व वर्तमान सांसद प्रत्याशी मनोज तिवारी ने चंद्रवंशी (कहार) पर जाति विशेष शब्द कहार तथा कहरवेन एवम ये चार कहार कब आते है ।इस प्रकार से संबोधित करके पूरे चंद्रवंशी समाज के मान सम्मान एवम प्रतिष्ठा के साथ खेलवाड़ करने का काम किया है। पत्रकारों से बातचीत में चंद्रवंशी समाज के गैपहाड़ी पंचायत के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि दीपक चंद्रवंशी द्वारा इसकी कड़ी निंदा की। उन्होंने कि कहा मनोज तिवारी अपना अतीत झांक कर देखें कि वो एक नचनिया बजनिया से उठकर यहां तक पहुंचा है और आज अपना अस्तित्व भूल गया। आज मोदी का देन है कि मनोज तिवारी का अस्तित्व बचा हुआ है। मैं अपने समाज के लोगों से आग्रह करूंगा कि मनोज तिवारी के वोट का बहिष्कार करे ।कहा जब तक मनोज तिवारी माफी नहीं मांगेगा तब तक समाज में आक्रोश रहेगा।

# दसवीं परीक्षा में अमन रंजन, समृद्ध सिंह व प्रियांशु बने स्कूल टॉपर

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,कुम्हारटोली के कक्षा दसवीं के भैया -बहनों ने सीबीएसई परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपना परचम लहरा कर अपने माता-पिता एवं विद्यालय का नाम रोशन किया । गौरतलब है कि भैया अमन रंजन, समृद्ध सिंह एवं प्रियांशु राज ने 94.20 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर बने ।विद्यालय के टॉपर भैया- बहन अमन रंजन, समृद्ध सिंह एवं प्रियांशु राज 94.20 प्रतिशत, सौम्या रानी 93.80 प्रतिशत,खुशी रंजन 93.60 प्रतिशत, समृद्धि 93.60 प्रतिशत, काव्या सिन्हा 93.20 प्रतिशत, आदित्य सिन्हा 92.80 प्रतिशत, नैना कुमारी 92.40 प्रतिशत, रितिक कुमार यादव 92.20 प्रतिशत, निखिल कुमार 92 प्रतिशत, सृष्टि कुमारी 91.80 प्रतिशत हैं। भैया-बहनों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय




के सचिव फणींद्रनाथ , कोषाध्यक्ष अखिलेश कुमार, सदस्य गण, विद्यालय के प्राचार्य, ब्रजेश कुमार सिंह, प्रभारी प्राचार्य डॉ राजीव रंजन एवं विद्यालय के आचार्य बंधु- भगिनी ने टॉपर्स भैया -बहनों को शुभकामनाएं देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की' विद्यालय के प्राचार्य, ब्रजेश कुमार सिंह ने इस अवसर पर कहा कि- विद्यालय के आचार्यों के दिशा निर्देश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा भैया- बहनों को दी गई एवं भैया -बहनों के लगन एवं परिश्रम से परीक्षा में भैया -बहनों का शानदार प्रदर्शन दिखा। कक्षा दसवीं में विद्यालय के भैया -बहनों के शानदार प्रदर्शन से पूरे विद्यालय में हर्ष का वातावरण है।

# जेबीकेएसएस प्रत्याशी मनोज को जीताने का जनता मन बना चुकी है : महेंद्र प्रसाद



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक बरकट्ठा अंतर्गत गोरहर हनुमान मंदिर में बाइक रैली निकालकर आयोजित की गई। सभा का संचालन महेंद्र प्रसाद तथा गोरहर मुखिया प्रतिनिधि छोटन कॉल ने किया ।सभा को संबोधित करते हुए देवचंद महतो ने कहा कि 1932 खतियान लागू करने की मांग हमलोग द्वारा पुरजोर रुप से किया जायेगा ।वहीं केंद्रीय युवा मोर्चा के महासचिव प्रतिनिधि मुनरो पंचायत के अशोक कुमार मंडल ने कहा कि अपने बच्चों, मिट्टी से प्यार है तो जयराम महतो को मौका दें तथा उनके विचारों का समर्थन करें ।वहीं प्रेम नायक ने कहा कि 60/40 नाय चलतो का नारा को बुलंद किया जायेगा। महेंद्र प्रसाद ने कहा कि कोडरमा में बदलाव की ब्यार चल रही है। मतदाता मनोज कुमार यादव को जीतने के लिए ईवीएम के क्रम संख्या 10 में कैंची छाप पर बटन दबाने का मन बन चुके हैं।

### केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 12वीं का परिणाम किया घोषित

# श्री गुरूनानक पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने किया बेहतर प्रदर्शन



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया। जिसमे श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के परीक्षार्थियों ने उत्कृष्ट सफलता प्राप्त कर अपना परचम लहराया। परीक्षा में विद्यालय के 167 बच्चे शामिल हुए थे। विज्ञान संकाय से 89 ,वाणिज्य संकाय से 52 और कला संकाय से 26 विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे। जिसमें विज्ञान संकाय से सान्या कुमारी 91 प्रतिशत, रिश्ता शर्मा 89.6 प्रतिशत डिंपल कुमारी 89 प्रतिशत ,रोनित राज 87.8 प्रतिशत , अजय नंदन सिंह 85.6 प्रतिशत, रोशनी कुमारी 85.2 प्रतिशत, निशात नवाज 85 प्रतिशत, निशांत कुमार 83.6 प्रतिशत, श्रीनू गुप्ता 82.6 प्रतिशत, अंकित कुमार ने 82.6 प्रतिशत, कौशिक सिंह 81.6 प्रतिशत, कृतिका सोरेन 81.4 प्रतिशत, अनामिका तिवारी 80.8 प्रतिशत, निखिल कुमार गुप्ता 80 प्रतिशत, वाणिज्य संकाय से पीयूष कुमार 92.8 प्रतिशत, उदिता कुमारी 91.2 प्रतिशत, ऋषभ कुमार 90.6 प्रतिशत, एमडी साजिद अफरीदी 86 प्रतिशत, सृष्टि राय 83.8 प्रतिशत, हर्षिता राज पांडे 83.4 प्रतिशत, पूजल मित्तल 82.6 प्रतिशत, गुरप्रीत सिंह 80.6 प्रतिशत, आयुष कुमार राय 80.6 प्रतिशत, कला संकाय से स्नेहा आचार्य 96.6 प्रतिशत, अनुष्का वर्मा 95.4 प्रतिशत, नूर सबा 92.2 प्रतिशत, कुशाग्र श्रीवास्तव90.2 प्रतिशत, साहिल कुमार राज 89.6 प्रतिशत, सिमरन सिंह 85.4 प्रतिशत, मनामी घोष 81.6 प्रतिशत, अंक प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया। विज्ञान संकाय से 25 विद्यार्थियों ने , वाणिज्य संकाय से 13 विद्यार्थियों ने एवं कला संकाय से 08 विद्यार्थियों ने डिस्टिंक्शन अंक प्राप्त किया है। विद्यालय के प्राचार्य हरजाप सिंह ने विद्यालय के शिक्षकों की प्रशंसा करते हुए कहा की शिक्षकों की सही देखरेख में ही विद्यालय के विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है।

### डिवाइन के बच्चों का दसवीं परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

# रोशन कुमार 95.8% अंक लाकर विद्यालय के टॉपर बने

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड के गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सीबीएसई के 10वीं की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है ।विद्यालय के शत प्रतिशत बच्चों ने परीक्षा में सफलता हासिल की ।वहीं रोशन कुमार मंडल 95.8%% लाकर विद्यालय के टॉपर रहे। प्रमोद कुमार 94.6% अंक लाकर दूसरे स्थान पर, रीता कुमारी 94.2% लाकर तीसरे और पंकज ठाकुर 92% लाकर चौथे स्थान पर रहे ।सुमित कुमार और राजकुमार 90.8% लाकर पांचवे स्थान प्राप्त किये। सुमन कुमारी 90.2%, पिंटू कुमार 90%, जुनैद इकबाल 89%, कुमारी सिमरन यादव 87.6%, राखी कुमारी 87.2%, सावन कुमार 86.6%, रोशनी




कुमारी 86.6%, आदित्य कुमार 86.6%, कृष्णा पंडित 86.4%, पियूष पंडित 85.4% अंक प्राप्त किये ।विद्यालय निर्देशक आई. पी भारती ने इस का श्रेय बच्चों, उनके अभिभावकों व शिक्षकों की मेहनत को दी। डिवाइन प्रबंधन समिति ने भी बच्चों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

### कायस्थ समाज ने मनाया अपने आराध्य श्री चित्रगुप्त जी महाराज का प्रकटोतस्व

**हजारीबाग।** कायस्थ समाज के आराध्य भगवान श्री चित्रगुप्त महाराज जी की प्रकटोतस्व उत्सव हजारीबाग में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। हजारीबाग में पहली बार छठ तालाब स्थित भगवान श्री चित्रगुप्त महाराज जी के मंदिर में समाज की ओर से भव्य पूजा,हवन का आयोजन के साथ भंडारे का भी आयोजन किया गया । जिसमें हजारीबाग के तमाम कायस्थ मुख्य रूप से उपस्थित हुए ।मौके पर समाज की ओर से बताया गया की वैशाख शुक्ल सप्तमी तिथि 14 मई को हमारे अराध्य भगवान श्री चित्रगुप्त महाराज जी का प्रकटोतस्व मनाया जा रहा है। जिसमे कायस्थ समाज के साथ अन्य समाज के लोगो न भी भाग लिया और इस पूजा का सफल बनाया । पूजा के उपरांत भंडारे के रूप में पूड़ी हलवा चना बनाया गया था, जिसे सभी वर्ग में मंदिर के प्रांगण से बाटा गया। कहा गया की आने वाले समय इससे भी भव्य तरीके से पूजा का आयोजन किया जायेगा।

# सरस्वती विद्या मंदिर वर्षा रानी 10वीं में 96 प्रतिशत लाकर बनी विद्यालय टॉपर



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** सीबीएसई द्वारा घोषित 10वीं और 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा प्रोजेक्ट का भी उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। 10वीं कक्षा के परिणाम में विद्यालय की बहन वर्षा रानी 96 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय की टॉपर बनी। जबकि सौम्या मिश्रा 87,सोनल चंद्रा 86,आशीष कुमार 85,रिया गुप्ता 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है ।इस वर्ष 10वीं की परीक्षा में कुल 98 भैया-बहन सम्मिलित हुए थे जिसमें शत प्रतिशत उतीर्ण हुए। वही सीबीएसई द्वारा आयोजित 12वीं की परीक्षा में भैया आयुष कुमार भगत ने बारहवीं विज्ञान संकाय में 76.2 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर बने,बहन प्राची सिंह 75 प्रतिशत लाकर द्वितीय टॉपर जबकि बहन श्रुति कुमारी 72 प्रतिशत लेकर तृतीय टॉपर बनी। कला संकाय में बहन प्रियंका कुमारी 77.4 प्रतिशत लाकर प्रथम टॉपर, बहन निशु पांडा 66.2 प्रतिशत अंक प्राप्तकर विद्यालय में द्वितीय एवं बहन आंचल कुमारी 64.2 प्रतिशत लेकर तृतीय टॉपर बनकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विज्ञान एवं कला दोनों संकाय में इस वर्ष शत प्रतिशत विद्यार्थी सीबीएसई बारहवीं बोर्ड परीक्षा में सफल हुए। उनकी सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद सहित विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष उपेंद्र नारायण प्रसाद सचिव गोपाल नायक, सह सचिव सुधाकर सिंह मुंडा, कोषाध्यक्ष आशीष झा, उपाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी एवं सुनील कुमार सिन्हा ने सभी सफल भैया-बहनों को शुभकामना देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की।

## न्यूज बॉक्स

### दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास के तहत दीक्षांत समारोह का आयोजन



**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय रामगढ़ के तत्वाधान में 14 मई को दीक्षांत और स्टार एलुमनाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षणार्थियों को शैक्षणिक प्रमाण पत्र वितरण किया गया और नौकरी करके वापस लौटे प्रशिक्षणार्थियों को भी सम्मानित किया गया। मौके पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी. एन.साह, सचिव प्रियंका कुमारी, कुलसचिव डॉ. निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार,परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशोक कुमार, सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ. रश्मि, प्रबंध समिति के सदस्य श अजय कुमार ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में कौशल विकास प्रशिक्षण के सभी शिक्षकगण, कर्मचारीगण एवम छात्र -छात्राएं उपस्थित थे।

### वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी के निधन पर शोक

**न्रामगढ़।** बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सह भाजपा के वरिष्ठ नेता सुशील कुमार मोदी के निधन पर भाजपा रामगढ़ जिला समिति के सदस्यों ने शोक संवेदना व्यक्त की है। उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए भाजपा के रामगढ़ जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने कहा कि 1974 के छात्र आन्दोलन में उनकी अहम भूमिका थी। श्री मेहता ने कहा कि देखते देखते वे भाजपा के एक बड़े नेता के रुप में स्थापित हो गए। उनका निधन भाजपा परिवार के लिए बहुत बड़ी क्षति है। सुशील कुमार मोदी के निधन पर वरिष्ठ नेता रंजीत सिन्हा, अमरेन्द्र कुमार गुप्ता, इला रानी पाठक, रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, डॉ संजय सिंह, चंद्रशेखर चौधरी, राजू चतुर्वेदी, बलराम महतो, आनन्द बेदिया अखिलेश प्रसाद, सरिता ठाकुर खिरोधर साहू, रंजन फौजी राजू कुशवाहा, रमेश वर्मा, दिलीप सिंह, किरण देवी, संजीव कुमार बाबला, वसुध तिवारी सुरेन्द्र करमाली, दीनदयाल कुमार, राजीव पामदत्त प्रवीण कुमार सोनू, महेन्द्र प्रजापति, सहदेव ठाकुर, उमेश प्रसाद, विजय जायसवाल, नमेंद्र चंचल, सुबोध सिंह, बबलू कुशवाहा, सुनिल कुमार बर्नवाल, रोबिन गुप्ता, बैजनाथ साव, विनोद कुमार, सैय्यद किरमानी, सुखदेव प्रसाद, शिव कुमार महतो, महेन्द्र महतो, महेश चौधरी, मनोज सिंह, सुरजीत सिंह छाबड़ा सहित पार्टी के कई सदस्यों ने शोक व्यक्त किया है।

### झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन हुआ



**रामगढ़।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति रामगढ़ इकाई के चुनाव कार्यालय का मंगलवार 14 मई को रामगढ़ कॉलेज के निकट उदघाटन हुआ। चुनाव कार्यालय का उदघाटन हजारीबाग लोकसभा के झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा सह झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के समर्थित उम्मीदवार संजय मेहता के हाथों फीता काट कर उद्घाटन किया गया। मौके पर उन्होंने कहा कि चुनाव कार्यालय खुलने से लोगों में एक उम्मीद आएगी तथा कार्य करने में आसानी होगी और निश्चित तौर पर हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र में चुनाव प्रचार की कार्य गति तेज होगी। उन्होंने कहा कि टाइगर जयराम महतो के हाथों को मजबूत करने के लिए समर्थित उम्मीदवार संजय मेहता को रिकार्ड मतों से जीत हासिल करने के लिए सभी कार्यकर्ता मेहनत कर रहे हैं । मौके पर मुख्य रूप से आनंद केटियार, पनेश्वर महतो, पवन महतो, बिनोद महतो आदि उपस्थित थे।

### बच्चों को प्रेरित करने वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी पहुंचे सरस्वती शिशु विद्या मंदिर



**हजारीबाग।** वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी, नेशनल सैंपल सर्वे ऑफिस हजारीबाग के सूरज कुमार द्वारा प्रार्थना सभा में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बाबू गांव कोर्रा में दीप प्रज्ज्वलित किया गया।इस अवसर पर उन्होंने भैया बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें सदा सत्य बोलना चाहिए ,धर्म की राह पर चलना चाहिए, माता पिता एवं गुरु का सम्मान करना चाहिए। पाश्चात्य सभ्यता का अनुकरण न करते हुए हमें प्रतिदिन मातृ दिवस मनानी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि विद्या मंदिर ही एक ऐसी संस्था है, जहां बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी दिया जाता है। उन्होंने कहा कि विद्या मंदिर के प्रांगण में आकर और वंदना सभा में भाग लेकर मुझे बहुत शांति एवं सुकून महसूस हुआ यही एकमात्र विश्व की ऐसी संस्था है, जहां भैया बहनों को प्रथम कक्षा से ही संस्कृत की शिक्षा दी जाती है यह विद्यालय वास्तव में नैतिकता, अनुशासन, सर्व कल्याण, शांति एवं शिक्षा का केंद्र है, उन्होंने आगे भैया बहनों को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि आप अपने माता-पिता और पड़ोसियों को मतदान के प्रति जागरूक करें और उन्हें 20 तारीख को होने वाले मतदान में अवश्य भाग लेने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य एवं दीदी उपस्थित थे।

### हजारीबाग बार एसोसिएशन पहुंचे मनीष जायसवाल जनसंपर्क कर अधिवक्ताओं से मांगा समर्थन

**हजारीबाग।** लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने मंगलवार की सुबह हजारीबाग बार एसोसिएशन परिसर में अधिवक्ता संघ के विभिन्न भवन में अधिवक्ताओं से जनसंपर्क करते हुए भाजपा और अपने पक्ष में मतदान की अपील की।बार एसोसिएशन के सभागार में अधिवक्ता संघ, हजारीबाग द्वारा भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल का गर्मजोशी से स्वागत और सम्मान किया गया। अधिवक्ताओं को संबोधित श्री जायसवाल ने कहा कि हमारे और आपके पेशे में समानता है। मनीष जायसवाल ने कहा कि वर्तमान लोकसभा का चुनाव वैश्विक तौर पर बेहद ही गंभीर चुनाव है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में विश्व का हर शक्तिशाली देश किसी न किसी समस्या से घिरा है और परेशान है लेकिन किसी देश में अगर स्थिति बेहतर है और शांति का माहौल है तो वह भारतवर्ष ही है। उन्होंने कहा की याद करिए भारत के पुराने दिन जब बम ब्लास्ट की खबरें आम हुआ करती थी, पाकिस्तान जैसा छोटा देश भारतवर्ष को धमकी देते था, चीन आंख दिखाता था, बॉर्डर की सीमाएं असुरक्षित हुआ करती थी लेकिन 2014 के बाद आपने मोदी सरकार को चुना और स्थितियां बदलने लगी।

## एक नजर

### बस ऑनर एसो. ने बसों की सुरक्षा के लिए लगायी गुहार

**कोडरमा।** जिला बस ओनर एसोसिएशन के महासचिव मनोज सहाय पिंकू ने सोमवार को विज्ञप्ति जारी कर एसपी और जिला प्रशासन से राष्ट्रीय राजमार्ग पर चलने वाली बसों के सुरक्षा के लिए गुहार लगाई है। श्री सहाय ने तिलैया थाना प्रभारी को भेजे गए रात्रि बस के चालकों का हस्ताक्षर युक्त आवेदन पत्र भी संलग्न किया है, जिसके अनुसार उपद्रवी तत्वों द्वारा रात नौ बजे से 12 बजे के बीच झुमरी तिलैया बाईपास रेलवे ओवरब्रिज से सुभाष चौक के बीच बाइक सवार उपद्रवी तत्वों द्वारा पत्थर मारकर बसों का शिक्षा तोड़े जाने पर कार्रवाई की अपील किया है। उन्होंने रात में झुमरी तिलैया होकर गुजरने वाली रात्रि बस के कर्मचारी,सवारी के सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन से अविलंब कड़ा कदम उठाकर दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग किया है। सुरक्षा की मांग करने वालों में जिला बस ओनर एसोसिएशन के अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव,उपाध्यक्ष मनीष चौधरी,मोहन यादव, रोहित यादव, रणजीत सिंह सहित अन्य बस मालिक शामिल हैं।

### गांधीधाम- हावड़ा गरबा एक्स. का पेंटो ओएचई तार से हुआ ब्लॉक, बड़ा हादसा टला

**झुमरी तिलैया।** कोडरमा-गया रेल खंड के पहाड़पुर के पास ट्रेन संख्या 12937 गांधीधाम हावड़ा गरबा एक्सप्रेस के इंजन का पेंटो ओएचई तार से ब्लॉक हो जाने के कारण ओएचई करंट का तार टूट गया। इससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। इस घटना के कारण डाउन लाइन में करीब साढ़े तीन घंटे तक परिचाल बाधित रहा। घटना सुबह करीब 5:30 से 6:00 बजे के बीच की बताई जाती है। घटना की सूचना मिलने पर धनबाद रेल मंडल के कई पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचकर घटना के बाबत जानकारी ली। वही तकनीकी विभाग की टीम व रेलकर्मियों द्वारा परिचालन को सामान्य करने में जुटे थे। करीब 9:44 बजे डाउन लाइन पर परिचालन को सामान्य किया गया। इस घटना के कारण वंदे भारत समेत आधा दर्जन यात्री ट्रेनों का परिचाल प्रभावित रहा।प्रभावित ट्रेनों में घटना को लेकर करीब आधा दर्जन एक्सप्रेस ट्रेनें विभिन्न स्टेशनों पर खड़ी रही। इसमें 22349 वंदे भारत एक्सप्रेस 2 घंटा 40 मिनट, 13305 इंटरसिटी एक्सप्रेस 1 घंटा 20 मिनट, 13546 गया-असनसोल मेमू एक्सप्रेस 2 घंटा 35 मिनट, 12365 एक घंटा 36 मिनट, 18428 आनंदविहार-पुरी एक्सप्रेस तीन घंटा 12 मिनट विलंब से चली।

### सेवा भारती ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**झुमरीतिलैया।** लोकसभा चुनाव को लेकर कोडरमा लोकसभा में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने को लेकर सेवा भारती ने कांको पंचायत में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। इसके तहत मतदाताओं से शत- प्रतिशत मतदान करने का अपील की गयी। संस्था के जिला सचिव आलोक कुमार सिन्हा ने बताया कि लोकसभा में मतदान का प्रतिशत बढ़े, इसके लिए सेवा भारती मतदाताओं के बीच जाकर मतदाता जागरूकता अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि यह अभियान घर-घर जाकर अंतिम मतदाता तक मतदान के प्रति जागरूक करेगी। सेवा भारती के सदस्यों द्वारा यह कार्यक्रम अभी लगातार जारी रहेगा। सभी मतदाताओं के बीच मतदाता शपथ भी कराया गया। मौके पर जिला संयोजक गौरव कुमार, सदस्य रवि छाबड़ा, प्रेम भारती, स्वयं सहायता समूह की कलावती देवी, सरस्वती देवी, माधुरी आदि थे।

# चुनाव कार्य से लौट रही पुलिस की मालवाहक ट्रक ने बाइक सवार दंपती को रौंदा, मौत







### आरोपी चालक लोगों की भीड़ में खलासी बन कर घूमता रहा, लोगों ने कहा मामला गंभीर होता देख पुलिस ने चालक को भगा दिया

**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा**

थाना क्षेत्र के बनजोगा सड़क टोली में चुनाव कार्य संपन्न कराकर वापस लौट रहे छत्तीसगढ़ आर्म्स पुलिस फोर्स के मालवाहक चौदह चक्का ट्रक आरजे 05 जीबी 2069 ने बाइक सवार दम्पति को रौंदने से बाइक में सवार महिला की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक महिला की पहचान कौवादरहा निवासी बिरसमनी देवी के रूप में की गई है। घटना में बाइक चालक मृतका के पति कपिलास सिंह एवं एक वर्षीय दुधमुही बच्ची वैष्णवी कुमारी की सिर और चहेरे में गंभीर रूप से चोट लगी है। घायलों को छत्तीसगढ़ आर्म्स पुलिस फोर्स के जवान अपने बोलेर गाड़ी से जलडेगा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाया जहां दोनों पिता और पुत्री को प्राथमिक इलाज करने के बाद सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घटना के सम्बन्ध में स्थानीय ग्रामीणों ने बताया की कौवादरहा निवासी कपिलास सिंह अपनी पत्नी बिरसमनी देवी व एक वर्षीय दुधमुही बच्ची वैष्णवी कुमारी के साथ जलडेगा से खरीददारी कर वापस अपने घर लौट रहे थे इसी क्रम में बनजोगा सड़क टोली के निकट विपरीत दिशा से आ रहे चुनाव कार्य में लगे पुलिस के मालवाहक ट्रक ने बाइक सवार दंपती को रौंदते हुए दाहिने ओर सड़क से निचे झाड़ियों में ले गया। जिससे महिला बिरसमनी देवी और मोटरसाइकिल ट्रक के अगले दाहिने चक्के के निचे दब गए, वहीं पति कपिलास सिंह और बच्ची दूर जाकर गिरे। घटना के बाद महिला चक्के में दबे होने के बावजूद काफी देर तक कराहती रही लेकिन लंबे समय तक दबे रहने के कारण महिला घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद पूरा सड़क जाम हो गया। सुचना आग की तरह पूरे प्रखंड में फैल गई एवं देखते ही देखते लोगों की भीड़ जमा हो गई। घंटो कड़ी मशक्कत के बाद जेसीबी की सहायता से महिला के शव को बाहर निकला गया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलडेगा लाया गया जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

### गाड़ी में तेल नहीं, तीन दिनों से खड़ी है 108 एंबुलेंस, जिम्मेदार कौन?

सड़क दुर्घटना के शिकार हुए घायलों को छत्तीसगढ़ आर्म्स पुलिस फोर्स के जवानों ने अपने बोलेर गाड़ी से जलडेगा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तक तो पहुंचा दिया लेकिन प्राथमिक इलाज के बाद दोनों पिता और पुत्री को बेहतर इलाज के लिए सिमडेगा तक पहुंचाने के लिए गाड़ी नही मिला। अस्पताल प्रबंधन ने कहा चालक भी है और 108 एंबुलेंस गाड़ी भी परिसर में खड़ी है लेकिन उसमे तीन दिन से तेल नही है। घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार ने अस्पताल प्रबंधन से बात कर एचएमएस फंड से तेल भरवाकर घायलों के इलाज के लिए आवश्यक कारवाई करने का आदेश दिया। लेकिन अस्पताल प्रबंधन ने बीडीओ के आदेश को भी नही माना, अस्पताल प्रबंधन का कहना था कि ये सब गाड़ी सिस्टम से चलता है। मामला गंभीर होता देख बाद में एंबुलेंस को बुलाया गया और करीब प्राथमिक इलाज के दो घंटे बाद घायलों को सिमडेगा रेफर किया गया।

### गांव में पसरा मातम, गुपचुप बेच कर घर चलाती थी बिरसमूनी

बिरसमनी देवी की अकास्मिक मौत से पूरा गांव में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रो कर बुरा है। मृतक बिरासमूनी के कंधे पर अपनी तीन बेटी नेहा कुमारी, 10 वर्ष, सकिना कुमारी 4 वर्ष, वैष्णवी कुमारी 1 और 85 वर्षीय सासू मां की जिम्मेदारी थी। बिरसमुनी गुपचुप आदि बेचकर परिवार का भरण पोषण करती थी। एक वर्षीय बच्ची वैष्णवी कुमारी एम्बुलेंस में सदर हास्पिटल ले जाने के क्रम में थाना के चौकिदारनी की गोद में जोर जोर से रो रही थी, सामने घायल पड़ा बाप अपनी बेटी को रोता देखकर तड़प रहा था।

### थाना प्रभारी ने कहा कानूनी प्रक्रिया के तहत होगी कारवाई

**मामले पर थाना प्रभारी शशि शंकर सिंह ने कहा कि घटना दुखद है। फिलहाल चालक पुलिस हिरासत से बाहर है। घटना के बाद उसे भगा दिया गया है। कागजी कारवाई चल रही है। घटना के दोषी चालक अथवा मालिक के ऊपर निश्चित रूप से कानूनी कारवाई की जायेगी।**

## संदेहास्पद स्थिति में जहानाबाद निवासी की सिमडेगा में मौत

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत फरसाबेड़ा में बिहार के जहानाबाद निवासी राकेश शर्मा नामक व्यक्ति की सन्देहास्पद स्थिति में मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार राकेश शर्मा फरसाबेड़ा में रहकर कारपेंटर का काम करता था और अचानक मंगलवार की सुबह उसे उसके साथियों के द्वारा अचेत अवस्था में पाया गया ,तत्काल उसे निजी वाहन द्वारा इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल लाया जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई जिसके बाद सदर अस्पताल सिमडेगा पुलिस पहुंचकर मृतक के सब को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करते हुए शव परिजनों को सौंप दिया, वहीं पुलिस मौत के कारणों को पता लग रही है, पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली कारणों पता चल सकेगा। उनके अन्य साथियों के द्वारा निजी वाहन से उसे पोस्टमार्टम के पश्चात जहानाबाद ले गए जहां पर उसका अंतिम संस्कार की जाएगी।

### भारत जोड़ो अभियान की टीम ने की महागठबंधन प्रत्याशी को वोट देने की अपील

**कोडरमा।** भारत जोड़ो अभियान झारखंड टीम मंगलवार को कोडरमा पहुंची। इस दौरान कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से गठबंधन के भाकपा माले उम्मीदवार बिनोद सिंह को वोट देने की अपील की। भारत जोड़ो अभियान ने धर्म,जाति की राजनीति खत्म कर मुद्दों की राजनीति महंगाई,बेरोजगारी को खत्म करने मोदी सरकार को हटाने का आह्वान किया। भारत जोड़ो अभियान ने कोडरमा के आदिवासी इलाके के लिए आदिवासी घोषणा पत्र जारी किया।

## पत्नी को बचाने में पति की करंट से मौत



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत पिथरा बनटोली गांव में मंगलवार की सुबह खेत में काम कर रही महिला को करंट की चपेट में आने से बचाने के क्रम में पति झुलस गया और सदर अस्पताल सिमडेगा में मौत हो गई मृतक की पहचान खरिस्तोफर केरकेट्टा के रूप में हुई। घटना के संबंध में मृतक की बेटी ने बताया कि उसकी मां खेत में मिर्च तोड़ रही थी और इसी दौरान पंप से पानी पटाने का काम कर रही थी इसी दौरान अचानक उसकी मां को करंट लगा और बगल में ही काम कर रहे हैं उसकी पिता को नजर पड़ी था वह बचाने के लिए गया इस दौरान उसकी मां करंट से बच गई, लेकिन उसके पिता करंट की चपेट में आगे और पूरी तरह से झुलस गए जिसे सदर अस्पताल सिमडेगा लाने पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया ।

## स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**नवीन मेल संवाददाता। कोडरमा**

लोकसभा चुनाव के निमित्त स्वीप कोषांग कोडरमा के तहत मंगलवार को जिला स्तरीय पैदल मार्च का आयोजन किया गया।

वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह उप विकास आयुक्त ऋतुराज के नेतृत्व में पैदल मार्च झुमरी तिलैया नगर परिषद अंतर्गत महाराणा प्रताप चौक से लेकर झंडा चौक से होते हुए कोडरमा स्टेशन तक निकाला गया।

उप विकास आयुक्त ने कहा कि मतदाता जागरूकता हेतु पैदल मार्च का आयोजन किया गया, ताकि नैतिक मतदान करने के लिए स्वयं एवं लोगों को जागरूक किया जा सके और लोकतंत्र के इस महापर्व में सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। 20 मई 2024 को अपने घरों से निकलें एवं लोकतंत्र के इस महापर्व में शामिल होकर जिम्मेदार नागरिक का फर्ज निभाएं और मतदान अवश्य करें। उप विकास आयुक्त ऋतुराज के द्वारा नैतिक मतदान करने का शपथ दिलाया गया।

## आरसी बालिका मध्य विद्यालय जीतूटोली में बाल संसद का गठन, प्रधानमंत्री बनी सूफिया सुरीन

**नवीन मेल संवाददाता। बानो**

बानो प्रखंड के आरसी बालिका मध्य विधालय जीतुटोली में बाल संसद का गठन किया गया। चयनित छात्रों का स्वागत किया गया प्रधान अध्यापिका सिस्टर पुष्पा मिंज ने बाल संसद के पदाधिकारी का पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गयी. उन्होंने बाल संसद के दायित्व कार्यों और कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी तथा कहा कि सभी छात्राएं अपने कार्य और दायित्व का निर्वहन बेहतर ढंग से करें। बाल संसद में प्रधानमंत्री सुफिया सुरीन, उपप्रधानमंत्री एसवथेर कडुंलना ,एलिन सुरीन व पिंकी कुमारी, अनुशासन मंत्री दीक्षा कुमारी , क्षितिका तिर्की, सीता कुमारी व सुशीला लुगुन, संस्कृति मंत्री सानिया मड़की,अदिति तोपनो, आकृति कुमारी ,प्रियंका कडुंलना, क्रूसवीर मंत्री अनिशा बुढ़, एलिस बुढ़, प्रतिमा सुरीन, इलिसभा समद, अनुप्रिया लुगुन, एलिसा बखला,



स्वास्थ्य मंत्री तृप्ति कुमारी,मुक्ति बुढ़,सीमा। कुमारी,रीतिका कुमारी, खेल मंत्री प्रिया होरो लीलावती कुमारी, सूरजमनी भुइंया प्रीति राय कंडुंलना, सफाई मंत्री प्रतिभा सुरीन, सुमीरा आइंद, रिंकी कुमारी उषा सोरेंग, आश्रिता सुरीन पर्यावरण मंत्री पौलिना तोपनो सुषमा सुरीन, उषा रानी तिडु, मुस्कान तोपनो, होलिका कुमारी रितिका कुमारी आसमा कडुंलना को बनाया गया ।

## कांग्रेस पार्टी के बूथ एजेंट के बेटे के साथ मारपीट

# झारखंड पार्टी के कार्यकर्ता पर लगा आरोप

**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर**

थाना क्षेत्र के जपलंगा में सोमवार शाम लगभग 6 बजे लोकसभा चुनाव कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र बूथ संख्या 216 रा. उत्क्र. म. विद्यालय जपलंगा में प्रधिकृत बूथ एजेंट सुशील एक्का के बेटे निरोज एक्का को कथित रूप से झारखंड पार्टी के बूथ एजेंट संदीप कुजूर एवं उसके सहयोगियों ने लाठी डंडे से मारकर गंभीर रूप से घायल किया। संदीप कुजूर एवं सुशील एक्का एक ही बूथ पर अलग-अलग पार्टी द्वारा अधिकृत बूथ एजेंट थे। संदीप मतदान केंद्र के पास ही कई बार लोगों से एवं अन्य पार्टियों के बूथ एजेंटों से बकझक करने की कोशिश कर ही रहा था ।किन्तु गांव वालों के कहने पर शांत था ,मतदान



खत्म होने के बाद लगभग शाम 6 बजे निरोज एक्का अपने साथियों के साथ ठेठईटांगर बोलबा रोड के कोरों मियां जपलंगा मोढ़ के पास चट्टान पर बैठा हुआ था, तब ही संदीप कुजूर नामक झापा कार्यकर्ता अपने एक साथी के साथ वहां पहुंचकर 'तुमलोग कांग्रेस पार्टी का प्रचार करते हो देख लेना' कहकर बहस करने लगा, इतने में संदीप कुजूर के और साथी लगभग दस की संख्या में लाठी डंडे लेकर टेम्पो से वहां आ पहुंचे तथा लाठी डंडे से निरोज एक्का एवं उनके साथियों पर प्रहार करने लगे इतने में आस पास के ग्रामीण वहां पहुंचकर बीच बचाव किए और घायलों को सदर अस्पताल सिमडेगा पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने निरोज एक्का के हालत को गंभीर देखते हुए रीम्स रेफर किया निरोज एक्का को सिर एवं हाथ में गंभीर चोटें लगी है। निरोज एक्का के परिजनों ने पुलिस अधीक्षक सिमडेगा को आवेदन देकर खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। मामले में झारखंड पार्टी के जिला अध्यक्ष ने कहा कि मामला आपसी विवाद का है इस पर राजनीति को जोड़ना पूरी तरह से निराधार है उन्होंने कहा कि पुलिस इस मामले में जांच करें ताकि मामले में जो भी दोषी हो उसे पर कार्रवाई हो।

### जिम्मेदार नागरिक का फर्ज निभाएं और मतदान अवश्य करें: डीडीसी

**कोडरमा।** लोकसभा चुनाव को लेकर मंगलवार को स्वीप कोषांग के तहत जिला स्तरीय पैदल मार्च का आयोजन किया गया। वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह डीडीसी ऋतुराज के नेतृत्व में पैदल मार्च झुमरी तिलैया स्थित महाराणा प्रताप चौक से झंडा चौक से होते हुए कोडरमा स्टेशन तक निकाला गया। डीडीसी ने कहा कि मतदाता जागरुकता के लिए पैदल मार्च का आयोजन किया गया है, ताकि नैतिक मतदान करने स्वयं और लोगों को जागरूक किया जा सके। उन्होंने कहा कि 20 मई को अपने घरों से निकले और लोकतंत्र के इस महापर्व में शामिल होकर जिम्मेदार नागरिक का फर्ज निभाएं और मतदान अवश्य करें।

## न्यूज बॉक्स

### फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**सिमडेगा।** बानो प्रखंड के महबुवांग ओपी क्षेत्र अंतर्गत जमटोली गांव निवासी 18 वर्षीय कृष महतो नामक युवक ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली मामले की जानकारी मंगलवार की सुबह परिजनों के द्वारा पुलिस को दी गई जिसके बाद घटनास्थल पर पुलिस पहुंची और मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया ।जानकारी देते हुए चचेरे भाई ने बताया कि मृतक 13 मई को मतदान केंद्र से वोट देने के बाद घर आया और किसी से किसी प्रकार की कोई भी लड़ाई झगड़ा नहीं हुई थी, अचानक रात को घर में फांसी लगा लिया वहीं उन्होंने यह भी बताया कि 17 अप्रैल को मृतक का गुमला जिला के सिसई थाना क्षेत्र अंतर्गत कुम्हारी की युवती से उसकी सगाई होना था ,इधर अचानक आत्महत्या कर लेने से परिवार में शोक का लहर है पुलिस आत्महत्या के कारणों पता लग रही है।

### वोट देकर लौट रहे दंपत्ति मोटरसाइकिल दुर्घटना के हुए शिकार पत्नी की हुई मौत

**सिमडेगा ।** लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जमशेदपुर से सिमडेगा वोट देने के लिए आए दंपति लौट के क्रम में सिमडेगा रांची मुख्य मार्ग सरईपानी के पास सड़क हादसे के शिकार हो गए, घटना में दोनों घायल हुए जिन्हें अस्पताल लाया गया जहां पर इलाज के क्रम में पत्नी की मौत हो गई। मृतक महिला की पहचान रजनी लकड़ा के रूप में हुई जबकि उसके पति की पहचान राजू मुंडा के रूप में हुई। बताया गया कि वे लोग जमशेदपुर से सिमडेगा मतदान के लिए पहुंचे थे और मतदान प्रक्रिया संपन्न होने के बाद वह लोग मोटरसाइकिल से लौट रहे थे, इसी दौरान हादसे का शिकार हो गये। वही सिमडेगा में रहने वाले परिजन को जब इसकी जानकारी हुई तो वह सदर अस्पताल पहुंचे और उसे डीप फ्रीजर में रखवा कर परिजनों का इंतजार किया गया। काफी देर बाद जमशेदपुर से उनके अन्य परिजन पहुंचे इसके बाद शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए पुलिस के द्वारा परिजनों को सौंप दिया गया।

### शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक मतदान होने पर खूंटी लोकसभा के जिला पर्यवेक्षक ने जताया आभार

**सिमडेगा।** खुंटी लोकसभा सीट के लिए सिमडेगा में शांति पूर्ण एवं सफलता पूर्वक मतदान संपन्न होने पर मतदाताओं के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि जागरूक मतदाताओं से लोकतंत्र मजबूत होता है। खुंटी लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं ने लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लेकर इसे सफल बनाया है। मतदान कर्मी भी सुरक्षित वापस लौट गए। सभी के सहयोग से चुनाव के दौरान किसी तरह का कोई अप्रिय घटना घटित नही हुई। सफलतापूर्वक मतदान संपन्न कराने पर विधायक भूषण बाड़ा ने जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, पुलिस बल, जैप के जवान, मतदान कर्मी, आम जनता एवं निर्वाचन कार्य मे लगे सभी अधिकारियों व कर्मियों को भी धन्यवाद एवम आभार व्यक्त किया ।

### कोडरमा में कांटे की टक्कर, भगवा या लाल 4 जून को होगा तय




**कोडरमा।** झारखंड के दूसरे चरण के चुनाव में कोडरमा लोकसभा सबसे हॉट सीट बन गया है। यहां भगवा और लाल झंडे के बीच कांटे की टक्कर नजर आ रही है। भाकपा माले उम्मीदवार विनोद सिंह और भाजपा उम्मीदवार अन्नपूर्णा देवी में कड़ी टक्कर है। वहीं झामुमो के बागी पूर्व विधायक जय प्रकाश वर्मा भाजपा के परांपरगट वोटरों यानी कुशवाहा जाति को अपने पक्ष में करने में लगे हैं। जय प्रकाश वर्मा कुशवाहा समाज के बीच अपने वजूद का चुनाव बताते हुए अपने पक्ष में वोटों का ध्रुवीकरण करते दिख रहे हैं। वहीं, विनोद सिंह की साफ छवि कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के सभी वर्गों के बीच चर्चा का केंद्र बनी हुई है। माले प्रत्याशी रात-दिन चुनाव प्रचार में लगे हुए हैं। साल 2019 के चुनाव में भाजपा उम्मीदवार अन्नपूर्णा देवी ने 7,53,016 वोट लाकर रिकार्ड मतों से जीत हासिल की थी, लेकिन इस बार उनकी राह आसान नहीं है। जनता उनके कामकाज का हिसाब मांग रही है।कोडरमा शिक्षा के मामले में भी काफी पिछड़ा नजर आता है। इलाके में न तो कोई इंजीनियरिंग कॉलेज है, ना ही मेडिकल कॉलेज। स्वास्थ्य के मामले में भी कोडरमा काफी पिछड़ा हुआ है। वहीं कृषि भी बारिश पर टिकी हुई है। क्षेत्र में अगर कम बारिश हुई तो कृषि व्यवस्था चरमरा जाती है। इलाके में पत्थर खनन कार्य भी पर्यावरणीय कारणों से अधिकांश बंद हो चुका है। उपजाऊ जमीन रहते हुए भी सिंचाई के साधन सृजित नहीं होने से वैसी खेती नहीं होती जैसी होनी चाहिए। बारिश हो तो अच्छी फसल नहीं तो किसान हाथ मलते रह जाते हैं।

### अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करेंगे मतदानकर्मी: डीसी

**कोडरमा ।** कोडरमा के समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में मंगलवार को विभिन्न कोषांग की समीक्षा बैठक हुई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी कोषांगों के कार्यों की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मतदानकर्मी और अधिकारी अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वह्न करेंगे। उन्होंने क्लस्टर, मतदान केन्द्रवार मूलभूत सुविधाएं, वाहनों की उपलब्धता, मतदान कर्मियों की रहने, भोजन की व्यवस्था से जुड़े बिंदुओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए मतदान केंद्रों पर सभी प्रकार की मुकम्मल तैयारी करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों को किसी भी प्रकार की कोई दुविधा होने पर अपने वरीय पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करेंगे। सभी पदाधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करें, ताकि किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो। लोकसभा चुनाव के तहत चुनावी प्रक्रियाओं को स्वच्छ, निष्पक्ष, त्रुटिरहित और शांतिपूर्ण, निर्भीक होकर संपन्न कराना हमारी प्राथमिकता और जिम्मेदारी है। मौके पर डीडीसी ऋतुराज, एसी पूनम कुजूर, एसडीओ रिया सिंह, डीटीओ विजय कुमार सोनी, डीपीआरओ रवि कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी गिरिजा शंकर महतो आदि मौजूद थे।

## कल्पना की रैली कैमरे की नजर से




कल्पना को सुनने बड़ी संख्या में जुटे ग्रामीण गिरिडिह। तिसरी प्रखंड मुख्यालय स्थित गांधी मैदान में इंडी गठबंधन की ओर से आयोजित जनसभा में कल्पना मुर्मू सोरेन को सुनने के लिए लोगों की काफी भीड़ जुटी थी। हालांकि कार्यक्रम स्थल पर वे निर्धारित समय सीमा से लगभग एक घंटे देर से पहुंची। कड़ी धूप होने के बावजूद भी हजारों की संख्या में लोग जुटे थे। उड़नखटोले से उनकी एंट्री होते ही पूरा मैदान भर गया। इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कल्पना सोरेन ने उम्मीदवार विनोद सिंह के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान मुख्य रूप से राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद, कोडरमा लोकसभा उम्मीदवार विनोद सिंह, पूर्व विधायक राजकुमार यादव, पूर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### गांधी मैदान से पंदनाटांड के व्यक्ति की बाइक हुई चोरी

**गिरिडीह।** तिसरी प्रखंड मुख्यालय स्थित गाँधी मैदान में मंगलवार को इंडी गठबंधन की आयोजित जनसभा में शामिल होने आए पंदनाटांड निवासी 45 वर्षीय अनिल हेमब्रम की बाईक चोरी हो गई। इस संबंध में मंगलवार की शाम तिसरी थाना में आवेदन दिया। अनिल हेमब्रम ने बताया कि वे बाईक से गाँधी मैदान में आयोजित जनसभा में शामिल होने आए थे। इस दौरान मुख्य सड़क किनारे बाईक खड़ी कर वे जनसभा देखने चले गए।जनसभा समाप्त होने के बाद जब वे वापस आए तों उनकी बाईक वहां नहीं थी। उन्होंने आस - पास खड़े लोगों से भी पूछा लेकिन कुछ भी पता नहीं चल पाया। जिसके बाद इन्होंने तिसरी थाने में इसकी लिखित शिकायत की।

### युवक ने अपने ससुराल में फांसी लगाकर इहलीला की समाप्त



**गिरिडीह।** लोकाय थाना इलाके के मनसाडीह ओपी क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा फांसी लगाकर अपनी इहलीला समाप्त करने का मामला प्रकाश में आया है। मामला ओपी क्षेत्र के तिसरो गांव का बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार मागोमुंडा निवासी 24 वर्षीय जितेंद्र राणा अपने ससुराल मनसाडीह के तिसरो आया हुआ था। इसी बीच रविवार की रात उसने कथित रूप से नशे की हालत में फांसी लगा ली। हालांकि खुदखुशी करने के पीछे की वजह का पता नहीं चल पाया है। जितेंद्र अपने पीछे पत्नी समेत एक पुत्री को भी छोड़ गया। इधर घटना की जानकारी पर मनसाडीह ओपी प्रभारी अंकित कुमार दलबल के साथ तिसरो गांव पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया। इधर परिजनों का रो - रोकर बुरा हाल है।

# खिरोद के ग्रामीणों के वोट बहिष्कार के ऐलान के बाद प्रशासन ने लिया मामले का संज्ञान

## तिसरी बीडीओ, सीओ पहुंचे खिरोद गांव, दिया आश्वासन

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड अंतर्गत गुमगी पंचायत के खिरोद गांव की जनता द्वारा बीते दिनों वोट बहिष्कार के एलान के बाद प्रशासन ने मामले को संज्ञान में लिया है। सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार और अंचलाधिकारी अखिलेश्वर प्रसाद, बीस सूत्री अध्यक्ष मो. मुन्नीबुद्दीन खिरोद गांव पहुंचे। जहाँ उन्होंने ग्रामीणों से मिलकर उनकी मुख्य समस्या से अवगत हुए। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि यह गांव एक पुल के अभाव में टापू बना पड़ा है। गांव को शिक्षा,स्वास्थ्य,यातायात जैसी तमाम सुविधाओं से जोड़ने के लिए नारायण नदी पर पुल निर्माण की आवश्यकता है। जिसको लेकर



वे लोग वर्षों से जनप्रतिनिधियों से गुहार लगा रहे हैं लेकिन किसी भी जन प्रतिनिधि ने इस पर ध्यान नहीं दिया।

लिहाजा उन्होंने अंततः वोट बहिष्कार का निर्णय लिया। लोगों की समस्याओं को सुनने के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी ने ग्रामीणों को समझाया साथ ही बताया कि पुल निर्माण को लेकर इस स्थान का सर्वे हुआ है,डीपीआर प्रक्रिया में है। योजना स्वीकृति के बाद कार्य प्रारम्भ होगा। इसके लिए वे अपनी ओर से भी पहल करने का आश्वासन दिया। जिसके बाद ग्रामीणों के बीच चुनाव को लेकर आमंत्रण पत्र भी दिया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने पहले तो आमंत्रण पत्र लेने से मना कर दिया फिर पदाधिकारीयों के समझाने - बुझाने के बाद कुछ ग्रामीणों ने आमंत्रण पत्र स्वीकार कर लिया। इस संबंध में बीडीओ मनीष कुमार ने बताया कि पुल की समस्या को लेकर जनता में आक्रोश से संबंधित समाचार प्रकाशित हुई थी।

जिसके लिए ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया गया साथ ही बताया गया कि पुल निर्माण का कार्य प्रक्रिया में है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों ने प्रशासन के ऊपर भरोसा जताया है, उन्होंने मतदान में भाग लेने की सहमति भी दी है, लोगों ने मतधिकार प्रयोग करने का संकल्प लिया है। कहा कि ग्रामीणों के इस समस्या को गंभीरतापूर्वक लेते हुए इसके निराकरण का प्रयास करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि वोट देना एक जिम्मेवार नागरिक का कर्तव्य है।

## सहायक आयुक्त उत्पाद और सब इंस्पेक्टर निलंबित




**जमशेदपुर।** सहायक आयुक्त उत्पाद रामलीला रबानी और सब इंस्पेक्टर सतेंद्र कुमार निलंबित जमशेदपुर सहायक आयुक्त उत्पाद रामलीला रबानी और सब इंस्पेक्टर सतेंद्र कुमार को निलंबित कर दिया गया है. जमशेदपुर डीसी अनन्य मित्तल द्वारा चुनाव के दौरान नकली शराब, पानी मिला हुआ शराब और ओवर प्राइस मामले में सहायक आयुक्त उत्पाद रामलीला रबानी और अवर निरीक्षक सतेंद्र कुमार को निलंबित करने की अनुशंसा उत्पाद सचिव से की गई थी. जिसके बाद मंगलवार को चुनाव आयोग द्वारा दोनों को निलंबित कर दिया गया।

## न्यूज बॉक्स

### लोकसभा सीट के लिए होम वोटिंग शुरू



**जमशेदपुर ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में वृद्ध मतदाताओं (85+) एवं दिव्यांग मतदाताओं को होम वोटिंग के माध्यम से वोट कराए जा रहे हैं. घाटशिला प्रखंड के मसांग टुडू, जिनकी बूथ संख्या 188 है, उन्होंने होम वोटिंग के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया. जमशेदपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 226 मतदाताओं ने होम वोटिंग के लिए आवेदन किया था. सभी छह विधानसभा क्षेत्र के 85+ आयु एवं कम से कम 40 फीसदी दिव्यांगता वाले मतदाताओं को प्रथम चरण में 14-19 मई तक एवं दूसरे चरण में 21-22 मई तक होम वोटिंग माध्यम से पोस्टल बैलेट द्वारा मतदान कराया जाएगा.इसी क्रम में मतदान कर्मी मतदाताओं के घर-घर जाकर मतदान करा करा रहे हैं. बता दें कि 25 मई को जमशेदपुर लोकसभा सीट के लिए मतदान होना है. इसके लिए 25 प्रत्याशी मैदान में है. वहीं जमशेदपुर लोकसभा सीट के छह विधानसभा क्षेत्रों में 18 लाख से ज्यादा वोटर है जो मतदान करेंगे।

### जुगसलाई में पानी के लिए हाहाकार, नगर परिषद के समक्ष प्रदर्शन



**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर के जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र के लोगों को इन दिनों पेय जल समस्या से जूझना पड़ रहा है. स्थिति दिन प्रतिदिन विकराल होती जा रही है. वहीं पानी की आपूर्ति बाधित होने से स्थानीय लोगों ने जुगसलाई नगर परिषद के समक्ष प्रदर्शन करते हुए समस्या के समाधान नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी. प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि विगत 2 महीने से जुगसलाई के सफीगंज मोहल्ले में सप्लाई पानी की आपूर्ति नहीं होने पर कई बार स्थानीय लोगों ने जुगसलाई नगर परिषद के समक्ष प्रदर्शन किया. आननझफानन में पेयजल विभाग द्वारा समस्या के समाधान के तौर पर आरपी पटेल स्कूल रोड स्थित पाइप लाइन में वाल्व लगाकर मोहल्ले में जलापूर्ति की जा रही है. जिससे मोहल्ले के लोगों की परेशानी कुछ हद तक दूर हुई पर आर पी पटेल स्कूल रोड के लोगों की समस्याएं बढ़ गई, स्थिति इतनी विकराल हो गई है कि लोग बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं. ऐसे में आरपी पटेल स्कूल रोड छपरहिया मोहल्ला के लोगों नगर परिषद का घेराव करने पहुंचे है. लोगों ने पेयजल विभाग और बिजली विभाग पर निशाना साधते हुए बताया कि सफीगंज मोहल्ले की परेशानी को विभाग द्वारा दूर नहीं किया गया और आरपी पटेल स्कूल रोड के लोगों की समस्याएं बढ़ा दी गई है. इससे विभाग की नाकामी साफ दिख रही है. अगर पानी की समस्या जल्द से जल्द दूर नहीं हुई तो उग्र आंदोलन के लिए वे सभी बाध्य होंगे।

# महिला कॉलेज के स्ट्रांग रूम में 14 प्रत्याशियों का भाग्य हुआ बंद



**नवीन मेल संवाददाता। चाईबासा**

सोमवार रात से ही निर्वाचन दल अपने मतदान केंद्रों से लौटे और सभी ईवीएम को स्ट्रॉन्ग रूम में रखवाया गया. सोमवार दिन रात तक ईवीएम आता रहा. मंगलवार सुबह तक सभी एवं पहुंच गया जिसके बाद राजनीतिक दल के पदाधिकारी के सामने सील कर दिया गया. ईवीएम महिला कॉलेज के स्ट्रांग रूम में सील किया. मनोहरपुर क्षेत्र के मतदान केंद्र के पदाधिकारी मंगलवार सुबह ही पहुंचे. वरिष्ठ अफसरों की मौजूदगी में यह कार्यवाही की गई. मालूम हो कि सिंहभूम लोकसभा सीट के अंदर 6 विधानसभा के मतदान केंद्र आते हैं. इसमें मनोहरपुर विधानसभा, जगन्नाथपुर विधानसभा, मझगांव विधानसभा, चक्रधरपुर विधानसभा, चाइबासा विधानसभा और सरायकेला विधानसभा शामिल है. पूरे लोकसभा क्षेत्र में 1712 मतदान केंद्र बनाए गए थे. पूरे लोकसभा में 70.50% मतदान हुए. लोकसभा चुनाव में कुल 14 प्रत्याशी शामिल है. 14 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया. इस दौरान आब्जर्वर के अलावा उपयुक्त कुलदीप चौधरी, एसपी आशुतोष शहर समेत कई पदाधिकारी उपस्थित थे। महिला कॉलेज में सील ईवीएम मशीन 4 जून को खुलेगा। महिला कॉलेज के एक भाग तरफ दीवार को बंद कर दिया गया. ताकि कोई भी अंदर प्रवेश न कर सके. साथ ही पूरी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई. 50 से अधिक फोर्स ईवीएम मशीन के इर्द-गिर्द तैनात रहेंगे. इसके अलावा दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी की नियुक्ति किया गया. चारों तरफ सीसीटीवी कैमरा भी लगाया गया है, ताकि किसी तरह की घटना घटित ना हो।

## जोनल सीनियर चीफ इंजीनियर ने गोमो व पारसनाथ रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

हाजीपुर रेलवे जोन के सीनियर चीफ इंजीनियर अखिलेश कुमार ने मंगलवार की दोपहर गोमो व पारसनाथ रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया. उन्होंने दोनों स्टेशनों पर अमृत योजना के तहत चल रहे सौंदर्यीकरण व अन्य विकास कार्यों का जायजा लिया. गोमो स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया में विकास के लिए बानए गए मॉडल नक्शा से वहां चल रहे कार्यों का मिलान किया. जहां गड़बड़ियां उन्हें दूर करने के लिए रेलवे के स्थानीय अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया. एयरपोर्ट पर यात्रियों को मिलने वाली सुविधाओं की चर्चा करते हुए कहा कि इस तरह की सुविधाएं हम रेलवे स्टेशन पर भी दे सकते हैं.

भविष्य में रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की बढ़ने वाली भीड़ को ध्यान में रखकर ही योजना को धरातल पर उतरना है। ताकि यात्रियों को सहूलियत मिल सके. उन्होंने सकुर्लेटिंग एरिया में चल रहे कार्यों पर असंतोष जताते हुए संबंधित अधिकारियों को फटकार भी लगाई. कहा कि कार्ययोजना में बदलाव लाकर इसे दुरुस्त करें।

## रंगदारी मामले में फहीम खान का बेटा इकबाल और आमीर आलम उर्फ रिंकू बरी

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

रेलवे ठेकेदार ए. के झा से रंगदारी मांगने के मामले में फहीम खान के बेटा इकबाल खान और आमीर आलम उर्फ रिंकू बरी हो गया. बचाव पक्ष के अधिवक्ता शाहबाज सलाम की दलील सुनने के बाद धनबाद के प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी शिवानी शर्मा की अदालत ने यह फैसला सुनाया है. हालांकि अन्य आरोपियों प्रिंस खान और गोपी के खिलाफ सुनवाई अभी लंबित है.बता दें कि बैंक मोड़ थाना प्रभारी अशोक कुमार सिंह के स्वलिखित बयान पर



इकबाल खान, प्रिंस खान, गोपी, आमीर आलम के खिलाफ कांड संख्या 233/15 दर्ज की गयी थी. पुलिस के हत्थे चढ़ा फहीम के गुर्गे का आमीर आलम उर्फ रिंकू ने पुलिस के समक्ष अपना जुर्म कबूल कर लिया था।

# सारंडा से ईवीएम व वीवीपैट के साथ मतदानकर्मी हेलीकॉप्टर से रवाना



**किरीबुरु।** नक्सल प्रभावित सारंडा क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने के बाद आज करमपदा, मेघाहातुबुरु, थोलकोबाद स्थित हेलिपैड से वायुसेना के हेलीकॉप्टर द्वारा सारे मतदान कर्मियों को ईवीएम व भीभीपैट मशीन के साथ सुरक्षित चाईबासा भेजा गया.वायुसेना का उक्त हेलिकौप्टर सबसे पहले करमपदा से तथा उसके बाद मेघाहातुबुरु से सारे मतदान कर्मियों को लेकर उड़ान भरा. वोटिंग से संबंधित सारे मशीनों को चाईबासा स्थित स्ट्रौंग रुम में सुरक्षित रखा जायेगा।

# माइका चुनने के दौरान खदान धंसा, मासूम बच्चे की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गिरिडीह गावां थाना क्षेत्र के तराई में माइका खदान धसने से एक मासूम की मौत हो गई। बताया जाता है कि तराई गांव के दक्षिण सकरी नदी के बगल पहाड़ी के पास विगत कुछ माह से माइका का उत्खन्न जेसीबी व मजदूरों की मदद से किया जा रहा था। सूत्रों से पता चला है कि मंगलवार की दोपहर लगभग 3 बजे चाल धसने से बच्चा मलवे में दब गया।



आनन फानन में अवैध उत्खनन करने वाले लोग शव को वहां से निकाल कर गायब कर दिया। हालांकि मृत बच्चे का फोटो सोशल मीडिया में वारयल हुआ है। घटना की सूचना पर गावां थाना प्रभारी महेश चंद्र के निर्देश पर एसआई प्रवेश चौधरी गांव पहुँचकर लोगो से पूछताछ की। लेकिन कोई भी कुछ बताने से परहेज कर रहा था। घटना स्थल कर काफी संख्या में पैरों के निशान मौजूद थे। जबकि जेसीबी से ताजा उत्खनन का निशान भी साफ दिख रहा था। वहीं पता चल रहा है कि मृत बच्चा खदान संचालक का ही परिवार का कोई सदस्य था। समाचार लिखे जाने तक पुलिस शव को बरामद नही कर पाई थी। वहीं जांच पड़ताल किया जा रहा था।

# मवेशी लदे वाहन के पलटने से एक व्यक्ति और 8 मवेशियों की हुई मौत



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गावां थाना क्षेत्र स्थित पटना डोरंडा पथ पर बेन्ड्रो ठाकुर पिंडा मोड से पहले एक मवेशी लदा वाहन पलट गया। घटना में कथित रूप से मवेशी कारोबारी जयलाल राय (54) पिता गिरजन राय पश्चिम बंगाल के ऊ ब्लॉक धोबी घाट जिला बर्धवान निवासी की मौके पर मौत हो गई। उक्त ट्रक बिहार से 14 गाय व 11 बछड़ो को लेकर ट्रक से दुगार्पुर जा रहा था। बेन्ड्रो के पास तेज टर्निंग पर तेज रफ्तार के कारण पलट गया। जिससे मवेशी व मवेशी कारोबारी ट्रक के नीचे दब गए। सूचना पर गावां थाना पुलिस मौके पर पहुँची व वाहन को जेसीबी से सीधा कर के सभी मवेशी को बाहर निकाला तब तक व्यापारी समेत 8 मवेशियों की मौत हो चुकी थी। जबकि दो मवेशी गंभीर थे। घटना स्थल पर मवेशी चिकित्सक को बुलाकर घायल मवेशियों का इलाज करवाया गया। वहीं मृत मवेशी का भी पोस्टमार्टम कर दफनाया दिया गया। वहीं गावां थाना पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# किसानों के लिए कृषि और खाद्य नीति बने

***किसानों*** के आंदोलनों के केंद्र में राष्ट्रीय व स्थानीय स्तर पर कृषि व खाद्य नीति की बहुत चर्चा होती रही है। इसके बावजूद ऐसी समग्र नीति नहीं बन पाई है, जिसमें सभी जरूरतों का संतुलित समावेश हो सके। ऐसी समग्र नीति में आठ उद्देश्यों का संतुलित निर्वाह होना चाहिए, जो परस्पर एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। पहला उद्देश्य तो यह है कि किसानों को, विशेषकर छोटे व मध्यम किसानों को संतोषजनक, टिकाऊ व रचनात्मक आजीविका उपलब्ध हो। संतोषजनक का मतलब उन्हें उपज की उचित कीमत मिले, जिससे जीवन-निर्वाह के अनुकूल आय प्राप्त हो। टिकाऊ का अर्थ आजीविका व इसका आधार भावी पीढ़ी के लिए भी टिका रहे। पानी-मिट्टी जैसी खेती की बुनियादी जरूरतें अच्छी स्थिति में बनी रहें। रचनात्मक का अर्थ खेती-किसानी के ज्ञान का किसान बेहतर उपयोग कर सकें, जिसमें परंपरागत ज्ञान व महिला किसानों की समझ की बड़ी भूमिका है। खर्च और कर्ज में कमी जरूरी है। दूसरा उद्देश्य यह है कि उपभोक्ताओं को ऐसे खाद्य पदार्थ उचित कीमत पर मिलें, जो उन्हें स्वस्थ व नीरोग रखें। तीसरा उद्देश्य यह है कि कृषि व गांव का पर्यावरण अच्छा रहे। भू-जल स्तर ठीक बना रहे, मिट्टी की प्राकृतिक उर्वरा शक्ति बनी रहे, जल-स्त्रोत उपलब्ध हों, किसान के मित्र, जो कीट-पतंगे, मधुमक्खियां, पक्षी आदि हैं, उनकी भी रक्षा हो तथा परागण की क्रिया ठीक से हो। सभी गांवों में भरपूर स्थानीय प्रजातियों के वृक्ष रहें। परंपरागत बीजों की रक्षा भी बहुत जरूरी है। चौथा उद्देश्य यह है कि जलवायु बदलाव के मौजूदा दौर में ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को कम रखा जाए और इस कारण उत्पन्न प्रतिकूल मौसमी स्थितियों व आपदाओं का सामना करने की क्षमता विकसित हो। बुरे मौसम व आपदा से किसानों को होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए पहले से बेहतर तैयारी करनी होगी। यदि ग्रीनहाउस गैसों को नियंत्रित करने का कार्य ठीक से हो, तो इसके लिए विश्व स्तर पर स्थापित कोष से धनराशि प्राप्त की जा सकती है और किसानों को दी जा सकती है। पांचवां उद्देश्य है कि भूमिहीन खेत मजदूरों को बेहतर मजदूरी और जहां संभव हो, कुछ भूमि देकर उनकी सहायता की जाए। इसी तरह प्रवासी मजदूरों की भलाई का भी पूरा ध्यान रखना होगा। विशेषकर डेयरी व पशुपालन, किचन गार्डन आदि के माध्यम से भी इनकी मदद हो सकती है। छठा उद्देश्य है कि खेती के उत्पादों पर आधारित लघु व कुटीर उद्योगों को बढ़ावा दिया जाए, क्योंकि केवल खेती से गांव व गांव के लोगों की समृद्धि का मजबूत आधार नहीं बनता है। इससे स्थानीय स्तर पर अधिक रोजगार का सृजन भी होगा। इसमें महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है। सातवां उद्देश्य यह है कि देश के विभिन्न भागों की अलग-अलग स्थितियों के अनुसार कृषि विकास की अलग-अलग जरूरतों के अनुकूल नियोजन होने चाहिए। यानी विकेंद्रित स्थानीय जरूरतों के अनुकूल कृषि नीति पर अधिक जोर देना चाहिए। आठवां और अंतिम उद्देश्य यह है कि खेती व ग्रामीण विकास के लिए सरकारों को अपना बजट बढ़ाना चाहिए। एक बार किसानों के कर्ज को माफ कर ऐसी स्थिति उत्पन्न करनी चाहिए कि सस्ती तकनीक अपना कर वे आगे कर्ज से बच सकें। बेशक इन सब उद्देश्यों का एक साथ एक समग्र संतुलित नीति में समावेश चुनौतीपूर्ण है, लेकिन इस राह पर चलते हुए हम बहुत बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। इन सभी उद्देश्यों में कोई आपसी टकराव नहीं है। इन सभी उद्देश्यों को हम एक साथ एक समय में समावेशी नीति से प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही हमें यह ध्यान में रखना पड़ेगा कि जब तक इन नीतियों के साथ कुछ समाज-सुधार के कार्य नहीं जुड़ेंगे, तब तक बेहतर से बेहतर आर्थिक नीतियां भी सफल नहीं होंगी। नशे के विरुद्ध, दहेज के विरुद्ध सशक्त आवाज उठानी होगी। तरह-तरह की उपभोक्तावाद आधारित फिजूलखर्ची को भी कम करना ही होगा। आज की दुनिया में शॉर्ट-कट बहुत पसंद किए जाते हैं। ऐसे में, आश्चर्य नहीं कि इतने महत्वपूर्ण मुद्दों को छोड़कर प्रायः सतही तौर पर एक-दो उद्देश्यों या फामूलों पर चर्चा होती रही है। लेकिन सही व टिकाऊ समाधान तभी मिलेंगे, जब इनके लिए समग्र नीतियां बनेंगी, जब अल्पकालीन हितों के साथ दीर्घकालीन हितों पर भी ध्यान दिया जाएगा।

इन दिनों

# चुनाव परिणाम की आहट हैं शेयर मार्केट में


शशांक भारद्वाज

**पूरे सप्ताह में एफआईआई ने 21616 करोड़ के शेयर नकद संभाग में बेचे। ये अभी के कुछ सप्ताहों में बहुत बड़ी बिकवाली थी। गुरुवार को निफ्टी 345 अंक लुढ़क गया। शुक्रवार को पहला शक्तिशाली प्रतिकार दिखा जब निफ्टी उस दिन की आरंभिक दुर्बलता पर विजय पा 98 अंक चढ़ा। ये भी तब जब शुक्रवार को भी एफआईआई ने नकद संभाग में 2117 करोड़ के शेयर बेचे। यह पहला दिन था जब पिछले सप्ताह में डीआईआई ने एफआईआई की तुलना के अधिक राशि की खरीदारी की।**

***भारतीय*** शेयर मार्केट में पिछला सप्ताह बिकवाली का रहा। इसका एक प्रमुख कारण एक वर्ग विशेष, एफआईआई के द्वारा लोकसभा चुनाव परिणाम के महत्वपूर्ण घटनाक्रम के पूर्व लाभ को ले लेना रहा। यद्यपि सर्वेक्षण, रुझान, राजनीतिक समीकरण मोदी की बड़ी जीत का पूरा संकेत कर रहे फिर भी कुछ निवेशक शेयरों को बेच अपना लाभ ले जा थोड़ा सुरक्षित होने की प्रवृत्ति दर्शा रहे हैं। जो बड़े शेयर बहुत बढ़ गए थे उनके भी बड़ी गिरावट प्रॉफिट बुकिंग देखी का रही है। टाटा मोटर्स, डीएलएफ, रिलायंस, बीएसई इत्यादि उदाहरण हैं पिछले सप्ताह सोमवार की निफ्टी में गिरावट तो मात्र 34 अंको की रही परंतु अपने आरंभिक स्तर 22561 से निफ्टी 119 अंक नीचे बंद हुआ। निफ्टी खुला भी 81 अंक तेज था। परंतु इस उछाल को बेचा गया। इससे जो गिरावट का क्रम आरंभ हुआ वो गुरुवार तक चला। इसके एफआईआई की बड़ी तथा आक्रामक बिकवाली की भी प्रमुख भूमिका रही। पिछले सोमवार को उन्होंने नकद संभाग में 2168 करोड़ रुपए की बिकवाली की तथा यहीं नहीं रुके। पूरे सप्ताह में एफआईआई ने 21616 करोड़ के शेयर नकद संभाग में बेचे। ये अभी के कुछ सप्ताहों में बहुत बड़ी बिकवाली थी। गुरुवार को निफ्टी 345 अंक लुढ़क गया। शुक्रवार को पहला शक्तिशाली प्रतिकार दिखा जब निफ्टी उस दिन की आरंभिक दुर्बलता पर विजय पा 98 अंक चढ़ा। ये भी तब जब शुक्रवार को भी एफआईआई ने नकद संभाग में 2117 करोड़ के शेयर बेचे। यह पहला दिन था जब पिछले सप्ताह में डीआईआई ने एफआईआई की तुलना के अधिक राशि की खरीदारी की। डीआईआई ने शुक्रवार को 2709 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। इससे गिरावट पर रोक लगी। अर्थव्यवस्था, आर्थिक आर्थिक स्थिति तो बहुत अच्छी है, ऐसे में गिरावट का बड़ा कारण लोकसभा के चुनाव ही लगते हैं। आईएमएफ ने वर्ष 2025 में भारत के चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की भविष्यवाणी की है। औद्योगिक गति अच्छी है। घर ,वाहन अच्छे बिक रहे हैं। म्यूचुअल फंड में अप्रैल 24 में 20371 करोड़ रुपए निवेश का नया कीर्तिमान बना। इन अच्छे समाचारों के पश्चात भी भारतीय शेयर मार्केट में बड़ी गिरावट रही। लोकसभा चुनावो के पहले भारतीय शेयर मार्केट बड़ी तेजी में आ गया था। बहुत से शेयर विशेष में कई गुना की तेजी आ गई थी। अतः जब लोकसभा के चुनाव प्रारंभ हुए तो विदेशी तथा घरेलू निवेशक अच्छे लाभ में थे, उन्होंने लाभ ले लेना आरंभ कर दिया। अभी भारतीय शेयर मार्केट एक पृथक सा मार्केट बना हुआ है। क्रूड के भाव नीचे हैं, मुद्रास्फीति ढलान पर है, अच्छे मानसून की भविष्यवाणी है, यूएस के डाउ सूचकांक में लगातार 8 दिनों तक तेजी रही, विश्व के अन्य मार्केट भी अच्छे रहे परंतु भारतीय मार्केट गिरे। सामान्यतया ऐसा नहीं होता था। एफआईआई ने मई में अभी तक 29474 करोड़ रुपए के शेयर नकद संभाग में बेच डालें हैं। परंतु लोकसभा चुनाव परिणामों के बाद उनका बड़ा निवेश आने की संभावना है क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था शक्तिशाली है, शक्तिशाली बनी रहेगी। अभी की गिरावट का लाभ उठा अच्छे शेयरों को इक्कठा कीजिए। बड़ा लाभ बन सकता है। मोदी 3.0 में बहुत बड़ी आर्थिक प्रगति होनी निश्चित ही है। 22000 की निफ्टी भारतीय शेयर मार्केट के लिए बहुत उचित स्तर पर है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आपकी बात

### हिन्दू विवाह पवित्र संस्कार : सिर्फ नाच गाना पार्टी नहीं !


मनोज कुमार अग्रवाल

***देश*** के अधिकांश हिस्सों में हिन्दू समाज के कुछ वर्गों खासकर एलीट और सम्पन्न समझे जाने वाले लोगों द्वारा विवाह आयोजन में जिस तरह का वैभव प्रदर्शन अनाप शनाप खर्च सैकड़ों तरह के व्यंजन डीजे पार्टी आयोजित की जा रही है उन सबके बीच विवाह का संस्कार परंपरागत सप्तपदी के फेरे रस्में सेकेंडरी यानी गौण बनती जा रही है। जबकि सबसे महत्वपूर्ण अग्नि के समक्ष वर वधू के फेरे और जन्म जन्मांतर साथ निभाने के वचन ही हैं जिनके लिए तमाम छोटा या बड़ा विवाह समारोह आयोजित किया जाता है। इन दिनों दक्षिण में विवाह की रस्म कराते कर्म कांडी पुरोहित के साथ अभद्र मजाक बनाने का विडियो वायरल हुआ। यह वायरल वीडियो तो सिर्फ आइना है वास्तव में कुछ लोग विवाह के संस्कार को बहुत हल्के और बेहद गैर गंभीर तरीके से लेने लगे हैं उनका सारा जोर ही खाने पीने डांस और पार्टी हल्ला-गुल्ला पर रहने लगा है इतना ही नहीं वरमाला पर वर वधू का उचकाना यह सब गलत व विवाह संस्कार की मर्यादा का पतन है। हाल ही में देश की शीर्ष अदालत को यदि विवाह जैसे बेहद व्यक्तिगत मामले में परामर्श देना पड़ा है, तो इसका साफ संदेश यही है कि इसके मूल स्वरूप से तेजी से खिलवाड़ हुआ है। कोर्ट को सख्त लहजे में यहां तक कहना पड़ा कि विवाह यदि सप्तपदी यानी फेरे जैसे उचित संस्कार और जरूरी समारोह के बिना होता है तो वह अमान्य ही होगा। निश्चित रूप से अदालत ने यह बताने का प्रयास किया कि इन जरूरी परंपराओं के निर्वहन से ही विवाह की पवित्रता और कानूनी जरूरतों को पूरा किया जा सकता है। दरअसल, हाल के वर्षों में विवाह समारोहों के आयोजन में पैसे के फूहड़ प्रदर्शन व तमाम तरह के आडंबरों को तो प्राथमिकता दी जा रही है, लेकिन परंपरागत हिंदू विवाह के तौर-तरीकों को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। आज से कुछ दशक पूर्व हिंदी फिल्मों में हास्य पैदा करने के लिये विवाह से जुड़ी परंपराओं का जिस तरह का मजाक बनाया जाता था, आज कमोबेश वैसी स्थिति समाज में भी बनती जा रही है। वर-वधू द्वारा अपने जीवन के एक महत्वपूर्ण अध्याय को शुरू करने के वक्त विवाह के आयोजन में जो शालीनता, गरिमा व पवित्रता होनी चाहिए, उसे खारिज करने की लगातार कोशिशें की जाती रही हैं। यही वजह है कि अदालत को याद दिलाना पड़ा कि हिंदू विवाह अधिनियम 1955 के अंतर्गत विवाह की कानूनी जरूरतों तथा पवित्रता को गंभीरता से लेने की जरूरत है। जिसके लिये पवित्र अग्नि के चारों ओर लगाये जाने वाले सात फेरे जैसे संस्कारों व सामाजिक समारोह से ही विवाह को मान्यता मिल सकती है। निश्चित रूप से आज विवाह संस्कार की गरिमा को प्रतिष्ठा दिये जाने की जरूरत है। यानी विवाह सिर्फ प्रदर्शन नहीं है। विवाह मजबूरी का समझौता या करार भी नहीं हो सकता। निश्चित रूप से भारतीय जीवन पद्धति में विवाह महज महत्वपूर्ण संस्कार ही नहीं है बल्कि नवदंपति के जीवन के नये अध्याय की शुरूआत भी है। जिसे हमारे पूर्वजों ने बेहद गरिमा व सम्मान के साथ पीढ़ी-दर-पीढ़ी आगे बढ़ाया है। आज हम भले ही कितने आधुनिक हो जाएं, विवाह से जुड़ी अपरिहार्य परंपराओं को नजरअंदाज कदापि नहीं कर सकते। आपको बता दें कि सनातन वैदिक परम्परा में विवाह को एक बहुत पवित्र संस्कार माना गया है इस संस्कार के समय वर को विष्णु और वधू को साक्षात लक्ष्मी का स्वरूप माना जाता है। इस संस्कार में विष्णु स्वरूप को एक पिता आदर भाव से पूजा कर उसे लक्ष्मी स्वरूप कन्या सौंपता है। इतना ही नहीं दूसरे धर्मावलंबियों की तरह हिन्दू समाज में विवाह एक समझोता नहीं है वरन जन्म जन्मांतर तक साथ निभाने का वचन है। हिंदू धर्म में विवाह को सोलह संस्कारों में से एक संस्कार माना गया है। विवाह = वि + वाह, अतः इसका शाब्दिक अर्थ है विशेष रूप से (उत्तरदायित्व का) वहन करना। पाणिग्रहण संस्कार को सामान्य रूप से हिंदू विवाह के नाम से जाना जाता है। अन्य धर्मों में विवाह पति और पत्नी के बीच एक प्रकार का करार होता है जिसे कि विशेष परिस्थितियों में तोड़ा भी जा सकता है परंतु हिंदू विवाह पति और पत्नी क बीच जन्म-जन्मांतरों का सम्बंध होता है जिसे कि किसी भी परिस्थिति में नहीं तोड़ा जा सकता। अग्नि के सात फेरे ले कर और ध्रुव तारा को साक्षी मान कर दो तन, मन तथा आत्मा एक पवित्र बंधन में बंध जाते हैं। हिंदू विवाह में पति और पत्नी के बीच शारीरिक संम्बंध से अधिक आत्मिक संम्बंध होता है और इस संम्बंध को अत्यंत पवित्र माना गया है। निश्चित रूप से विवाह को औपचारिक रूप से मान्यता देने के लिये पंजीकरण आदि के उपाय इस रिश्ते को अपेक्षित गरिमा देने में विफल ही रहे हैं। यही वजह है कि शीर्ष अदालत में न्यायाधीश को कहना पड़ा कि सात फेरों का अर्थ समझे बिना हिंदू विवाह की गरिमा को नहीं समझा जा सकता। यह भी कि हिंदू विवाह सिर्फ नाचने-गाने तथा पाटीबाजी की ही चीज नहीं है, यह एक गरिमामय संस्कार है। उसके लिये सामाजिक भागीदारी वाला जरूरी विवाह समारोह भी होना चाहिए। यानी महज पंजीकरण से विवाह की वैधता पर मोहर नहीं लग जाती। निस्संदेह, निष्कर्ष यही है कि पैसा पानी की तरह बहाकर तमाम तरह के आडंबरों को आयोजित करने के बजाय विवाह के मर्म को समझना होगा। इसके बावजूद देशकाल व परिस्थितियों के अनुरूप विवाह पंजीकरण की जरूरत को भी पूरी तरह खारिज नहीं किया जा सकता। हमें यह भी स्वीकारना होगा कि 21वीं सदी का भारतीय समाज बदलते वक्त के साथ नई चाल में ढला है।

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

राजनीति

# लोकसभा चुनाव के दौरान रंगभेद की राजनीति


सुरेश हिंदुस्तानी

***राजनीतिक*** दलों ने अपना स्वार्थ साधने के लिए पूर्व और पश्चिम को अलग पहचान के रूप में प्रचारित करने में जोर लगाया, तो वहीं उत्तर और दक्षिण के लोगों के मन में नफरत की दरार को और ज्यादा चौड़ा किया। जबकि हमारे देश के नायकों ने एक भारत के रूप में स्वतंत्रता प्राप्त की। लोकसभा चुनाव के दौरान राजनेताओं के बयान सुनकर ऐसा लगने लगता है कि ये अपनी हदों को पार कर करने लगे हैं। अभी हाल ही में कांग्रेस के नेता सैम पित्रोदा के बयान की मीमांसा की जा रही है। इसके तारतम्य यही है कि इस नेता ने भारत में भेद पैदा करने के प्रयास किए हैं, जो कभी सफल नहीं होने चाहिए। भारत में जिस प्रकार से सामाजिक विघटन की राजनीति की जा रही है, उससे समाज की शक्ति का लगातार पतन ही हुआ है। कभी तुष्टिकरण तो कभी वोट बैंक की राजनीति के बहाने सामाजिक एकता की राह में अवरोध

**लोकसभा चुनाव के दौरान राजनेताओं के बयान सुनकर ऐसा लगने लगता है कि ये अपनी हदों को पार करने लगे हैं। अभी हाल ही में कांग्रेस के नेता सैम पित्रोदा के बयान की मीमांसा की जा रही है।**

पैदा करने के प्रयास किये गए, जिसके कारण समाज के कई हिस्से अलग अलग दुकान खोलकर बैठ गए और इसकी आज की राजनीति ने इसे मुंह मांगा इनाम भी दिया। जिसके कारण भारतीय समाज के बीच जो विविधता की एकता को दर्शाने वाली परंपरा रही, उसकी जड़ों में मट्ठा डालने का अनवरत प्रयास किया गया। यह सभी जानते हैं कि जिस देश का समाज कम से कम राष्ट्रीय मामलों पर एक स्वर व्यक्त करता है, वहां किसी भी प्रकार की सामाजिक बिखराव के प्रयास धूमिल ही होते है। लेकिन कुछ राजनीतिक दलों को यह सामाजिक एकता अच्छी नहीं लगती, इसलिए वह अंग्रेजों की फूट डालो और राज करो वाली नीति अपनाते हुए ही अपनी राजनीति करते हैं। ऐसे लोगों को भारत की सांस्कृतिक एकता खटकती है। ऐसे लोग कुत्सित राजनीति के माध्यम से भारत की जनता के मानस में ऐसे बीज बोने का ही काम करते हैं, जो प्रथम दृष्टया विभाजनकारी ही कहे जा सकते हैं। ऐसे बयानों पर पूरी तरह से रोक लगनी चाहिए। क्योंकि यह विचार देश का भला नहीं कर सकता। अगर ऐसा विचार लेकर कोई राजनीतिक दल राजनीति करता है तो उसकी प्रासंगिकता पर भी सवाल हो सकते हैं। राजनीतिक दलों ने अपना स्वार्थ साधने के लिए पूर्व और पश्चिम को अलग पहचान के रूप में प्रचारित करने में जोर लगाया, तो वहीं उत्तर और दक्षिण के लोगों के मन में नफरत की दरार को और ज्यादा चौड़ा किया।

**(ये लेखक निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




# वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण में वृद्धि से गरीब वर्ग तक सहायता पहुंचाना हुआ आसान


आर.के. सिन्हा

***आपको*** ध्यान होगा कि जब केंद्र सरकार वस्तु एवं सेवा कर को भारत में लागू करने के प्रयास कर रही थी तब कई विपक्षी दलों ने इस नए कर को देश में लागू करने के प्रति बहुत आशंकाएं व्यक्त की थीं। उस समय कुछ आलोचकों का तो यहां तक कहना था कि वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली देश में निश्चित ही असफल होने जा रही है एवं इससे देश के गरीब वर्ग पर कर के रूप में बहुत अधिक बोझ पड़ने जा रहा है। परंतु, केंद्र सरकार ने देश में पूर्व में लागू जटिल अप्रयत्यक्ष कर व्यवस्था को सरल बनाने के उद्देश्य से वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली को 1 जुलाई 2017 से पूरे देश में लागू कर दिया तथा इस कर में लगभग 20 प्रकार के करों को सम्मिलित किया गया था। वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली को लागू करने के तुरंत उपरांत व्यापारियों को व्यवस्था सम्बन्धी कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ा था। परंतु, इन परेशानियों को केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों के सहयोग से धीरे-धीरे दूर कर लिया गया है। आज वस्तु एवं सेवा कर के अन्तर्गत देश में कर व्यवस्था का तेजी से औपचारीकरण हो रहा है जिससे देश में वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण कुलांचे मारता हुआ दिखाई दे रहा है। किसी भी देश की अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए धन की आवश्यकता होती है और यह धन देश की जनता से ही करों के रूप में उगाहे जाने के प्रयास होते हैं। उस कर व्यवस्था को उत्तम कहा जा सकता है जिसके अंतर्गत नागरिकों को कर का आभास बहुत कम हो। जिस प्रकार मधुमक्खी फूल से शहद कुछ इस प्रकार से निकालती है कि फूल को मालूम ही नहीं पड़ता है, ठीक इसी प्रकार की कर व्यवस्था केंद्र सरकार द्वारा, वस्तु एवं कर सेवा के माध्यम से, देश में लागू करने के प्रयास किये गए हैं। गरीब वर्ग द्वारा उपयोग की जाने वाली वस्तुओं पर कर की दर को या तो शून्य रखा गया है अथवा कर की दर बहुत कम रखी गई है। इसके विपरीत, धनाढ्य वर्ग द्वारा उपयोग की जाने वाली वस्तुओं पर कर की दर बहुत अधिक रखी गई है। वस्तु एवं सेवा कर की दर को शून्य प्रतिशत से लेकर 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत एवं 28 प्रतिशत अधिकतम तक रखा गया है। भारत में वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली को लागू किया हुए 6.5 वर्षों से अधिक का समय हो चुका है एवं आज देश में अप्रत्यक्ष कर संग्रहण में लगातार हो रही तेज वृद्धि के रूप में इसके सुखद परिणाम स्पष्टतः दिखाई देने लगे हैं। दिनांक 1 मई 2024 को अप्रेल 2024 माह में वस्तु एवं सेवा कर के संग्रहण से सम्बंधित जानकारी जारी की गई है। हम सभी के लिए यह हर्ष का विषय है कि माह अप्रेल 2024 के दौरान वस्तु एवं सेवा कर का संग्रहण पिछले सारे रिकार्ड तोड़ते हुए 2.10 लाख करोड़ रुपए के रिकार्ड स्तर पर पहुंच गया है, जो निश्चित ही, भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती को दर्शा रहा है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



## बोधि वृक्ष

# मीनाक्षी सुंदरेश्वर मंदिर



***महान*** देवी को महादेवी कहा जाता है और माना जाता है कि वे देवताओं की शक्ति हैं। वह जीवन शक्ति है जो दुनिया को जीवंत करती है और उदार और रचनात्मक होने के साथ-साथ बुराई की कट्टर विरोधी भी है और जब बुराई का सामना करती है तो वह महान देवी दुर्गा की तरह एक योद्धा में बदल जाती है। 'देवी' शब्द का सीधा सा अर्थ है देवी और वह सौम्य से लेकर क्रोध तक इसके कई पहलू हैं। देवी प्रकृति की शक्ति की तरह हैं और हिंदुओं ने उनकी कई तरह से कल्पना की है - दयालु मां पार्वती के रूप में, उदार भोजन प्रदाता अन्नपूर्णा के रूप में और साथ ही शक्तिशाली, निर्दयी लड़ाकू दुर्गा के रूप में जो पृथ्वी को बुराई से बचाती है और काली के रूप में भी। क्रोधित और विनाशकारी दोनों। मदुरै की तरह, देवी की पूजा शिव की पूजा के साथ घनिष्ठ रूप से जुड़ी हुई है क्योंकि वे पुरुष और प्रकृति - आत्मा और प्रकृति के रूप में ब्रह्मांड के केंद्र में हैं। देवी देवताओं की पत्नी भी हैं। वह ब्रह्मा की पत्नी सरस्वती, विष्णु की लक्ष्मी और शिव की गौरी हैं। देवी के कई मिथक और तीर्थ मार्कंडेय और देवी भागवत पुराणों और चंडी और देवी महात्म्य नामक स्तुति पुस्तकों में पाए जा सकते हैं। देवताओं के अपने भक्त होते हैं लेकिन वह देवी ही हैं जिनकी पूजा हर जगह, हर गांव और कस्बे में की जाती है। समस्त सृष्टि की माता के रूप में वह भूमि की आदि देवी हैं।

(क्रमशः)

## टेक वर्ल्ड

### अब व्हाट्सपएप से बिना इंटरनेट के भेजें फोटो और वीडियों

***व्हाट्सएप*** दुनिया की सबसे लोकप्रिय इंस्टेंट मैसेजिंग सेवा है। लगभग 2.4 बिलियन लोग इसका उपयोग करते हैं। WhatsApp अपने यूजर्स के लिए एक शानदार फीचर लॉन्च करने वाला है। व्हाट्सएप इस तकनीकी युग में एक अपरिहार्य त्वरित संदेश सेवा के रूप में विकसित हुआ है। व्हाट्सएप्प ने हाल ही में एक बड़ा ऐलान किया है, जिसने लोगों के मन में उत्साह भर दिया है। यह ऐलान यह है कि अब व्हाट्सएप्प पर इंटरनेट कनेक्शन के बिना भी फोटो और वीडियो भेजे जा सकेंगे। यह खबर ज्यादातर लोगों के लिए खुशियों की लहर लेकर आई है, क्योंकि इंटरनेट कनेक्शन की कमी के कारण कई बार लोग व्हाट्सएप्प पर कोई मीडिया फाइल नहीं भेज पाते थे। इस नई सुविधा के बारे में और जानकारी प्राप्त करने के लिए हम इस विषय पर विस्तार से चर्चा करेंगे। व्हाट्सएप दुनिया की सबसे लोकप्रिय इंस्टेंट मैसेजिंग सेवा है। लगभग 2.4 बिलियन लोग इसका उपयोग करते हैं। व्हाट्सएप अपने यूजर्स के लिए एक शानदार फीचर लॉन्च करने वाला है। व्हाट्सएप इस तकनीकी युग में एक अपरिहार्य त्वरित संदेश सेवा के रूप में विकसित हुआ है। इसका उपयोग देश और दुनिया भर में लाखों व्यक्तियों द्वारा किया जाता है। आज व्हाट्सएप का इस्तेमाल सिर्फ मैसेजिंग के लिए ही नहीं बल्कि वीडियो कॉलिंग, फोन कॉलिंग, डॉक्यूमेंट शेयरिंग और पेमेंट के लिए भी किया जाता है। कंपनी प्लेटफॉर्म को और अधिक उपयोगकर्ता-अनुकूल बनाने के लिए हमेशा नए फीचर्स पेश करती रहती है। अब आप इंटरनेट कनेक्शन की आवश्यकता के बिना व्हाट्सएप पर फोटो, वीडियो और दस्तावेज भेज सकते हैं। व्हाट्सएप के विकास पर नजर रखने वाली वेबसाइट whats appinfo के अनुसार, व्हाट्सएप पीपल नियरबाय (People Nearby) नामक एक फीचर विकसित कर रहा है।

(क्रमशः)

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# सुशील मोदी का पार्थिव शरीर पहुंचा पटना, कई दिग्गजों ने दी श्रद्धांजलि

**एजेंसी। पटना**


बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी का पार्थिव शरीर मंगलवार को पटना हवाई अड्डा पहुंचा। प्रदेश के दोनों उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा सहित प्रदेश भाजपा के कई दिग्गज नेता हवाई अड्डा पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सुशील मोदी का पार्थिव शरीर दोपहर विशेष विमान से पटना पहुंचा। उनके पार्थिव शरीर के पहुंचने के पहले ही भाजपा के कई नेता हवाई अड्डा पहुंच गए थे। पार्थिव शरीर के पहुंचने के बाद नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्हें श्रद्धांजलि देने वालों में दोनों उप मुख्यमंत्री के अलावा विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, मंत्री मंगल पांडेय, विवेक ठाकुर, नीरज बबलू, मनोज शर्मा, पूनम सिंह सहित बड़ी संख्या में नेता शामिल रहे। यहां से पार्थिव शरीर एक सजे वाहन से रवाना हुआ। पटना पहुंचने के बाद सुशील मोदी का पार्थिव शरीर पहले उनके निजी आवास ले जाया गया। जहां उनके परिजन और लोगों ने अंतिम दर्शन किया। यहां से उनका पार्थिव शरीर भाजपा प्रदेश कार्यालय लाया गाया, जहां पार्टी के लोगों ने उनका अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उनका पार्थिव शरीर विधानसभा होते हुए दीघा घाट लाया गया। जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। मालूम हो कि सोमवार को सुशील कुमार मोदी का दिल्ली के एक अस्पताल में निधन हो गया था। वह पिछले कई महीनों से कैंसर से पीड़ित थे।






"वह प्रेरक और मार्गदर्शक थे। वो परिवार के सदस्य थे। उनके जाने से बिहार के करोड़ों लोग अपने परिवार का नुकसान समझते हैं। वो ईमानदार और अच्छे इंसान होने के साथ दोस्तों के दोस्त थे।

**राजीव प्रताप रूडी**



"देश के साथ बिहार का बड़ा नुकसान है। मेरे अनन्य सहयोगी रहे, आज मैं खुद को अकेला महसूस कर रहा हूं। उनके साथ इतनी यादें जुड़ी हैं कि मन बार-बार बोझिल हो जा रहा है।

**अश्विनी कुमार चौबे, भाजपा के वरिष्ठ नेता**



"सुशील मोदी का निधन बहुत ही दुखद खबर है। कल रात में हमें सूचना मिली कि उनका निधन हो गया है। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि उनकी आत्मा को शांति मिले। इस दुख की घड़ी में उनके परिवार के साथ हमारी पूरी संवेदना है। लालू से सुशील मोदी का रिश्ता छात्र जीवन से ही रहा है।

**तेजस्वी यादव, पूर्व उपमुख्यमंत्री व राजद नेता**



"सुशील कुमार मोदी के निधन के साथ ही राजनीतिक जगत का चमकता सितारा अस्त हो गया है। कब उजाला आएगा, समझ नहीं आता। उनसे हमारा निजी संबंध रहा है। उनके जाने से 'हम' और हमारा परिवार दुखी है। भगवान उनकी आत्मा को शांति दें।

**जीतन राम मांझी**



"सुशील मोदी की बिहार की राजनीति में एक महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वे जब तक रहे, भाजपा के लिए एक स्तंभ का काम किया। वह गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। वो एक जुझारू किस्म के राजनीतिज्ञ थे और बिहार की राजनीति में उनकी कमी हमेशा खलेगी।

**अखिलेश प्रसाद सिंह**



"सुशील मोदी बेहद सरल और सुलभ राजनेता रहे। उनका राजनीतिक जीवन बेदाग रहा। यह अपूरणीय क्षति है। इसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है। हमारे जैसे कार्यकर्ता को उन्होंने आगे बढ़ाने का काम किया। उनके अंदर संगठनात्मक कौशल था, जो सबको साथ लेकर चलते थे।

**विजय सिन्हा, बिहार के उपमुख्यमंत्री**



"वे हमारे लिए प्रेरणास्रोत रहे। वो हमारे अभिभावक और परिवार के सदस्य की तरह थे। उनको हम भावभीनी श्रद्धांजलि देते हैं। वो हमारे पिता रामविलास के साथ हमेशा सहयोगी और साथी की भूमिका में रहे। दोनों की जोड़ी अक्सर चुनाव प्रचार में देखने को मिलती थी। ऐसे में मेरे लिए दोहरी क्षति है।

**चिराग पासवान, लोजपा**



"शोकग्रस्त नेताओं ने दिवंगत सुशील मोदी को किया यादपूर्व उप-मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी का निधन पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है। बतौर अध्ययनशील नेता उन्होंने सभी विषयों पर व्यापक अध्ययन कर उससे जुड़े विभिन्न पक्षों को लोगों तक पहुंचाया। बिहार को सुशासित बनाने की दिशा में उनका योगदान अमूल्य है।

**सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री बिहार**



"सुशील मोदी के निधन से बिहार मर्माहत है। उनके निधन से राजनीतिक क्षेत्र में जो शून्य पैदा हुआ है, उसकी भरपाई संभव नहीं है। छात्र जीवन से लेकर अंतिम समय तक समाज ही उनके जीवन में रहा।

**गिरिराज सिंह, केंद्रीय मंत्री**

## ममता दीदी आपका समय खत्म हो गया : अमित शाह

**एजेंसी। कोलकाता**

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के मतुआ बहुल क्षेत्र बनगांव में मंगलवार को चुनावी जनसभा में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला। शाह ने कहा कि ममता दीदी आपका समय खत्म हो गया है। इस बार पश्चिम बंगाल में भाजपा यदि लोकसभा की 30 सीटें जीतीं तो विधानसभा के आगामी चुनाव में राज्य में भी भाजपा की सरकार बनेगी।

गृहमंत्री शाह ने मौजूदा सांसद एवं भाजपा उम्मीदवार शांतनु ठाकुर के पक्ष में आयोजित जनसभा में कहा कि मतुआ एवं नामशुद्र समुदाय के लोगों ने 2019 में शांतनु ठाकुर को सांसद बनाया तो मोदी के नतृत्व में राम मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ और 22 जनवरी को मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई। ममता और राहुल गांधी पर एक साथ हमला बोलते हुए अमित शाह ने कहा कि ममता दीदी और राहुल बाबा दोनों को प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने का निमंत्रण भेजा गया था, लेकिन वे नहीं गए। क्योंकि उन्हें अपने वोटबैंक की चिंता थी। उनके वोटबैंक घुसपैठिए हैं जबकि हमारे वोट बैंक यहां आए मतुआ, नामशुद्र समुदाय के लोग



हैं। उन्होंने कहा कि बिहार, उत्तर प्रदेश, ओडिशा से आए लोग हमारे वोट बैंक हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता शाह ने कांग्रेस पर दलितों के अधिकारों के हनन का आरोप लगाते हुए कहा कि 2013 से पहले कांग्रेस ने दलित समुदाय के विकास के लिए केवल 41 करोड़ रुपये का आवंटन किया था जबकि मोदी सरकार ने पिछले 10 सालों में एक लाख 65 हजार करोड़ रुपये का आवंटन किया। उन्होंने नागरिकता संशोधन अधिनियम का जिक्र कर कहा कि ममता दीदी कहती हैं कि नागरिकता अधिनियम को रोक लेंगी। मैं चुनौती देता हूं रोक कर दिखाएं। यह केंद्र का विषय है आपके हाथ में कुछ भी नहीं है। शाह ने लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की।

## चार चरणों में ही भाजपा जीत चुकी है 270 सीटें : अमित शाह

**कोलकाता।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल में बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में चार चरणों का मतदान पूरा होते ही मोदी को बहुमत मिल चुका है। अमित शाह ने कहा कि इन चार चरणों में 380 सीटों के लिए मतदान सम्पन्न हो चुका है। बंगाल में 18 सीटों पर मतदान हो चुका है। शाह ने दावा किया कि इन 380 में से 270 सीटें जीतकर प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्ण बहुमत हासिल कर लिया है, आगे की लड़ाई 400 पार करने की है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए अमित शाह ने कहा, यहां पर (बंगाल में) कटमनी, घुसपैठ, बम धमाके और सिंडिकेट राज, ममता दीदी नहीं बंद कर सकती हैं, इसे सिर्फ मोदी जी ही बंद कर सकते हैं। चिटफंड घोटाले वाले, शिक्षक भर्ती घोटाले वाले, नगरपालिका भर्ती घोटाले वाले, राशन घोटाले वाले, गाय और कोयला तस्करी करने वाले व पैसे लेकर सवाल करने वालों को जेल जाने की तैयारी कर लेनी चाहिए। किसी को छोड़ा नहीं जाएगा।

## न्यूज बॉक्स

### कंगना का ऐलान-अब फिल्मी दुनिया में नहीं जाऊंगी वापस

**मंडी।** प्रदेश की सबसे बड़ी संसदीय सीट से भाजपा उम्मीदवार और फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत ने बड़ा ऐलान कर दिया है। कंगना ने ऐतिहासिक सेरी मंच से ऐलान किया कि अब वह फिल्मी दुनिया में वापस नहीं जाएंगी बल्कि यहीं जनसेवा करेंगी। भाजपा उम्मीदवार और फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत ने मंगलवार को यहां अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके साथ पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर भी मौजूद रहे। नामांकन से पूर्व कंगना ने पड्डल मैदान से सेरी मंच तक रोड शो किया। पड्डल से कंगना रनौत का काफिला भाजपा के झंडों और बैनरों के साथ मंडी शहर की ओर बढ़ा। इस दौरान रनौत के साथ जयराम ठाकुर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, स्थानीय विधायक अनिल शर्मा और भरमौर के विधायक डॉ. जनकराज भी मौजूद रहे। सेरी में कंगना ने एक रैली को भी संबोधित किया।



### गृह मंत्रालय ने अधिकारी बनकर कॉल करने के मामले जारी किया अलर्ट

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने साइबर अपराधियों द्वारा स्वयं को पुलिस अथवा अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों का अधिकारी बताकर धमकी, ब्लैकमेल, जबरन वसूली और डिजिटल गिरफ्तारियों का दावा करने वालों को लेकर अलर्ट जारी किया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान जारी कर कहा कि साइबर अपराधियों द्वारा स्वयं को पुलिस अधिकारी, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई), नारकोटिक्स विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), प्रवर्तन निदेशालय और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियां का अधिकारी बताकर धमकी, ब्लैकमेल, जबरन वसूली और डिजिटल गिरफ्तारियों के संबंध में राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर बड़ी संख्या में शिकायतें दर्ज की जा रही हैं। मंत्रालय के अनुसार धोखेबाज आमतौर पर पीड़ित को कॉल कर पार्सल भेजने की बात करते हैं या कहते हैं कि उनका अवैध सामान, ड्रग्स, नकली पासपोर्ट या कोई अन्य प्रतिबंधित वस्तु उनके पास है। कभी-कभी, वे यह भी बताते हैं कि पीड़ित का कोई करीबी या प्रिय व्यक्ति किसी अपराध या दुर्घटना में शामिल पाया गया है और उनकी हिरासत में है। ऐसे मामलों समझौता करने के एवज में पैसे की मांग की जाती है। कुछ मामलों में बिना सोचे-समझे पीड़ितों को डिजिटल गिरफ्तारी से गुजरना पड़ता है। और जब तक उनकी मांग पूरी नहीं हो जाती, तब तक वे स्काइप या अन्य वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग प्लेटफॉर्म पर धोखेबाजों के लिए उपलब्ध रहते हैं। जालसाजों को पुलिस स्टेशनों और सरकारी कार्यालयों की तर्ज पर बनाए गए स्टूडियो का उपयोग करने और असली दिखने के लिए वर्दी पहनने के लिए जाना जाता है।




### सत्ता का दुरुपयोग कर रही है भाजपा : सचिन पायलट

**रायबरेली।** राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा कि बीजेपी सत्ता का खूब दुरुपयोग कर रही है,जिसके लिए यहां सिंगल और डबल इंजन दोनों लगाए गए हैं। सभी तरह के संसाधनों का इस्तेमाल हो रहा है। लेकिन कुछ भी काम नहीं कर रहा है, लोग पहले ही मन बना चुके हैं। यह बातें पायलट मंगलवार को राहुल गांधी के समर्थन में आयोजित जनसभा के बाद पत्रकारों से कही। उन्होंने कहा कि रायबरेली का यह चुनाव धर्म और बिरादरी से आगे जा चुका है। यह अब भविष्य का चुनाव है और रायबरेली के लोग राहुल गांधी को आशीर्वाद देने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा कि रायबरेली की जनता 20 मई को राहुल गांधी को भारी मतों से जिताएगी।



### नर्मदा नदी के तेज बहाव में डूबे आठ पर्यटक, एक को बचाया

**राजपीपला।** नर्मदा जिले के पोइचा में नर्मदा नदी में मंगलवार को सात नाबालिग सहित आठ लोग पानी की तेज बहाव में बह गए। इनमें से एक व्यक्ति को बचा लिया गया है, जबकि सात लोग अभी लापता हैं। स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड कर्मी पानी में बहे लोगों की खोजबीन में जुटे हैं। जानकारी के अनुसार मूल अमरेली के निवासी और सूरत में रहने वाले 10 लोग नर्मदा जिले के पोइचा घूमने गए थे। इस दौरान इनमें से आठ लोग नर्मदा नदी में स्नान करने लगे। यहां पानी का बहाव काफी तेज था। देखते ही देखते नहा रहे आठों लोग पानी में बह गए। इनमें सात नाबालिग हैं। घटना की जानकारी मिलते ही राजपीपला शहर पुलिस मौके पर पहुंच गई है।

### भाजपा प्रत्याशी ने राहुल गांधी के खिलाफ चुनाव आयोग से की शिकायत

**रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह ने राहुल गांधी पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाया है। उन्होंने इसकी शिकायत चुनाव आयोग से करते हुए वैधानिक कार्यवाही की मांग की है। भाजपा प्रत्याशी ने मंगलवार को पत्रकारों से बताया कि कांग्रेस के कार्यकर्ता गांव-गांव एक गारंटी कार्ड वितरित कर रहे हैं। उसमें मतदाता से हस्ताक्षर करवाया जाता है और साथ ही कांग्रेस का कार्यकर्ता भी हस्ताक्षर कर देता है। यह सीधे तौर पर मतदाताओं को प्रलोभन देने का तरीका है। जो कि आदर्श आचार संहिता का घोर उल्लंघन है। दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि इसके खिलाफ उन्होंने चुनाव आयोग से शिकायत की है। हालांकि कांग्रेस के लोगों की इस कवायद का कोई मतलब नहीं क्योंकि सरकार तो भाजपा की ही बन रही है।

### दक्षिण कश्मीर के तीन जिलों के 11 स्थानों पर एसआईए ने ली तलाशी

**श्रीनगर।** राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने मंगलवार को दक्षिण कश्मीर के तीन जिलों अनंतनाग, कुलगाम और शोपियां में 11 स्थानों पर तलाशी ली। इस दौरान जांच से संबंधित मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट और दस्तावेज सहित विभिन्न लेखों को जब्त किया गया है। एसआईए ने कहा कि ये तलाशी 17 अप्रैल, 2024 को जबलीपोरा, बिजबिहाड़ा में गैर स्थानीय स्ट्रीट वेंडर राजा साह की हत्या से संबंधित पुलिस थाना बिजबिहाड़ा की एफआईआर संख्या 87/2024 की चल रही जांच के संबंध में की गई थी, ताकि इस हत्या के पीछे बड़ी आपराधिक साजिश का पता लगाया जा सके। तलाशी के दौरान मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट और दस्तावेज सहित विभिन्न लेखों को जब्त कर लिया गया है, जिनकी फोरेंसिक जांच करवाकर विश्लेषण किया जाएगा।




#### भारतीय स्टॉक में कर रहे हैं अधिक निवेश

## घरेलू बचत को संरक्षित करने की आवश्यकता : निर्मला सीतारमण

**एजेंसी। मुंबई**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में आयोजित 'विकसित भारत 2047' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अधिक से अधिक भारतीय अब शेयर बाजारों में निवेश कर रहे हैं और उनकी घरेलू बचत को मजबूती से संरक्षित किया जाना चाहिए। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) में भारतीय वित्तीय बाजारों पर केंद्रित 'विकसित भारत 2047' सत्र को संबोधित करते हुए, वित्त मंत्री ने कहा कि मध्यम वर्ग के परिवारों को एहसास है कि भले ही बाजारों में निवेश के अपने जोखिम हैं, लेकिन इसमें ज्यादा बेहतर रिटर्न मिलता है। सीतारमण ने कहा, हमें शेयर




बाजारों में भारतीयों द्वारा दिखाए जा रहे भरोसे की रक्षा करनी चाहिए और उसे मजबूती प्रदान करनी चाहिए। वित्त मंत्री ने कहा कि विपक्षी दलों के दिमाग से यह बात अभी तक निकली नहीं है कि भारतीयों की बचत डाकघरों और बैंकों के जरिए होनी चाहिए।

### आज का राशिफल

**मेष** — सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

**वृषभ** — परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। किसी की टीका-टिप्पणी से आपको परेशानी हो सकती है। शुभांक-2-5-6

**मिथुन** — विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकता है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। शुभांक-5-7-9

**कर्क** — पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से कार्य सफल होंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-1-3-6

**सिंह** — दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शुभांक-5-7-9

**कन्या** — रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-7

**तुला** — संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। शुभांक-4-6-7

**वृश्चिक** — कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-6-8

**धनु** — मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। शुभांक-3-5-7

**मकर** — शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

**कुम्भ** — विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते हैं जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाएं। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-5-7-9

**मीन** — क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती है। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोगों को आश्चर्य में डाल देंगे। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा। शुभांक-1-5-8

# उपभोक्ता अदालत में वकीलों के विरुद्ध खराब सेवा को लेकर केस नहीं चला सकते

### बार काउंसिल ऑफ इंडिया के तहत 13 लाख वकील हैं पंजिकृत

**-ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय की जस्टिस बेला एम त्रिवेदी व जस्टिस पंकज मित्तल की पीठ ने एक मामले में फैसला दिया कि अदालत में वकील जो भी सेवा देते हैं, वो अन्य सेवाओं से काफी अलग है। इस तरह की सेवा को उपभोक्ता कानून के दायरे में नहीं रखा जा सकता है। इसलिए इसे बाहर ही रखना चाहिए।पीठ ने कहा कि कानूनी प्रोफेशन को किसी अन्य कार्यों से तुलना नहीं की जा सकती। किसी अधिवक्ता और उसके मुअक्कील के बीच आपसी सहमति के तहत सेवाएं प्रदान की जाती है। ऐसे में अगर किसी वकील से कोई कमी होती है तो वकील को उपभोक्ता कोर्ट में नहीं खींचा जा सकता। हालांकि वकील के खिलाफ सामान्य अदालत में किसी अन्य गड़बड़ी के तहत केस चला सकते हैं। इस फैसले के बाद अब उपभोक्ता अदालत में वकीलों के विरूद्ध खराब सेवा को लेकर केस नहीं चला सकते हैं। उन्होंने फैसला देते हुए कहा कि फीस देकर काम करवाने को कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट की सेवा के तहत नहीं रख सकते हैं।

**2007 में दिया था आदेश-**

सुप्रीम कोर्ट ने 2007 में कंज्यूमर कमीशन के फैसलों को रद्द कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने अपने इस फैसले में कहा था कि वकील उपभोक्ता के अधिकारों को ध्यान में रखकर अपनी सेवा नहीं देता है, तो उस पर उपभोक्ता अदालत में मुकदमा दर्ज किया जा सकता है। कोर्ट ने कहा था कि वकीलों की सेवा को सेक्शन 2 (1) ड के अंतर्गत आती है। जिसके तहत उपभोक्ता अदालत में मुकदमा चलाया जा सकता है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने ही साल 2009 में उपभोक्ता आयोग के इस फैसले पर रोक लगा दी थी। वकीलों की कई संस्था देशभर में कार्य करती है। वर्तमान में बार काउंसिल ऑफ इंडिया के तहत 13 लाख वकील हैं। कमीशन के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। याचिका में कहा गया था कि वकीलों को अपने काम को लेकर सुरक्षा और स्वतंत्रता की जरूरत है। वहीं इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स ऑन रिकॉर्ड एसोसिएशन ने कहा कि लीगल वर्क किसी वकील के बस में नहीं होता है।

वकीलों को एक नियम के तहत काम करना होता है। जबकि फैसला भी वकीलों के कंट्रोल में नहीं होता। ऐसे में किसी भी केस को लेकर वकीलों को जिम्मेदार कैसे ठहराया जा सकता है।

### दिल्ली में आयकर कार्यालय में आग लगने के बाद 7 लोग बचाए गए

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में आयकर कार्यालय (आईटीओ) की इमारत में मंगलवार को आग लगने के बाद दो महिलाओं सहित सात लोगों को बचाया गया। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि इमारत में काम कर रहे कई लोगों को सीढ़ियों की मदद से खिड़कियों के जरिए बाहर निकाला गया।

#### संजय सिंह ने स्वीकार किया

## मुख्यमंत्री आवास पर हुई थी स्वाति मालीवाल से मारपीट

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास पर पार्टी नेता और सांसद स्वाति मालीवाल के साथ दुर्व्यवहार और मारपीट के मामले में पहली बार आम आदमी पार्टी (आआपा) की ओर से बयान आया है। पार्टी के नेता संजय सिंह ने मारपीट की बात को स्वीकारा है और कहा है कि मुख्यमंत्री इस मामले में गंभीर हैं और सख्त कार्रवाई की जाएगी।




आप सांसद संजय सिंह ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में स्वाति मालीवाल के मामले पर बयान दिया। उन्होंने कहा कि कल महिला सांसद मुख्यमंत्री आवास पर आयीं थीं।

### जम्मू की नियंत्रण रेखा के पास से एक पाकिस्तानी घुसपैठिया गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू के बाहरी इलाके खौर के पल्लनवाला इलाके में नियंत्रण रेखा के पास एक गांव से पाकिस्तानी घुसपैठिए को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को जम्मू के बाहरी इलाके खौर के पल्लनवाला इलाके में नियंत्रण रेखा के पास मिलन दी खुई गांव से गिरफ्तार किया गया है।

## चुंबकीय तूफान से अंतरिक्ष मौसम भविष्यवाणी का महत्व उजागर हुआ : विश्व मौसम संगठन

**एजेंसी। बीजिंग**

विश्व मौसम संगठन ने कहा है कि कुछ दिनों पहले पृथ्वी पर कई दशकों में सबसे जबरदस्त चुंबकीय तूफान पैदा हुआ और पृथ्वी के अनेक स्थान पर ध्रुवीय ज्योति यानी ऑरोरा नजर आयी। इससे अंतरिक्ष मौसम घटना की भविष्यवाणी करने का महत्व उजागर हुआ है।

ध्रुवीय ज्योति आम तौर पर ध्रुवीय क्षेत्रों में दिखती है। 10 से 13 मई तक अमेरिका के फ्लोरिडा, इटली, स्पेन और चीन आदि देशों में ध्रुवीय ज्योति दिखाई दी।

विश्व मौसम संगठन ने बताया कि ऐसा सूर्य की तीव्र गतिविधि से पैदा अत्यंत जबरदस्त चुंबकीय तूफान से हुआ। सूर्य की ऐसी गतिविधि नियमित रूप से




होती है और उसका चक्र 11 साल है। यह सूर्य के चुंबकीय मैदान के चुंबकत्व में बदलाव से संबंधित है।

विश्व मौसम संगठन ने बताया कि ध्रुवीय ज्योति सुंदर दृश्य है, लेकिन, चुंबकीय तूफान से खतरे की संभावना है। वह शायद बिजली ग्रिड की स्थिरता, दूरसंचार और उपग्रह के संचालन पर कुप्रभाव डालेगा। सौभाग्य की बात है कि इस बार चुंबकीय तूफान की सटीक भविष्यवाणी की गयी थी।

### गाजा युद्ध को लेकर इजरायल से संबंधों पर पुनर्विचार कर सकता है मिस्र

**काहिरा।** गाजा पट्टी में इजरायल की व्यापक सैन्य कार्रवाई के जवाब में पड़ोसी देश मिस्र इजरायल से राजनयिक संबंधों को कम कर सकता है। वॉल स्ट्रीट जर्नल के अनुसार, मिस्र के सरकारी अधिकारियों ने संकेत दिया है कि मिस्र इजरायल से अपना राजदूत वापस बुला सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हालांकि, संबंध को पूरी तरह से खत्म करने की फिलहाल कोई योजना नहीं है। काहिरा की ओर से कोई आधिकारिक टिप्पणी अभी नहीं आई है। काहिरा में सरकार चिंतित है कि अगर गाजा के दक्षिणी हिस्से रफा में इजरायली आक्रमण बढ़ाया गया तो बड़ी संख्या में फिलिस्तीनी सीमा पार कर मिस्र में प्रवेश कर सकते हैं।





# गोल्डन बॉल ट्रॉफी चोरी हुई, नीलामी रोकना चाहते हैं : माराडोना के उत्तराधिकारी



**पेरिस।** महान फुटबॉलर डिएगो माराडोना के उत्तराधिकारी उस ट्रॉफी की नीलामी को रोकने की कोशिश करने के लिए मुकदमा दायर करेंगे जो उन्हें 1986 विश्व कप में अर्जेंटीना की खिताबी जीत के बाद दी गई थी। उनके वकील ने मंगलवार को यह जानकारी दी।
टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को गोल्डन बॉल ट्रॉफी दी जाती है। यह ट्रॉफी दशकों से गायब थी और हाल ही में दोबारा सामने आई। अगुटेस ऑक्शन हाउस ने पिछले हफ्ते कहा था कि इसकी अगले महीने पेरिस में नीलामी की जाएगी। माराडोना का 2020 में 60 बरस की उम्र में निधन हो गया था। उन्हें 1986 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिए इस ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। उन्होंने मेक्सिको सिटी में फाइनल में पश्चिम जर्मनी पर 3-2 की जीत के दौरान अर्जेंटीना की कप्तानी की। इससे पहले उन्होंने क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड पर 2-1 की जीत में विवादास्पद हैंड ऑफ गॉड' गोल और सदी का सर्वश्रेष्ठ' गोल किया था।
माराडोना के उत्तराधिकारियों का कहना है कि ट्रॉफी चोरी हो गई थी और उनका दावा है कि मौजूदा मालिक इसे बेचने का हकदार नहीं हो सकता। पैराडॉक्स लॉयर्स फर्म के साथ काम करने वाले वकील जाइल्स मोरू ने कहा कि वह गोल्डन बॉल को नीलामी से हटाने के लिए पेरिस के पास नैनटेरे न्यायिक अदालत के अध्यक्ष से तत्काल अनुरोध करेंगे।

# इमा कराटे ग्रेडिंग में आर्यमन बने ब्लैक बेल्ट प्रथम डान



**● 86 कराटे खिलाड़ी सफल, मारिया और अन्या बेस्ट कराटे खिलाड़ी चुने गए**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी (इमा) के तत्वावधान में इमा रांची प्रेस क्लब शाखा में संपन्न एक दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर सह ग्रेडिंग में 86 कराटे खिलाड़ी सफल हुए।
इसमें येलो बेल्ट के 27 खिलाड़ी, ऑरेंज बेल्ट के 6, ग्रीन बेल्ट के 18, ब्लू बेल्ट के 7, पर्पल बेल्ट के 7, ब्राउन बेल्ट के 20 और ब्लैक बेल्ट के एक खिलाड़ी शामिल हैं।
आर्यमन जैन ने ब्लैक बेल्ट प्रथम डान की परीक्षा में सफलता हासिल की है। वहीं, बरियातू शाखा के मारिया लवलीन खेस और अन्या ट्विंकल कुजूर बेस्ट कराटे खिलाड़ी चुने गए हैं।
इमा के तकनीकी निदेशक एवं नेशनल कोच शिहान सुनील किस्पोट्टा ने सभी सफल खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि जीवन में लक्ष्य का निर्धारण जरूरी है। तभी लक्ष्य को पाया जा सकता है। इन्होंने यह भी कहा कि समय-समय पर ग्रेडिंग होने से खिलाड़ी सही समय पर ब्लैक बेल्ट प्राप्त कर सकते हैं। प्रशिक्षण शिविर को सफल बनाने में इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के अध्यक्ष सेंसई अनिल किस्पोट्टा, राकेश तिर्की, रवि कुमार सिंह, स्वस्तिका तरफदार, उमाशंकर महतो, ऐनी कोंगरी आदि ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# प्लेऑफ में जगह सुनिश्चित करने टकराएंगे किंग्स और रॉयल्स

**एजेंसी। गुवाहाटी**
राजस्थान रॉयल्स की टीम प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर हो चुके पंजाब किंग्स के खिलाफ बुधवार को यहां जब नॉकआउट में अपनी जगह सुनिश्चित करने उतरेगी तो भारत के पूर्वोत्तर राज्यों की सबसे प्रभावी क्रिकेट प्रतिभाओं में शामिल रियान पराग को अपने घरेलू प्रशंसकों से भव्य स्वागत की उम्मीद होगी।
दस टीम की तालिका में 16 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर मौजूद रॉयल्स को अंतिम चार में जगह पक्की करने के लिए गुवाहाटी में अपने अगले दो घरेलू' मैचों में से एक में जीत सुनिश्चित करने की जरूरत है। पिछले कुछ वर्षों से गुवाहाटी रॉयल्स का दूसरा घरेलू मैदान रहा है और पराग की क्षमताओं पर छह साल तक निवेश को देखते हुए यह फ्रेंचाइजी का एक रणनीतिक कदम था।
प्रदर्शन में निरंतरता की कमी के लिए सोशल मीडिया पर आलोचना झेलते रहे पराग के लिए इस साल घर वापसी खास है क्योंकि सलामी बल्लेबाज नहीं होने के बावजूद उन्होंने 153 के स्ट्राइक रेट से 483 रन बनाकर शानदार प्रदर्शन किया है। इस प्रदर्शन ने पराग को अगली टी20 श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने का दावेदार बना दिया है जहां उनके अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करने की उम्मीद है। जब भी ऐसा होगा तब पराग सीनियर टीम की प्रतिष्ठित नीली जर्सी पहनने वाले पूर्वोत्तर के पहले क्रिकेटर बन जाएंगे। यहां इस 22 वर्षीय खिलाड़ी के लिए समर्थन स्वाभाविक होगा और इससे पंजाब किंग्स के खिलाफ संजू सैमसन और उनकी टीम को भी मदद मिलेगी। पंजाब किंग्स के लिए मौजूदा सत्र में शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा ने अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन टीम एकजुट होकर प्रभावी प्रदर्शन करने में विफल रही। सत्र के अधिकांश हिस्से से चोट के कारण कप्तान शिखर धवन की अनुपस्थिति ने मामले को और बिगाड़ दिया क्योंकि कार्यवाहक कप्तान सैम कुरेन कप्तानी करते हुए प्रभावी नजर नहीं आए।




**पंजाब किंग्स :** जॉनी बेयरस्टो (विकेटकीपर), प्रभसिमरन सिंह, रिले रोसौव, जितेश शर्मा, शशांक सिंह, सैम कुरेन (कप्तान), आशुतोष शर्मा, हर्षल पटेल, राहुल चाहर, अर्शदीप सिंह, विधाथ कवरप्पा

**राजस्थान रॉयल्स :** यशस्वी जयसवाल, टॉम कोहलर-कैडमोर, संजू सैमसन (कप्तान और विकेटकीपर), रियान पराग, शुभम दुबे, ध्रुव जुरेल, रविचंद्रन अश्विन, ट्रेंट बोल्ट, अवेश खान, संदीप शर्मा, युजवेंद्र चहल

## भारतीय क्रिकेटर राहुल चाहर के पिता हुए धोखाधड़ी का शिकार

**नई दिल्ली।** घटनाओं के एक चौंकाने वाले मोड़ में क्रिकेटर राहुल चाहर के पिता देशराज चाहर को गैलेक्सी निर्माण प्राइवेट लिमिटेड के बिल्डर ने कथित तौर पर धोखा दिया है जिसने आगरा में एक आवास घोटाले को उजागर किया है। घटना तब सामने आईं जब देशराज चाहर ने मघटाई गांव में नवनिर्मित नरसी विलेज कॉलोनी में एक घर बुक करने के लिए बड़ी राशि जमा की, लेकिन उन्हें धोखे और धमकी के जाल में फंसा लिया गया।

## अब से हर इवेंट मेरे लिए ओलंपिक जैसा होगा : गोल्फर दीक्षा

**नई दिल्ली।** दीक्षा डागर, जो पिछले हफ्ते 100 लेडीज यूरोपियन टूर स्पधाओं में भाग लेने वाली पहली भारतीय गोल्फर बनीं, जुलाई-अगस्त में पेरिस ओलंपिक 2024 से पहले व्यस्त यूरोपीय यात्रा पर होंगी। 23 वर्षीया ने अदिति अशोक के साथ टोक्यो 2020 में ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में पदार्पण किया था। बर्लिन में इस सप्ताह से शुरू होने वाले अमुंडी जर्मन मास्टर्स में, 'सेंचुरियन' दीक्षा ग्रीष्मकालीन खेलों की तैयारी के लिए, लगभग पूरे यूरोप में, कम से कम नौ इवेंट में भाग लेंगी। दीक्षा ने फिट इंडिया चैंपियंस पॉडकास्ट में कहा, यहां से सभी इवेंट मेरे लिए ओलंपिक की तरह होंगे। दीक्षा एक खास गोल्फर हैं। वह बाएं हाथ की हैं और सक्षम लोगों के लिए एक ओलंपिक और दो डेफलिंपिक खेलने वाली एकमात्र खिलाड़ी हैं।

## बंगलादेश टी20 विश्व कप टीम की घोषणा

**ढाका।** बंगलादेश ने अगले महीने अमेरिका और वेस्टइंडीज की सह मेजबानी में होने वाले टी-20 विश्व कप 2024 के लिए 15 सदस्यीय टीम में चोटिल तस्कीन अहमद को बतौर उप कप्तान शामिल किया है। टीम की अगुवाई नजमुल हुसैन शान्तो करेंगे। वर्ष 2007 के बाद टी20 विश्व कप के हर संस्करण में खेलने वाले शाकिब अल हसन को भी टीम में शामिल किया गया हैं। इस वर्ष सफेद गेंद क्रिकेट में खराब फॉर्म के बावजूद लिटन दास को भी टीम में जगह मिली है। तास्किन को 12 मई को जिम्बाब्वे के खिलाफ पांचवें टी-20 मुकाबले से पहले चोट लग गई थी जिसके कारण वह मैच नहीं खेल पाए थे।

# मनिका बत्रा ने करियर की सर्वश्रेष्ठ विश्व रैंकिंग हासिल की

**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारतीय टेबल टेनिस स्टार मनिका बत्रा ने मंगलवार को जारी नई आईटीटीएफ रैंकिंग में विश्व नंबर 24 की नई करियर उच्च रैंकिंग हासिल की।
मनिका ने 15 पायदान की छलांग लगाई और 39वें से 24वें स्थान पर पहुंच गई हैं। इसके अलावा, उन्होंने श्रीजा अकुला से अपना भारत का नंबर एक स्थान पुनः प्राप्त किया। इस प्रक्रिया में 25 वर्षीय पैडलर शीर्ष 25 एकल रैंकिंग में जगह बनाने वाली पहली भारतीय महिला बन गई हैं। उन्होंने 2019 में जी सत्यन (वर्तमान में विश्व नंबर 65) द्वारा हासिल की




गई विश्व नंबर 24 रैंकिंग की भी बराबरी की, जो एकल में किसी भारतीय द्वारा प्राप्त सर्वोच्च रैंक है। मनिका की रैंकिंग में उछाल पिछले हफ्ते सऊदी स्मैश इवेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के बाद आया, जहां उन्होंने राउंड 32 में शीर्ष चीनी खिलाड़ी और ओलंपिक पदक विजेता वर्ल्ड नंबर 2, वांग मन्यु पर उलटफेर भरी जीत दर्ज की। इसके बाद उन्होंने वर्ल्ड नंबर 14 जर्मनी की नीना मित्तेलहम को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जहां मनिका अंततः जापान की वर्ल्ड नंबर 5 हिना हयाता से हार गईं। पुरुष एकल रैंकिंग में अनुभवी अचंत शरत कमल तीन स्थान गिरकर 40वें स्थान पर आ गए और सर्वोच्च रैंकिंग वाले भारतीय पुरुष खिलाड़ी बने हुए हैं। मानव ठक्कर व हरमीत देसाई 62वें और 63वें स्थान पर हैं।

# हरमनप्रीत, ऋचा, राधा को मिली आईसीसी टी20 रैंकिंग में बढ़त

**दुबई।** बांग्लादेश पर पांच मैचों की श्रृंखला में शानदार 105 रनों की पारी के बाद, भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर मंगलवार को जारी नई आईसीसी महिला टी20 रैंकिंग में तीन पायदान ऊपर 13वें स्थान पर पहुंच गईं। इस साल के आईसीसी महिला टी20 विश्व कप से कुछ ही महीने पहले भारतीय टीम शानदार लय में दिखी और बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज को 5-0 से अपने नाम किया।
टीम की साथी ऋचा घोष श्रृंखला के अंतिम मैच में नाबाद 28 रन की बदौलत दो पायदान ऊपर 23वें स्थान पर पहुंच गईं। राधा यादव (सात पायदान ऊपर 23वें स्थान पर) और तितास साधु (18 पायदान ऊपर 60वें स्थान पर) ने बांग्लादेश में अच्छे प्रयासों के बाद गेंदबाजों की ताजा टी20 रैंकिंग में सुधार किया । पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू मैदान पर श्रृंखला के पहले मैच के बाद, कई इंग्लिश खिलाड़ियों की रैंकिंग में भी बढ़ोतरी हुई है। बर्मिंघम में 49 रनों की पारी के बाद कप्तान हीथर नाइट टी20 बल्लेबाजों में चार स्थान ऊपर चढ़कर 18वें स्थान पर पहुंच गईं। अपनी तूफानी 37 रन की पारी और विकेट के पीछे चार कैच के लिए अनुभवी कीपर एमी जोन्स को इंग्लैंड की 53 रन की जीत में प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। 30 वर्षीय खिलाड़ी नई टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में तीन स्थान ऊपर चढ़कर 26वें स्थान पर पहुंच गई। टी20 विश्व कप क्वालीफायर में सफलता के बाद श्रीलंका के खिलाड़ियों को भी रैंकिंग में बड़ा फायदा हुआ।

**व्यापार/लाइफ व साइंस**

## 13 हजार की छूट पर खरीदें गूगल पिक्सल 8ए


**एजेंसी। नई दिल्ली**
गूगल की ओर से लेटेस्ट लॉन्च स्मार्टफोन गूगल पिक्सल 8 ए पर शानदार डिस्काउंट ऑफर दिया जा रहा है, जहां से सस्ते में फोन खरीद पाएंगे। फोन की खरीद पर 13 रुपये की इंस्टैंट छूट का लुत्फ उठाया जा सकता है। फोन की सेल आज जानी 14 मई 2024 से शुरू हो गई है।

**डिस्काउंट ऑफर**
फोन को भारी डिस्काउंट के साथ प्री-ऑर्डर किया जा सकता है। गूगल पिक्सल 8 ए स्मार्टफोन की MRP 52,999 रुपये है। जिस पर आईसीआईसीआईसीआई क्रेडिट कार्ड से खरीद पर 4000 रुपये का इंस्टैंट डिस्काउंट दिया जा रहा है। साथ ही अपने पुराने पोन पर 9000 रुपये के एक्सचेंज ऑफर का लुत्फ उठाया जा सकता है। अगर आप इन दोनों डिस्काउंट ऑफर का मैक्सिमम फायदा उठा पाते हैं, तो आप कुल 13 हजार रुपये की छूट हासिल कर पाएंगे। इसके अलावा अपकमिंग गूगल पिक्सल 8 ए स्मार्टफोन को 3,333 रुपये की ईएमआई पर खरीद पाएंगे।

**स्पेसिफिकेशन्स**
फोन में 6.1 इंच डिस्प्ले दिया जाएगा। इसका पिक्सल रेजोल्यूशन 1080*2400 पिक्सल होगा। फोन 120 हट्र्ज सपोर्ट के साथ आएगा। इसमें 2000 निट्स पीक ब्राइटनेस मिलेगा। इसका वजन 188 ग्राम है और इसकी थिकनेस 8.9है।

# पूरे साल रुलाएगा आलू, अभी और बढ़ेगी कीमत

**एजेंसी। नई दिल्ली**
आलू की बढ़ी कीमत से फिलहाल राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। जानकारों का कहना है कि जब तक नई फसल नहीं आ जाती, तब तक आलू की कीमत आम लोगों को परेशान करती रहेंगी। आलू व्यापारियों के मुताबिक आलू की कीमतों में 5-10% तक और बढ़ोतरी होगी, क्योंकि बेमौसम बारिश ने फसल प्रभावित हुई है। कोल्ड स्टोरेज मालिक इस तरह आलू को रिलीज कर रहे हैं ताकि नई फसल आने तक घरेलू खपत को पूरा किया जा सके। देश में सबसे ज्यादा आलू उत्तर प्रदेश में होता है। उत्तर प्रदेश सरकार ने आलू की जमाखोरी के खिलाफ अभियान छेड़ दिया है। इस बात की जांच की जा रही है कि कहीं आगरा के कोल्ड स्टोरेज कीमत बढ़ाने के लिए जमाखोरी तो नहीं कर रहे हैं। एक सूत्र ने कहा कि चुनाव खत्म होने के बाद, आलू की आवाजाही पर पूरे राज्य में निगरानी रखी जाएगी।



फेडरेशन ऑफ कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय समन्वयक अरविंद अग्रवाल ने कहा कि इस साल पूरे देश में आलू की कीमतें स्थिर बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि कोल्ड स्टोरेज में स्टॉक भी कम हो रहा है, क्योंकि लोग आलू का अधिक सेवन कर रहे हैं, जबकि अन्य सब्जियां गर्मी के कारण खराब हो गई हैं। ऐसी स्थिति में, जब मांग अधिक और आपूर्ति कम होगी, कीमतें बढ़ेंगी। आने वाले हफ्तों में कीमतें 5-10% तक और बढ़ सकती हैं।

## टमाटर की कीमत घटी



इस बीच टमाटर की कीमत में गिरावट आई है। मंडी में टमाटर की आवक बढ़ गई है। आजादपुर टमाटर एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कौशिक ने कहा कि गर्मी के कारण टमाटर की काफी फसल बर्बाद हो गई थी, जिससे कीमतें बढ़ गई थीं। किसानों ने फिर से फसल उगाई है और अब राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब जैसे राज्यों से आवक में सुधार हुआ है, जिससे कीमतों में 40 फीसदी की गिरावट आई है। मंडी में थोक स्तर पर कीमतें 5-15 रुपये प्रति किलोग्राम के आसपास चल रही हैं।

## एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स को 1500 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए सेबी की मंजूरी

**मुंबई/नई दिल्ली।** ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की बनाने वाली कंपनी एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स लिमिटेड (एबीडी) को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की मंजूरी मिल गई है। 1,500 करोड़ रुपये जुटाने की है। बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड की ओर से मंगलवार को जारी अपडेट के मुताबिक कंपनी ने जनवरी में सेबी के समक्ष आईपीओ दस्तावेज दाखिल किए थे। कंपनी के मुताबिक आईपीओ में एक हजार करोड़ रुपये के ताजा शेयर और प्रवर्तकों द्वारा 500 करोड़ रुपये के शेयर की बिक्री पेशकश शामिल हैं।

## 100 छोटे विमानों का ऑर्डर देने की तैयारी में इंडिगो

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो कम से कम 100 छोटे विमानों का ऑर्डर देने की तैयारी में है। कंपनी अपने क्षेत्रीय नेटवर्क को बढ़ाने की योजना बना रही है। इसके लिए उसे छोटे विमान चाहिए। सूत्रों के मुताबिक उसकी एटीआर, एम्ब्रेयर और एयरबस के साथ बातचीत कर रही है। इंडिगो पहले से ही 78 सीटर 45 एटीआर-72 विमानों को ऑपरेट करती है। इस साल कंपनी को पांच और विमान मिलेंगे। एटीआर फ्रांस और इटली की जॉइंट कंपनी है। सूत्रों का कहना है कि इंडिगो के एटीआर के विमान खरीदने की उम्मीद है। इसके साथ ही इंडिगो दुनिया में सबसे ज्यादा एटीआर विमानों को ऑपरेट करने वाली एयरलाइन बन जाएगी। अभी यह रेकॉर्ड इंडोनेशिया की पास है जो 74 एटीआर विमानों को ऑपरेट करती है। हालांकि एयरबस ए220 और एम्ब्रेयर के ई-175 विमान भी होड़ में हैं। इंडिगो ने पिछले साल एयरबस को 500 विमानों का ऑर्डर दिया था जो एविएशन के इतिहास में सबसे बड़ा ऑर्डर था।

## भारत में 55 फीसदी गाड़ियां बिना इंश्योरेंस के

# हादसे हुए तो पीड़ित को मुआवजा नहीं मिलेगा

**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारत में वाहनों में पॉल्यूशन सर्टिफिकेट और मोटर वीइकल इंश्योरेंस को लेकर तरह-तरह की बातें होती रहती हैं और देश की सर्वोच्च अदालत ने इस मामले में कुछ बेहद जरूरी बातें कही हैं, जिनके बारे में हर किसी को पता होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि प्रथम दृष्टया यह सुनिश्चित करने के लिए सही संतुलन बनाना होगा कि वाहन प्रदूषण नियंत्रण (पीयूसी) मानदंडों के अनुरूप रहें और साथ ही उनका थर्ड पार्टी बीमा भी हो। जस्टिस ए. एस. ओका और उज्ज्वल भुइयां की बेंज ने यह टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट के 10 अगस्त 2017 के आदेश में संशोधन का आग्रह करने वाले एक आवेदन पर सुनवाई करते हुए की। संबंधित आदेश में कहा गया था कि बीमा कंपनियां किसी वाहन का बीमा तब तक नहीं करेंगी, जब तक कि वाहन धारक के पास बीमा पॉलिसी के रीन्यूअल के दिन वैलिड पीयूसी सर्टिफिकेट न हो। जनरल इंश्योरेंस काउंसिल की ओर से पेश





सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि मोटर वीइकल ऐक्ट, 1988 की धारा 146 और 147 के तहत थर्ड पार्टी बीमा कराना अनिवार्य है। तुषार मेहता ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अगस्त 2017 में कहा था कि जब तक पीयूसी सर्टिफिकेट नहीं होगा, बीमा कंपनियां थर्ड पार्टी बीमा नहीं देंगी। उन्होंने कहा कि क्या हुआ है, पीयूसी के अभाव में, हमारे सर्वेक्षण के अनुसार 55 फीसदी वाहन बिना बीमा के हैं। मेहता ने कहा कि भारत सरकार द्वारा किए गए सर्वेक्षण के अनुसार, 55 फीसदी वाहन बिना बीमा के हैं और इसका अर्थ है कि अगर उनसे कोई दुर्घटना होती है तो पीड़ित को मुआवजा नहीं मिलेगा।
उन्होंने कहा कि पीयूसी मानदंडों का अनुपालन किया जाना चाहिए और जितना हो सके, सख्त मानदंड लागू किए जाने चाहिए। उदाहरण के लिए अगर वाहन का पीयूसी नहीं है, तो पेट्रोल न दिया जाए। प्रदूषण मामले में न्याय मित्र के रूप में सुप्रीम कोर्ट की सहायता कर रहीं सीनियर एडवोकेट अपराजिता सिंह ने कहा कि इस मुद्दे को एक्सपर्ट बॉडी वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को भेजा जा सकता है। बेंच ने कहा कि दोनों के बीच संतुलन बनाना होगा। एक तो प्रदूषण नियंत्रण होना चाहिए और दूसरा, अगर इतने सारे वाहन बिना थर्ड पार्टी बीमा के रहेंगे तो दुर्घटना की स्थिति में गंभीर समस्या होगी।
मेहता ने कहा कि हो सकता है कि किसी दुर्घटना की स्थिति में कोर्ट के आदेश के बावजूद वाहन मालिक के पास भुगतान करने के लिए पैसे न हों, जबकि बीमा के मामले में कंपनी इसके लिए बाध्य होती है। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा कि मेहता ने बताया है कि अदालत के अगस्त 2017 के निर्देश के मद्देनजर, बड़ी संख्या में वाहन 'थर्ड पार्टी' बीमा नहीं ले रहे हैं और दुर्घटनाओं की स्थिति में दावेदारों को मुआवजा मिलना मुश्किल हो रहा है।
सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने मेहता और न्याय मित्र को समाधान निकालने की इजाजत दे दी, ताकि अगस्त 2017 के आदेश में उचित संशोधन किया जा सके।

## स्कोच रिपोर्ट

# 2014-24 के बीच उत्पन्न हुए 51.40 करोड़ व्यक्ति-वर्ष रोजगार

- 2014 से औसतन हर साल 5.14 करोड़ व्यक्ति-वर्ष रोजगार पैदा हुआ है।
- प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने 2014 के बाद से प्रति वर्ष औसत के रूप में 2.52 करोड़ स्थिर और स्थायी रोजगार जोड़ा है (रोजगार मृत्यु दर का शुद्ध)
- सरकार ने 2014 से प्रति वर्ष औसतन 5.14 करोड़ व्यक्ति-वर्षों में से 1.98 करोड़ व्यक्ति-वर्ष के आंशिक रोजगार के लिए भुगतान किया है।
- 2014 से हर साल कुल रोजगार सृजन 25.2 करोड़ क्रेडिट-आधारित रोजगार और 19.8 करोड़ व्यक्ति-वर्ष आंशिक रोजगार है।
- प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत 85,000 रुपये का ऋण 1 स्वरोजगार उत्पन्न करता है
- 2014 के बाद से हर साल औसतन कम से कम 5.14 करोड़ व्यक्ति-वर्ष रोजगार पैदा हुआ है, एम्प्लॉयमेंट जेनरेटिव इम्पैक्ट ऑफ मोदीनोमिक्सः द पैराडाइम शिफ्ट्स पर स्कोच रिपोर्ट कहती है। आउटकम्स ऑफ मोदीनॉमिक्स 2014-24ः ए रिपोर्ट कार्ड बाय स्कोच ग्रुपइ की श्रृंखला की यह पांचवीं रिपोर्ट है।
- स्कोच समूह के अध्यक्ष श्री समीर कोचर ने कहा, हमने 2014-24 की अवधि के दौरान क्रेडिट के हस्तक्षेपों और सरकार के हस्तक्षेपों का अध्ययन किया है। जबकि क्रेडिट के नेतृत्व वाले हस्तक्षेपों ने प्रति वर्ष औसतन 3.16 करोड़ रोजगार जोड़े हैं, सरकार के नेतृत्व वाले हस्तक्षेपों ने 1.98 करोड़ रोजगार जोड़े हैं।
- 2014-24 के बीच की अवधि में, कुल 51.40 करोड़ रोजगार पैदा हुए हैं। इनमें से 19.79 करोड़ रोजगार शासन आधारित हस्तक्षेपों से उत्पन्न हुए हैं। शेष 31.61 करोड़ का योगदान ऋण-आधारित हस्तक्षेपों द्वारा किया गया है।
- पिछले नौ वर्षों के दौरान क्रेडिट गैप में 12.1% की गिरावट आई है। इसने क्रेडिट गैप में कमी, बहुआयामी गरीबी में कमी और एनएसडीपी में वृद्धि के बीच एक सकारात्मक संबंध भी दिखाया है।
- भारत का वित्तीय सुदृढ़ीकरण स्कोर 2013-14 में 19.71 से बढ़कर 2021-22 में 31.85 हो गया है।

## एक नजर

### महिला के साथ अभद्र व्यवहार, पति और बेटा को भी पीटा

**हुसैनाबाद ।** थाना क्षेत्र के लोटिनीय गांव में एक घर में घुसकर महिला के साथ अभद्र व्यवहार करने के साथ साथ पति और बेटा को मारपीट कर घायल करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित महिला ने हुसैनाबाद थाना में लिखित शिकायत की है। लिखित शिकायत में कहा है की बीते सोमवार की रात करीब आठ बजे गांव के ही नागेंद्र उपाध्याय मेरे घर में घुसकर मेरे साथ अभद्र व्यवहार करने लगे। जब मै जोर से चिल्लाई तो मेरे पति शंभू शर्मा आए तो इसी क्रम में नागेंद्र उपाध्याय का भाई रविंद्र उपाध्या, बजेंद्र उपाध्या मेरे पति और मुझे लाठी डंडे से पीटने लगे बीच बचाव करने पर मेरे बेटे को पिस्टल के बट से प्रहार कर घायल कर दिया। इसके पूर्व भी नागेन्द्र उपाध्याय मेरे भतीजे पर जानलेवा हमला किया था। इस संबंध में नागेंद्र उपाध्या ने भी थाना में लिखित शिकायत की है ।

### ठेमी अकवनियां टांड जंगल से एक महिला का नरमुंड व हड्डी बरामद

**सतबरवा।** थाना क्षेत्र के ठेमी अकवनियां टांड जंगल से मंगलवार को सतबरवा पुलिस ने एक महिला का नरमुंड व हड्डी बरामद किया है। जिसकी पहचान कुंती देवी उम्र 40 वर्ष पति स्वर्गीय बशंत भुईयां पोंची गांव के रूप में की गई। सतबरवा थाना प्रभारी अंचित कुमार ने बताया कि मृतका की बेटी उर्मिला देवी ने साडी, ब्लाउज, बाल पीन के माध्यम से पहचान कर बताया कि यह मेरी मां है। थाना प्रभारी ने बताया कि 26 अप्रैल को उर्मिला देवी ने अपनी मां के गुमसुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मृतका की बेटी ने ही ठेमी जंगल में शव होंने की सूचना दी ,इसी आधार पर पुलिस ने जंगल में जाकर शव को कब्जे में लिया। शव के रूप में एक कंकाल बरामद किया। मृतका की बेटी ने बताया कि मां का मानसिक स्थिति ठीक नहीं था।

### मतदान के बाद जीत-हार का लगने लगा कयास

# पलामू लोकसभा क्षेत्र में भाजपा व महागठबंधन के बीच है कांटे की टक्कर

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार (पलामू)।** झारखंड का एकमात्र अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित पलामू लोकसभा क्षेत्र का चुनाव शांति पूर्ण संपन्न होने के बाद प्रत्याशियों की जीत-हार की समीक्षा चौक-चौराहों से लेकर गलियों व चौपालों में होने लगी है। अपने-अपने दलों के समर्थक अपनी जीत का दावा कर रहे हैं।

पलामू के 22 लाख 43 हजार 34 वोट में लगभग 13 लाख 45 हजार पांच सौ मतदाताओं ने अपना मतदान किया है। सभी नोटा सहित 10 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में बंद हो चुकी है, जो 4 जून को खुलेगी। लेकिन पलामू संसदीय क्षेत्र में केवल दो प्रत्याशी चुनावी केंद्र बने है।

एक तरफ भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान सांसद बीडी राम तो वहीं दूसरी तरफ इंडी महागठबंधन के प्रत्याशी ममता भुईयां जो राजद के सीट पर चुनाव लड़ी हैं। चौक-चौराहे, चाय-पान की दुकानों, हाट बाजारों, गांव-गलियों व चौपालों पर एक-दूसरे के समर्थक अपने प्रत्याशी की जीत का दावा ठोक रहे हैं। वहीं जीत के लिए बाजियां भी लगाई जा रही हैं। मतदाताओं की चुप्पी ने प्रत्याशियों को बेचैनी बढ़ा दी है।

### जीत के दावों को ले, बढ़ रहीं तल्खियां

**विश्रामपुर (पलामू)।** पलामू लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होने के साथ हीं जीत व हार का मंथन का दौर शुरू हो गया है। इस बीच जीत के दावों को लेकर लोगों के आपस में तकरार बढ़ गई है। बातो-बातों में लोगों के सुर तेज होते जा रहे हैं। वहीं सामने वाला अपनी जिद पर अड़ा है। नतीजतन जीत के दावे को लेकर तल्खियां बढ़ी हैं। विदित हो कि इस लोकसभा चुनाव ने लोगों के बीच की दूरियां बढ़ा दी है। जिसे अब पाटने में कुछ समय लगेगा। नेता तो चुनावी जीत व हार के बाद अपने स्थान ले खिसक लेंगे। लेकिन, लोगों में जीत के दावों को लेकर बढ़ रहे विवाद शायद जल्द दूर नहीं होंगे। गांवों से लेकर शहरों तक की अमूमन यहीं स्थिति है। सभी जगहों से जीत किसकी होगी की बहस विवाद का रूप ले रही है। समर्थक अपने मोबाइल से वोटों का आंकड़ा संग्रह कर रहे हैं। वहीं राजनीतिक पंडित गुणनफल निकाल रहे हैं कि जीत का सेहरा किसके सिर बंधेगा।

### हो रहे जीत-हार के दावे

**विश्रामपुर (पलामू)।** चुनाव के बाद अपने पसंदीदा प्रत्याशियों के हार व जीत के दावों का दौर जारी है। चारों ओर मतगणना के पूर्व हीं अपने राजनीति गणित के आधार पर जीत-हार का फैसले करते हुए एक-दूसरों के साथ चचाओं में मशगूल हैं। सभी लोग अपने समर्थित उम्मीदवार की जीत बताने में पीछे नहीं हट रहे हैं। कोई मुस्लिम मतदाताओं के जोरदार मतदान तो कोई मतों के बिखराव सहित अगड़ी व पिछड़ी गोलबंदी होने की बात बताते हुए अपनी चुनावी गणित का इजहार कर रहे हैं।

# न्यायरथ पहुँचा चैनपुर लोगों ने रखी समस्याएं



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झालसा के दिशा निर्देश व पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में मंगलवार को चैनपुर बाजार में चलन्त लोक अदालत सह न्याय रथ पहुँचा। इसके तहत लोगों को कानूनी जानकारी के अलावे जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा उपलब्ध पंपलेट, कानूनी पुस्तक, आदि का वितरण किया गया। इस मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के असिस्टेंट नीतू सिंह ने कहा कि चलन्त लोक अदालत के माध्यम से गांव-गांव में जाकर लोगों को कानून के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही सरकार द्वारा कार्यान्वित योजनाओं की जानकारी दी जा रही हैं। ताकि लोग जागरूक होकर अपना हक अधिकार प्राप्त कर सके। उन्होंने लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति केस लड़ने से वंचित नहीं रहेगा। लीगल एड डिफेंस काउंसिल के माध्यम से लोगों को मुफ्त केस लड़ा जा रहा है। साथ ही डालसा के द्वारा कई स्कीम चलाए जा रहे हैं । उन्होंने कहा की जब तक लोग अपने अधिकारों के प्रति जागरूक नही होंगे तब तक वो शोषण के शिकार होते रहेंगे। उन्होंने कहा कि कानूनी जागरूकता से ब्यक्ति की दुर्बलता दूर होती है।

### संत मरियम स्कूल के बच्चों ने वर्ग 10 वीं और 12 वीं में लहराया परचम

# शिक्षकों और विद्यार्थियों के संयुक्त मेहनत का परिणाम है शानदार रिजल्ट : अविनाश देव




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सीबीएसई द्वारा आज वर्ग 10वीं और 12वीं का परिणाम घोषित किया गया। डाल्टनगंज स्थित संत मरियम स्कूल के विद्यार्थियों ने 10वीं और 12वीं में शानदार परिणाम हासिल किया। वर्ग 12वीं में कुल 93 बच्चों वही वर्ग दसवीं में कुल 374 बच्चों ने परीक्षा में भाग लिया था। स्कूल का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के सभी बच्चे शानदार अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए। 12 वीं वाणिज्य संकाय में अमित गुप्ता 91.2%, रुचि कुमारी 85.6% के साथ विद्यालय के टॉपर रहे।12 वीं विज्ञान संकाय (जीवविज्ञान) में अंजली सिंह 95%, आकांक्षा भारती 93.4%, प्रतीक्षा कुमारी 92.8%, अंसु कुमारी 86.8%, प्रिया कुमारी 85% और झलक राज 82% के साथ विद्यालय टॉपर रहे वही 12 वीं विज्ञान संकाय (गणित) में अंकित राज 93.4% ,सुजल कुमार गुप्ता 92.6%, अंगद सिंह 88%, रश्मि कुमारी 84.2%, आयुष रंजन त्रिपाठी 83.8%, अभिजीत सोनी 83.2%, किसलय कौशल 82.4% , दिव्यांश अमृत 80.6% के साथ विद्यालय के शीर्ष छात्र रहे।वर्ग 10 वीं में अंशु राज 96.8% प्रियतम कुमारी 94.8%, प्रशांत कुमार 94%, आर्यन राज 93.4%, शैलवी कुमारी 92.8%, पायल कुमारी गुप्ता 92.4%, अंकित कुमार 92.2%, आयुष कुमार 91.8%, रोहिणी कुमारी 90.8%, अभय प्रसाद 90.8%, खुशबू सोनी 90.6 %, युवराज सिंह 90.6%, आयुष अग्रवाल 90.2%, शुभम कुमार 90.2%, एवं पल्लवी कुमारी 90% अंको के साथ विद्यालय टॉपर रहे। विद्यालय के शानदार सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव और प्राचार्य कुमार आदर्श ने कहा कि शिक्षकों और विद्यार्थियों के संयुक्त मेहनत का परिणाम है शानदार रिजल्ट।सभी शिक्षक और विद्यार्थी इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई के पात्र हैं। अपने अथक परिश्रम और सकारात्मकता के साथ विद्यार्थियों ने जीवन की पहली परीक्षा रूपी पड़ाव को बेहतर रूप से पार कर लिया है । मैं सभी को विद्यालय प्रबंधन की ओर से बेहतर भविष्य की अग्रिम शुभकामनाएं देता हूं।

# डालटनगंज स्टेशन पर कोल वैगन में लगी आग, दमकल ने पाया काबू



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर कोयले से लदी ट्रेन के एक वैगन की आग को बुझाने की तीसरी घटना सामने आई। यह कोयले से लदी ट्रेन 58 वैगन की थी जो बालूमाथ कॉल साइडिंग से चोपन के लिए रवाना हुई थी। इस कोयले से लदी ट्रेन के इंजन से दो वैगन पीछे के एक वैगन में आग देखी गई। इस तत्काल फायर ब्रिगेड को बुलाया गया और करीब 45 से 50 मिनट कड़ी मस्कत के बाद इस आग पर काबू पा लिया गया। यह आग गर्मी और कोयले के आपसी घर्षण के कारण हुआ इस बात की पुष्टि डालटनगंज रेलवे स्टेशन के अधीक्षक श्री उमेश कुमार ने की है। उन्होंने बताया रेलवे प्रशासन फायर ब्रिगेड के सीधे संपर्क में है और इस तरह की घटना जो कड़ी गर्मी के दिनों में हो जाया करती है उस पर प्रभावशाली तरीके से काबू पाया जा रहा है। उन्होंने कहा की सभी ट्रेन के लोको पायलट और गार्ड को यह निर्देश दे दिया गया है कि वह कोयले से लदी मालगाड़ी के कोयले पर नजर रखें कि कहीं कोई स्वता आग तो नहीं लग गई है।

## लिलिपुट स्कूल का समर कैंप 18 से



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय नावाटोली स्थित लिलिपुट प्ले स्कूल में समर कैम्प आयोजित करने के संदर्भ में एक प्रेस वार्ता की गई । इस मौके पर स्कूल की प्राचार्या श्रीमती रेणु गोयल ने बताया कि लगातार 15 वर्षों से लिलिपुट स्कूल में समर कैम्प लगाया जा रहा है । यह कैम्प 18 मई दिन शनिवार से शुरू हो रहा है जो 28 मई को समाप्त होगा । इस कैम्प में 3 वर्ष से ऊपर के बच्चे भाग ले सकते हैं जिन्हें दो ग्रुप में बांटा गया है । प्राचार्या रेणु गोयल ने कहा कि बड़े शहरों की तरह अपने शहर के बच्चे भी इस भीषण गर्मी में भी आंनद ले सकेंगे । कैम्प में कुछ सीखने के साथ साथ बच्चे मस्ती करने आते हैं जिसका भरपूर ध्यान रखा जाता है । इस वर्ष भी बहुत सारी एक्टिविटीज रखी गई हैं जिसमें डांस ,सेल्फ रिलायंस कोर्स, स्केटिंग, श्लोक रेसीटेशन, फाइल मेकिंग, वाटर फन, आर्ट एंड क्राफ्ट, पपेट मेकिंग एंड शो, कुकिंग विदाउट फ्लेम, पूल पार्टी, फिल्म, स्क्वेंजर हंट, क्विज प्रतियोगिता इत्यादि ये सब शामिल हैं। इस कैम्प का मुख्य आकर्षण शहर के जाने माने कलाकार सैकत चटर्जी द्वारा स्टैंड अप कॉमेडी रहेगा । इस कैम्प में साथ ही फायर सेफ्टी ड्रील एंड ट्रैफिक रूल्स इनके ऑफिसर्स द्वारा सिखाया जाएगा । स्कूल के निदेशक राजीव गोयल ने बताया इस कैम्प में बच्चों को लाने और ले जाने के लिए वाहन की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी ।

## सुशील मोदी के निधन पर भाजपा नेताओं ने जताया शोक

**हुसैनाबाद।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता सुशील कुमार मोदी के निधन पर हुसैनाबाद के भाजपा नेताओं व कार्यकताओं ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया है। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में भाजपा के वरीय नेता विनोद कुमार सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, कर्नल संजय सिंह, अशोक कुमार सिंह, रामप्रवेश सिंह, प्रफुल्ल सिंह, कामेश्वर कुशवाहा, प्रेमतोष सिंह, संतोष सिंह, अखिलेश्वर मेहता, श्रवण अग्रवाल, नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता, रामराज मेहता, अविनाश कश्यप, अमित कश्यप, सुबोध कश्यप समेत कई अन्य भाजपा कार्यकर्ता का नाम शामिल है। भाजपा नेताओं ने कहा कि जुझारू, समर्पित व कर्मठ राजनीतिज्ञ सुशील मोदी का निधन पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को चिरशांति तथा परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।

## निगम के सभी पार्कों की सुरक्षा और सुविधा की जांच हो : अभिषेक सिंह

### झूले से गिर कर एक बच्चा चोटिल हो गया बच्चे के सिर और हाथ में आई है चोट

**मेदिनीनगर।** शहर बेलवाटिका स्थित गांधी मैदान पार्क में झूले से गिर कर एक बच्चा चोटिल हो गया, बच्चे के सर और हाथ में चोट आई है। जिसके बाद झामुमो नेता अभिषेक सिंह जी ने निगम के ठेकेदार और पूर्व मेयर पर हमला किया। अभिषेक सिंह जी ने कहा ₹गांधी मैदान में हुई घटना कोई असमान्य घटना नहीं है, पार्क में हमारे घर परिवार के छोटे बच्चे झूला झूलते हैं, ऐसे में असुरक्षित झूलों का होना बहुत ही भयावह है। अभी साल भर भी नहीं हुआ है पार्क का और गांधी मैदान पार्क हो या कहीं अन्य जगह बनाए गए पार्क, सभी जर्जर हो चुके हैं। मरीन ड्राइव की भी सीढियां, रेलिंग और बेंच भी बहुत निम्न स्तर के लगाए गए हैं जो टूटने लगे हैं, शहर में लगी सभी लाइटें भी फ्यूज हो चुकी हैं। ठेकेदार पर कार्रवाई की जानी चाहिए साथ ही कहीं ना कहीं ये भी प्रतीत हो रहा है की कमीशन ले कर ठेकदार को कार्य निर्गत किया है, इसकी भी जांच होनी चाहिए। कमीशनखोरी कर किया गया काम कभी अच्छा नहीं हो सकता है। ये लोग अब बच्चों की जान से खेलने लगे हैं। मेदनीनगर के आम आदमी और बच्चे इतने असुरक्षित रहें, ये मैं बर्दाश्त नहीं कर सकता हूं। नगर आयुक्त से मांग करता हूं की सभी पार्कों की सुरक्षा और सुविधा की जायजा ले कर अतिशीघ्र कार्रवाई करें वरना आंदोलन के लिए मुझे मजबूर होना पड़ेगा। पार्क में वसूली का खेल जारी है परंतु उस पैसे से पार्क का मेंटनेंस नहीं हो रहा है। सभी पैसों का हिसाब नगर आयुक्त को लेना चाहिए, निगम पार्कों का मेंटनेंस और सुरक्षा सुनिश्चित करे।

## बीमार महिला को मिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय का सहारा

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के कोशियारा गांव निवासी बीमार दुदुन देवी को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के प्रधान लिपिक संजीव रंजन ने एक बोतल खून देकर सहायता प्रदान की है। जानकारी के मुताबिक विकलांग नीरज प्रसाद की माता दुदुन देवी एक बहुत ही गंभीर बीमारी से ग्रसित है । उसे मंगलवार को तत्काल एक बोतल खून की आवश्यकता थी । क्या अभाव में उसकी हालत बिगड़ रही थी और उसका पुत्र पूरा नहीं कर पा रहा था। इस बाबत विकलांग नीरज प्रसाद ने पुलिस अधीक्षक से एक बोतल खून की सहायता हेतु अनुरोध किया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश एवं पुलिस मेंस एसोसिएशन के प्रयास से एक यूनिट ब्लड हेतु पुलिस अधीक्षक कार्यालय के प्रधान लिपिक संजीव रंजन ने आगे बढ़कर इस पुनीत कार्य में भाग लिया और अपने शरीर से एक बोतल खून सहयोग के रूप में प्रदान किया। जो सराहनीय है।

## मशहूर कव्वाल शाहरुख साबरी व सबा रंगीली के बीच 19 को होगा मुकाबला

### हुसैनाबाद दाता पीर बक्श शाह का सालाना उर्स 18 को



बैठक में कार्यक्रम की रूप रेखा हुई तय

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद स्थित दाता पीर बक्श शाह रहमतुल्लाह अलैह का सालाना उर्स को लेकर खगड़िया मुहल्ला स्थित इब्राहिम सेठ के आवास पर बैठक हुई। बैठक में उर्स के मौके पर होने वाले जलसा व कव्वाली कार्यक्रम को सफल बनाने पर चर्चा हुई। सर्वसम्मति से तैयारी समिति का गठन किया गया। संरक्षक मसरूर अहमद, हाजी अब्बास कादिरी, ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, जक्की हुसैन उर्फ शम्मू हुसैन, संयोजक इब्राहिम सेठ, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. एजाज आलम को चुना गया है। जबकि मीडिया प्रभारी मो.जफर, सह मीडिया प्रभारी संजय ओझा को चुना गया है। एक दर्जन लोगों को कार्यकारिणी समिति में रखा गया है। कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. एजाज आलम ने कहा कि उर्स को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। उर्स की शुरूआत 18 मई को चादर पोशी से की जाएगी। रात्रि में शानदार जलसा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दूसरे दिन 19 मई को रात्रि में शानदार कव्वाली मुकाबला होगा। इसके लिए देश के मशहूर टीवी कलाकार शाहरुख साबरी व सबा रंगीली के बीच मुकाबला होगा।

# चतरा लोस क्षेत्र में बड़ा चुनावी मुद्दा बनेगा पांकी का अमानत बराज

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** पांकी स्थित अमानत बराज निर्माण कार्य शिलान्यास के 23 वर्ष बाद भी पूरा नहीं हो सका है। यह इस बार भी चुनावी मुद्दा बनेगा। सूबे के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने जल संसाधन मंत्री रामचन्द्र केशरी व स्थानीय विधायक सह भू राजस्व मंत्री रहे स्व. मधु सिंह की उपस्थिति में 2001 ई. में बड़े ही जोश-खरोश के साथ पांकी अमानत बराज की आधारशिला रखी गई थी। लोगों के बीच बराज निर्माण को लेकर काफी अरमान जगे थे। जलस्तर बढ़ने के आसार से लोग उत्साहित थे। बाद के वर्षों में स्थानीय लोगों को निराशा ही हाथ लगी। बराज निर्माण में महज पुल व फाटक का निर्माण कर कार्य बंद कर दिया गया।

### मुआवजे की मांग को लेकर हो चुका है प्रदर्शन

अमानत बराज निर्माण कार्य स्थल के समीप स्थित बांध क्षेत्र के डूब वाले इलाके के लुकुआ, बोरोदीरी, बनखेता, चंदरपुर, लोथरवा, नुरू, भइयां, कुरहा, कहुईया, खांड़, खांड़ पर समेत दर्जनों गांवों में अब पानी के लाले पड़े हुए है। मालूम हो कि बाराज निर्माण में आ रही बाधा को दूर नहीं किया गया। बाराज निर्माण में ग्रामीणों की जमीन ली गई। बावजूद ग्रामीणों को मुआवजा नहीं दिया गया। इस कारण ग्रामीणों ने भूमि के मुआवजे की मांग को लेकर कार्य बंद करा दिया था। बावजूद इस कार्य पूरा कराने की दिशा में कोई सार्थक पहल नहीं हुई है। कुछ ग्रामीणों को मुआवजा राशि मिल चुकी है कुछ का बाकी है।



### बराज निर्माण से बढ़ जाता जलस्तर

अमानत बराज निर्माण के दौरान बना पुल ही बरसात के दिनों में इस पार से उस पार जाने वाले ग्रामीणों का कहना है कि अमानत बराज निर्माण कार्य पूरा हो जाता तो पांकी के दर्जनों गांवों को लाभ मिलता। कई हजार एकड़ भूमि सिंचित होती। यह सब सपना ही बनकर रह गया है। बराज निर्माण के शुरू में औरंगा नदी के पानी को भी नहर के माध्यम से लाने की योजना बनी थी। इसके लिए बराज स्थल के बांध के समीप नहर का कैनाल भी बनाया गया। इससे औरंगा नदी के जल को भी यहां स्टोर किया जा सकेगा। बावजूद यह कार्य पूरा नहीं हो सका। बांध निर्माण के अभाव में पूरा निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। पानी के अभाव में किसान खून के आंसू रोने को मजबूर हैं। बराज निर्माण स्थल में पुल के दो-दो सौ मीटर की दूरी में पत्थर से पीचिंग कर सतह की सीमेंट व कंक्रिट से ढलाई कर दी गई। इससे बारिश का पानी सतह में स्टोर नहीं हो पाता।

## पेज एक के शेष

**वाराणसी लोस सीट से मोदी...**

वालों में तीन पुजारी तमिलनाडु व एक-एक पुजारी आंध्र प्रदेश एवं महाराष्ट्र के रहे। गंगा पूजन के बाद प्रधानमंत्री स्वामी विवेकानंद क्रूज पर दशाश्वमेध घाट से गंगा विहार करते हुए आदिकेशव घाट तक गए, फिर नमो घाट उतरे। नमो घाट से प्रधानमंत्री सीधे काल भैरव के दर्शन-पूजन एवं आरती करने पहुंचे और यहां से कलेक्ट्रेट पहुंचे। मंदिर गेट पर मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री मोदी को अंगवस्त्र भेंट किया और आमजन ने पुष्पवर्षा की। पूरा मंदिर व आसपास का क्षेत्र हर-हर महादेव की गूंज से गुंजायमान हो उठा।

**मंत्री आलमगीर से ...**

आलम से ईडी के अधिकारी पूछताछ करते रहे। ईडी ने उनसे उनकी व उनके पारिवारिक सदस्यों की चल-अचल संपत्ति का ब्यौरा भी लिया। ईडी कार्यालय में टेंडर कमीशन घोटाले में पूर्व से गिरफ्तार मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव कुमार लाल व संजीव कुमार लाल के नौकर जहांगीर आलम भी रिमांड पर हैं। रिमांड पर सातवें दिन भी उनसे पूछताछ हुई है। दोनों से संबंधित ठिकानों से पिछले दिनों ईडी ने 38 करोड़ रुपये की बरामदगी की थी। इनमें दोनों के अलावा दो इंजीनियर व दो ठेकेदारों के ठिकाने शामिल थे।

**संजीव लाल की पत्नी से...**

के बाद से ही मंत्री आलमगीर आलम से पूछताछ की तैयारी चल रही थी। वीरेंद्र राम गत वर्ष 23 फरवरी 2023 को गिरफ्तार किए गए थे।

**चोरों की नींद भी उड़ा ...**

अड़वारा मैदान में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्ण देवी व गिरिडीह से राजग व आजसू प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी के समर्थन में महाविजय संकल्प सभा को संबोधित कर रहे थे। मोदी ने कांग्रेस पर नक्सलियों और आतंकवाद के प्रति नरम रूख रखने का आरोप लगाते हुए कहा कि इनके राज में नक्सलवाद पनपता है जबकि भाजपा की सरकार ने नक्सलियों को ठिकाने लगा दिया। आतंकवाद हो या नक्सलवाद मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में इन पर बहुत बड़ा प्रहार करने का संकल्प ले चुका है। मोदी झारखंड को फिर से नक्सलवाद का गढ़ नहीं बनने देगा। मैं नौजवानों की जिंदगी तबाह नहीं होने दूंगा। मांओं की कोख सूनी नहीं होगी। पूरा आदिवासी बेल्ट खून खराबे से मुक्त होगा। ये मोदी की गारंटी है। मोदी ने कहा मैं सीधे काशी से आपके बीच आ रहा हूं। मुझे आने में विलंब हुआ, आप सब मुझे क्षमा करें।

**मजबूत सरकार देश का हित देखती है :** प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी को चुनौतियों को टालना नहीं, बल्कि उससे टकराना आता है। जब फौलादी हौसला हो तो बड़ी से बड़ी चुनौती भी चरण चूमने लग जाती है। उन्होंने कहा कि जब देश में मजबूत सरकार होती है तो वो सबसे पहले देश का हित देखती है। देश के लोगों का हित देखती है लेकिन जब देश में कांग्रेस जैसी कमजोर सरकार होती है तो वो देश को भी कमजोर कर देती है। ऐसी कमजोर सरकार कभी भी देशवासियों का भला नहीं कर सकती। मैं देशवासियों से कहूंगा कि आपने जितना सुना है, झुमरी तिलैया उससे ज्यादा सुंदर है।

**घाटकोपर हादसा : 14 मौत...**

जानकारी के अनुसार सोमवार शाम करीब सवा चार बजे अचानक आए तूफान और बारिश के बीच कई लोगों ने इस पेट्रोल पंप पर शरण ली थी। उसी समय पंप के पास लगा होर्डिंग तेज हवा के कारण सीधे पेट्रोल पंप पर गिर गया। बताया गया कि इस होर्डिंग के नीचे करीब 80 गाड़ियां फंसी हुई थीं। इसके बाद बचाव कार्य तेजी से शुरू हुआ। यहां पेट्रोल पंप, सीएनजी पंप होने के कारण गैस कटर का इस्तेमाल नहीं किया जा सका। होर्डिंग हादसे की जानकारी मिलते ही मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस मौके पर पहुंचे और घटना की उच्चस्तरीय जांच का आदेश दिया। मुख्यमंत्री ने इस घटना में प्रत्येक मृतक आश्रितों को 5 लाख रुपये और घायलों का सरकारी खर्च पर इलाज की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने मुंबई के सभी होर्डिंग्स का स्ट्रक्चरल ऑडिट कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही अनाधिकृत होर्डिंग्स को तुरंत हटाने का आदेश दिया है।






## नामांकन से पहले पीएम ने दशाश्वमेधघाट पर किया गंगा पूजन और दुग्धाभिषेक



लोकसभा चुनाव के लिए वाराणसी सीट से नामांकन के पहले मंगलवार सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दशाश्वमेधघाट पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मां गंगा का पूजन किया। गंगा सप्तमी पर घाट पर बने खास जेटी पर वैदिक ब्राह्मणों की आचार्यत्व में पीएम ने पूरे श्रद्धाभाव से मां गंगा का दुग्धाभिषेक कर पूजन किया और जीत का आशीर्वाद मांगा। इस दौरान घाट पर मौजूद हजारों लोगों ने हर-हर महादेव का उद्घोष कर पीएम का अभिवादन किया।

## चुनाव के रंग



रूपनगर : भाजपा उम्मीदवार डॉ सुभाष शर्मा ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में आनंदपुर साहिब लोय सीट से नामांकन दाखिल किया।



मंडी से भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत ने मंगलवार को मंडी में पूर्व सीएम जयराम ठाकुर की उपस्थिति में अपना नामांकन दाखिल किया।

# नामांकन से पहले पीएम को खली मां की कमी

### पहला चुनाव, जब पीएम ने बिना मां का आशीर्वाद लिए नामांकन किया

### मां हीराबा ने 2001 में दिलाई थी शपथ, जीवन में रिश्वत कभी मत लेना

### आपके आशीष और आपके संस्कारों की छत्रछाया मेरे सिर पर हमेशा रही



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को तीसरी बार वाराणसी संसदीय सीट से अपना नामांकन दाखिल करने के बाद अपनी मां हीराबा को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। एक्स पर नरेंद्र मोदी डॉट इन हैंडल से एक वीडियो शेयर किया गया है, जिसमें पीएम मोदी और उनकी मां हीराबा से जुड़ी कुछ पुरानी यादों को दिखाया गया है। पीएम मोदी हर चुनाव में अपना नामांकन दाखिल करने से पहले मां हीराबा का आशीर्वाद लेते थे। लेकिन, 30 दिसंबर 2023 को हीराबा का देहांत हो गया। ऐसे में इस बार पीएम मोदी नामांकन भरने से पहले मां हीराबा की कमी महसूस कर रहे हैं। वीडियो में पीएम मोदी का मां हीराबा से करीबी रिश्ते के बारे में बताया गया है। इसमें पीएम मोदी के फेसबुक टाउनहॉल में दिए इंटरव्यू का हिस्सा भी नजर आ रहा है, जब वह अपनी मां की पुरानी बातों को याद कर भावुक हो जाते हैं। पीएम मोदी ने इस इंटरव्यू में बताया था कि उनके पिता का देहांत हो गया था। मां हीराबा 90 साल से ज्यादा उम्र की हैं और वह अपने सारे काम खुद करती हैं।

वीडियो में सुना जा सकता है, आप और मैं एक आशीर्वाद के एक डोर से बंधे हैं। जैसे विशाल अंतरिक्ष में यात्री को एक डोर अपने अंतरिक्ष यान से बांधकर रखती है। उसे खोने नहीं देती है, वैसी ही डोर मेरे लिए आपका आशीर्वाद है। आपके आशीष के समान ही आपके संस्कारों की विशाल छत्रछाया मेरे सिर पर हमेशा ही रही। कभी मेरी रक्षक, तो कभी मार्गदर्शक बनकर।

इस वीडियो में पीएम मोदी की मां हीराबा उनसे जुड़े पुराने किस्सों के बारे में भी बता रही हैं। मां हीराबा ने बताया था कि जब नरेंद्र मोदी पांच साल के थे, जब गिल्ली डंडा खेल रहे थे, मैं सामने बैठी थी। तो, मैंने उसे बुलाया, मैंने कहा तुम्हें अपने जीवन में देश सेवा करना है। वीडियो में आगे आवाज आती है, आपने ही मुझे देश सेवा करना सिखाया। हमारे पास धन नहीं था। लेकिन, आप मन से हर सुबह पीड़ितों की सेवा करती थीं। उन्हें खाना खिलाती थीं और उनका उपचार करती थीं। आपने ही मुझे गरीब माताओं और बहनों की सेवा करने की सीख दी। इसके अलावा वीडियो में दिखाया गया है कि जब उनकी मां हीराबा को पता चला कि नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री बन गए हैं तो वह भावुक हो गईं थीं। हीराबा नरेंद्र मोदी से बस इतना ही कह पाईं, "बेटा, तुम क्या काम करते हो, मुझे पता नहीं। लेकिन, जीवन में रिश्वत कभी मत लेना।" यह बात अक्टूबर 2001 की है, जब नरेंद्र मोदी पहली बार गुजरात के सीएम बने थे।

इसमें आगे बताया गया कि पीएम मोदी ने अपने 10 साल के कार्यकाल में करप्शन को रोकने के लिए, डिजिटाइजेशन को बढ़ावा देने और सरकार के खाते से निकला एक-एक रुपया गरीब के खाते तक पहुंचाने का शत-प्रतिशत प्रयास किया है। आखिर में सुना जा सकता है कि आज आप हमारे बीच नहीं रहीं, फिर भी आपके दिए संस्कार मेरे मन और मस्तिष्क पर आपके दो हाथों की तरह फैले हैं, जो मुझे शक्ति-शिक्षा देते हैं।

## कौन हैं पीएम मोदी के चार प्रस्तावक



**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को वाराणसी लोकसभा क्षेत्र से अपना नामांकन भरने से पहले यहां गंगा नदी के किनारे दशाश्वमेध घाट पर पूजा-अर्चना की। पीएम मोदी के नामांकन के लिए चार प्रस्तावकों में गनेश्वर शास्त्री द्रविड़, बैजनाथ पटेल, लालचंद कुशवाहा और संजय सोनकर शामिल हैं। पंडित गणेश्वर शास्त्री ने ही अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा का शुभ मुहूर्त निकाला था। वो ब्राह्मण समाज से हैं। बैजनाथ पटेल ओबीसी समाज से आते हैं और संघ के पुराने और समर्पित कार्यकर्ता रहे हैं। लालचंद कुशवाहा भी ओबीसी समुदाय से हैं, जबकि संजय सोनकर दलित समाज से हैं। चुनाव में प्रस्तावक की भूमिका अहम होती है। ये ही वे लोग होते हैं, जो किसी उम्मीदवार के नाम का प्रस्ताव रखते हैं। निर्वाचन आयोग के मुताबिक, प्रस्तावक वे स्थानीय लोग होते हैं, जो किसी उम्मीदवार को चुनाव लड़ने के लिए अपनी ओर से प्रस्तावित करते हैं। आमतौर पर नामांकन के लिए किसी महत्वपूर्ण दल के वीआईपी कैंडिडेट के लिए पांच और आम उम्मीदवार के लिए दस प्रस्तावकों की जरूरत होती है।

## पीएम के नामांकन में शामिल हुए राजग के प्रमुख नेता

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को वाराणसी से लगातार तीसरी बार अपना नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर उनके साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनके प्रस्तावक गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ मौजूद रहे। इसके अलावा नामांकन स्थल पर गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ एनडीए के तमाम बड़े नेता मौजूद रहे। इसके पहले काल भैरव की पूजा-अर्चना कर पीएम मोदी नामांकन स्थल पहुंचे। पीएम मोदी गंगा सप्तमी के अवसर पर दशाश्वमेध घाट पर मां गंगा की पूजा करने के बाद क्रूज पर सवार होकर नमो घाट पहुंचे। वहां से सड़क मार्ग से काल भैरव मंदिर के लिए रवाना हुए। पीएम मोदी ने गंगा सप्तमी के साथ ही पुष्य नक्षत्र में नामांकन पत्र दाखिल किया। पीएम मोदी के नामांकन को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। तेज धूप के बीच भी लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे। साथ ही नामांकन में शामिल होने के लिए कई बड़े नेता कलेक्ट्रेट पहुंचे थे। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रधानमंत्री मोदी के नामांकन पर कहा कि पीएम मोदी का भव्य रोड शो पूरे काशी, उत्तर प्रदेश व देश को उत्साहित करने वाला था। प्रधानमंत्री मोदी का मिशन जरूर सफल होगा, वह एक पृथ्वी और एक भविष्य की बात करते हैं। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने कहा कि एनडीए की वो एकजुटता है जिसका लाभ हमें पूरे देश में हो रहा है। आज प्रधानमंत्री मोदी के नामांकन में उनके तमाम सहयोगी जिस एकजुटता के साथ यहां एकत्रित हुए हैं, यही अभाव विपक्ष में देखने को मिलता है। आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और तेदेपा प्रमुख चंद्रबाबू नायडू ने प्रधानमंत्री मोदी के नामांकन को लेकर कहा, आज एक ऐतिहासिक दिन है, वाराणसी एक पवित्र स्थान है। नरेंद्र मोदी फिर से प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। पिछले 10 वर्षों से उन्होंने अद्भुत काम किया है।



## कांग्रेस की सुप्रिया भारद्वाज पार्टी की राष्ट्रीय मीडिया समन्वयक नियुक्त



**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने वरिष्ठ पत्रकार सुप्रिया भारद्वाज को तत्काल प्रभाव से पार्टी का राष्ट्रीय मीडिया समन्वयक नियुक्त किया है। कांग्रेस पार्टी ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। सुप्रिया भारद्वाज का नियुक्ति संबधित पत्र कांग्रेस मीडिया एवं प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा द्वारा जारी किया है। सुप्रिया के पास मीडिया इंडस्ट्री में 16 साल से ज्यादा का अनुभव है। उन्होंने टाइम्स ऑफ इंडिया, टीवी 9 भारतवर्ष और न्यूज एक्स के साथ भी काम किया है। सुप्रिया के पास बीबीए और मास्टर ऑफ मास कम्युनिकेशन की डिग्री है।

## जे एंड के : चुनाव संबंधी उल्लंघनों के संबंध में 11 प्राथमिकियां दर्ज

**एजेसी। श्रीनगर**

चुनाव अधिकारियों ने जम्मू-कश्मीर में चुनाव संबंधी उल्लंघनों के संबंध में 11 प्राथमिकियां दर्ज की हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी जम्मू-कश्मीर, पांडुरंग के पोल ने कहा कि उन्हें 16 मार्च से आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के उल्लंघन की 234 शिकायतें मिली हैं। जम्मू-कश्मीर के सीईओ पोल ने कहा कि हमने इन शिकायतों का संज्ञान लेने के बाद 11 एफआईआर दर्ज की हैं। हमने 80 शिकायतों में नोटिस भी जारी किया है और 29 शिकायतों में जांच शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि श्रीनगर जिले में सबसे ज्यादा एमसीसी उल्लंघन की सूचना मिली है। उन्होंने कहा कि श्रीनगर जिले में 46 एमसीसी शिकायतें मिली हैं जबकि जम्मू में 34 शिकायतें हैं। उन्होंने कहा कि कुल शिकायतों में से 15 को जिला शिकायत कक्षों को भेज दिया गया है। श्रीनगर में चुनाव अधिकारियों ने कहा कि आधिकारिक मेल के माध्यम से 36 एमसीसी उल्लंघन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 21 सरकारी कर्मचारियों, अन्य के खिलाफ और 15 उम्मीदवारों या पार्टियों के खिलाफ थे। उन्होंने कहा कि सरकारी कर्मचारियों के मामले में जांच चल रही है और चार सरकारी कर्मचारियों को राजनीतिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि एमसीसी उल्लंघन पर पार्टियों, उम्मीदवारों, कार्यकर्ताओं को नोटिस दिए गए हैं।

## सरकार बनते ही अग्निवीर योजना को कूड़ेदान में डाल देंगे : राहुल गांधी

**एजेंसी। झांसी**



उत्तर प्रदेश के झांसी में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा मुखिया अखिलेश यादव ने संयुक्त रूप से चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान राहुल गांधी ने भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकार बनते ही अग्निवीर योजना को कूड़ेदान में डाल देंगे। हम शहीदों के साथ भेदभाव नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि 'मुफ्त अनाज योजना' कांग्रेस की सरकार लेकर आई थी, हमारी सरकार बनने पर हम इसके तहत और अधिक अच्छी क्वालिटी का राशन देंगे। गरीबों, किसानों, कमजोर लोगों की सरकार बननी चाहिए। हमारी सरकार आई तो इनसे अच्छा और ज्यादा अनाज बांटेंगे। सरकार बनने के 30 दिन के अंदर किसानों को बीमा का पैसा दिलाएंगे। आंगनबाड़ी महिलाओं की आय दोगुनी हो जाएगी। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि चार चरणों का चुनाव हो चुका है। हर चरण में भाजपा नीचे जाती जा रही है। किसानों की आय का सारा पैसा भाजपा की जेब में जा रहा है। इस सरकार में सबकुछ महंगा हो गया है। हर बार जब परीक्षा हुई, पेपर लीक कर दिया गया है। वैक्सीन का सच तो आप जानते ही होंगे। आज भाजपा की सरकार में लूट हो रही है। इनका हर वादा झूठा निकला।

## ममता ने बीजेपी-कांग्रेस-सीपीआई-एम को कहा 'नौकरी खाने वाले'

**एजेसी। कोलकाता**



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा हाल ही में 25,753 शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्तियों को रद्द करना सीपीआई-एम, कांग्रेस और भाजपा द्वारा रची गई संयुक्त साजिश का नतीजा है। मुख्यमंत्री ने पार्टी उम्मीदवार विश्वजीत दास के समर्थन में बनगांव लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत कल्याणी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, जब भी हम नौकरियों की व्यवस्था की कोशिश करते हैं, वे अदालत का दरवाजा खटखटाते हैं और नियुक्ति प्रक्रिया को रोक देते हैं। हमने आदमखोर बाघों के बारे में सुना है, लेकिन ये लोग नौकरी खाने वाले हैं।" उन्होंने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाने के बाद कांग्रेस, सीपीआई-एम और बीजेपी के वकील निराश हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने कलकत्ता उच्च न्यायालय ने 2016 में पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (डब्ल्यूबीएसएससी) द्वारा शिक्षण और गैर-शिक्षण पदों पर की गई 25,753 नियुक्तियों को रद्द कर दिया था। मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और ईडी द्वारा की जा रही है। बाद में, सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा नियुक्तियों को रद्द करने के आदेश पर रोक लगा दी। मंगलवार को मुख्यमंत्री ने राज्य में एक चुनावी रैली में पश्चिम बंगाल के लिए हाल ही में पांच गारंटी की घोषणा को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला भी बोला। बनर्जी ने कहा, जब भी कोई गारंटी देता है, तो उसे उसका सम्मान करना चाहिए। दस साल पहले पीएम मोदी ने हर नागरिक के खाते में 15 लाख रुपये ट्रांसफर करने की गारंटी दी थी, लेकिन पैसा कभी नहीं आया। पांच साल पहले उन्होंने हर साल दो करोड़ नौकरियों का वादा किया था. लेकिन नौकरियों के सृजन की बजाय सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों का निजीकरण किया जा रहा है। इसलिए, ऐसी गारंटी का कोई मतलब नहीं है। मुख्यमंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव में हार के डर से भाजपा और केंद्र सरकार ईवीएम से छेड़छाड़ कर मतदान प्रक्रिया में हेरफेर की कोशिश कर रही है।

## 'डबल इंजन का एक इंजन फेल, दूसरा डिरेल'

**एजेंसी। महाराजगंज**



कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को एक चुनावी जनसभा में भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ये लोग डबल इंजन सरकार की बात करते हैं, जिसमें इनका एक इंजन फेल हो गया और दूसरा इंजन डिरेल हो गया। खरगे ने कहा कि हमारी सरकार ने नेहरू जी और इंदिरा जी के शासनकाल में विकास का काम किया। हम पीएम मोदी और सीएम योगी के खिलाफ नहीं, विचारधारा के लिए लड़ रहे हैं। मोदी जी की सरकार अमीरों के साथ है। हमारी सरकार मनरेगा लेकर आई। हम गरीबों के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि यहां के भाजपा प्रत्याशी ने आपके लिए कोई काम नहीं किया है। महाराजगंज की सीमा नेपाल से सटी होने के कारण यह क्षेत्र राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है, फिर भी जिला मुख्यालय रेल लाइन से नहीं जोड़ा गया। आज देश में दो विचारधाराओं की लड़ाई है। हमारी विचारधारा गरीबों, पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों के हित में काम करने की है। जबकि, भाजपा-आरएसएस की विचारधारा गरीबों, पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों को कुचलने की है। उन्होंने कहा कि महाराजगंज में बहुत सारी शुगर मिल थी, सब बंद हो गई। इतना होने पर भी यहां के मुख्यमंत्री, मंत्री सब चुप बैठे रहे। भाजपा लोकतंत्र और संविधान को खत्म करना चाहती है। लेकिन, हम ऐसा कभी नहीं होने देंगे। आज हमारे सामने संविधान और लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि यह चुनाव तय करेगा कि हमारा देश संविधान और लोकतंत्र से चलेगा या तानाशाही से चलेगा। हमें हर बूथ पर जीत हासिल करने का संकल्प लेना है, तभी हमारी विजय होगी। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने भाजपा पर युवाओं और बेरोजगारों को धोखा देने का आरोप लगाया।

## सुप्रीम कोर्ट ने पीएम के 6 साल तक चुनाव लड़ने से रोक की मांग वाली याचिका खारिज की

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को छह साल के लिए चुनाव से अयोग्य घोषित करने का निर्देश देने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने याचिका पर विचार करने से साफ इनकार कर दिया। याचिका में धर्म के नाम पर वोट मांगने के लिए पीएम मोदी को छह साल के लिए अयोग्य घोषित करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। जस्टिस विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा कि संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत सीधे शीर्ष अदालत में ऐसी याचिका दायर नहीं की जा सकती। इसके लिए पहले संबंधित अधिकारियों के पास जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि वह याचिका वापस लेने की इजाजत दे सकती है। इस पर, याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि शिकायत को ईसीआई के पास उठाने की स्वतंत्रता दी जाय। लेकिन अदालत ने वो छूट भी नहीं दी और इसे खारिज कर दिया। दिल्ली स्थित याचिकाकर्ता फातिमा ने कहा कि चूंकि ईसीआई प्रधानमंत्री के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है, इसलिए वह मजबूरी में शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटा रही हैं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट



Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com